रांची
शनिवार
10.12.2022
पौष कृष्ण पक्ष 02
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

वर्ष-23 अंक-304 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

**रश्मि प्रवाह**

यदि आप अपने जीवन में सफलताओं का आनंद लेना चाहते हैं तो अपने जीवन में कठिनाई को कभी आने से नहीं रोकें।

## न्यूज गैलरी

### अर्जुन मुंडा को मिली अहम जिम्मेदारी, बने पर्यवेक्षक

**रांची।** गुजरात में बीजेपी की प्रचंड जीत के बाद अब वहां सरकार बनाने

की कवायद तेज हो गयी है। अहमदाबाद से लेकर दिल्ली तक की राजनीति गुजरात में नयी सरकार के गठन को लेकर के रणनीति बनाने में जुटी है। इसी क्रम में भाजपा केंद्रीय नेतृत्व में गुजरात में मुख्यमंत्री चयन के लिए संसदीय बोर्ड का गठन कर दिया है। बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व ने भारतीय जनता पार्टी के संसदीय बोर्ड में विधायक दल का नेता चुनने के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक के तौर पर जिन्हें भेजा जा रहा है उनमें केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदुरप्पा और केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा को रखा गया है। गुजरात में मुख्यमंत्री के चयन को लेकर के झारखंड से अर्जुन मुंडा को संसदीय बोर्ड की टीम में शामिल किये जाने को लेकर इस बात के भी सियासी मायने निकाले जा रहे हैं। झारखंड में बीजेपी को मजबूत करने और बड़े आदिवासी चेहरे के तौर पर जिस तरीके से अर्जुन मुंडा उभर कर आये हैं, उसका फायदा बीजेपी लेना चाहती ताकि गुजरात को झारखंड में तैयारी के तौर पर भंजाया जा सके।

### हाईकोर्ट ने जतायी नाराजगी

**रांची।** 10 जून को रांची में हुई हिंसा की पुलिस और सीआईडी दोनों से जांच कराये जाने पर हाईकोर्ट ने नाराजगी जतायी है। अदालत ने राज्य के गृह सचिव और डीजीपी को 15 दिसम्बर को अदालत में हाजिर होकर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस जस्टिस डॉ. रवि रंजन और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार मामले की सही जांच नहीं चाहती है। इस मामले में दर्ज कुछ केस पुलिस और कुछ सीआईडी जांच रही है। ऐसा कर अनुसंधान को खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि सीआईडी और पुलिस की रिपोर्ट में अंतर आ जाये और फिर जांच समाप्त हो जाये।

### देवघर के तत्कालीन अंचल अधिकारी पर होगी कार्रवाई

**रांची।** राज्य सरकार ने देवघर के तत्कालीन अंचल अधिकारी अनिल कुमार सिंह के ऊपर लगे आरोपों के आधार पर विभागीय कार्रवाई का फैसला लिया है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने आदेश जारी किया है। उनके ऊपर राजस्व संबंधी अनियमितता करने और मुख्यालय से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के साथ उच्चाधिकारियों के आदेश की अवहेलना का आरोप है। पूरे मामले पर राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने नौ अप्रैल, 2021 को कार्मिक विभाग को कार्रवाई की अनुशंसा की थी। देवघर डीसी ने 25 मार्च, 2021 को प्रपत्र क गठित करके कार्रवाई को कहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जांच करायी गयी जिसमें प्रथम दृष्टया आरोप प्रमाणित पाया गया।

# लोगों की समस्याओं का समाधान आत्मीय भाव और संवेदनशीलता से करें : सीएम

## मुख्यमंत्री ने पलामू व गढ़वा जिले में संचालित विकास कार्यों और योजनाओं की समीक्षा की

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सरकार पूरी संवेदना के साथ ग्रामीणों के हित की योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए कार्य कर रही है। ये योजनाएं ग्रामीणों के बीच पहुंचे इसके लिये पदाधिकारी जिम्मेदार बनकर काम करें, उनके उम्मीदों पर खरा उतरें, ग्रामीणों को समृद्ध करें ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो सके। मुख्यमंत्री ने पदाधिकारियों से कहा कि ग्रामीण यदि आपके पास आये तो आप उनसे पूरे आत्मीय भाव और संवेदनशीलता के साथ मिलें एवं उनकी समस्याओं को निष्पादित करें। मुख्यमंत्री शुक्रवार को पलामू पुलिस लाइन स्टेडियम में गढ़वा एवं पलामू जिले में विकास कार्यों और योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये शुरुआत है अगले दो महीने बाद फिर से पलामू व गढ़वा जिले की प्रगति की समीक्षा की जायेगी। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी से उम्मीद की जाती है कि वें सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की भी उम्मीदों पर खरे उतरें। ऐसे में लोगों को विकास

### अभियान चलाकर 31 दिसम्बर तक योजनाओं से जोड़ें

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि कुछ प्रखंडों में सरकार की विभिन्न योजनाओं में अपेक्षित विकास नहीं हुए हैं। लोगों तक योजनाएं या तो उनको जागरूक करने अथवा किसी और वजह से नहीं पहुंच पायी है, पदाधिकारी उन सभी त्रुटियों को दूर करने का काम करें एवं 31 दिसम्बर 2022 तक सभी को कैम्प लगाकर अथवा ड्राइव चलाकर योजनाओं से आच्छादित करने का काम करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के अंतर्गत अधिकारी किसानों के निबंधन के लिए प्रखंड कार्यालयों में भी ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था करें ताकि अधिक से अधिक किसानों को इसका फायदा मिल सके।

### मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना से युवाओं को जोड़ने का निर्देश

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि कांट्रेक्ट पर कार्य कर रहे स्वयं सेवक, जल सहिया आदि को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना से जोड़ें जिससे उनका भी विकास हो। साथ ही मुख्यमंत्री ने सर्वजन पेंशन के क्षेत्र में दोनों जिले के बेहतर प्रदर्शन को सराहा और एकल महिलाओं एवं दिव्यांगजानो को भी इससे आच्छादित करने का काम करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मनरेगा समेत अन्य योजनाओं के तहत हर गांव में श्रम आधारित कम से कम पांच योजना हर हालत में चलनी चाहिए, ताकि ज्यादा से ज्यादा मानव दिवस सृजित हो सके। इससे गांव के लोगों को उनके आसपास ही काम मिलेगा और रोजगार के लिए लोगों का पलायन नहीं होगा।

**विभिन्न योजनाओं की हुई समीक्षा :** मुख्यमंत्री ने दोनों जिले में चल रही योजनाओं का फायदा पहुंचने पर मात्र सरकार की ही नहीं पदाधिकारियों को भी वाहवाही मिलेगी। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन, प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति, रेवेन्यू कोर्ट, ऑनलाइन म्यूटेशन एवं विधि व्यवस्था की गहन समीक्षा की। **पशुधन व्यवस्था को पुन: करें स्थापित :** मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण व्यवस्था की सबसे बड़ी कड़ी पशुधन ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने में उत्तराखंड के युवा आगे

## देश को आज मिलेंगे नये सैन्य अधिकारी

**- आरएनएम**

**नयी दिल्ली।** मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने के लिए किस राज्य से ज्यादा युवा आते हैं ? इसका आंकड़ा मिलेगा भारतीय सैन्य अकादमी से। देश के लिए सैन्य अफसरों को तैयार करने, तराशने वाली संस्था भारतीय सैन्य अकादमी में सबसे ज्यादा उत्तराखंड के (जनसंख्या के हिसाब से) युवा आते हैं। उसके बाद नंबर उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र, राजस्थान, बिहार आदि का आता है। इस तरह देखा जाये तो मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करना हिमालय की गोद में बसे उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश की युवाओं की पुरानी परंपरा रही है। शनिवार दस दिसम्बर को होनेवाली भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) की पासिंग आउट परेड में अंतिम पग भरकर उत्तर प्रदेश के 51, हरियाणा के 30 और उत्तराखंड के 29 कैडेट्स सेना में अफसर बन जायेंगे। जनसंख्या घनत्व के हिसाब से देखें तो देश को सबसे अधिक जांबाज देनेवाले राज्यों में उत्तराखंड से होते हैं।

मालूम हो कि आईएमए में हर वर्ष दो बार जून और दिसम्बर में आयोजित होनेवाली पासिंग आउट परेड में इसकी झलक दिखती है। बीते एक दशक के दौरान शायद ही ऐसी कोई परेड हो, जिसमें कदमताल करनेवाले युवाओं में उत्तराखंडियों की संख्या अधिक न रही ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# झारखंड हाईकोर्ट ने त्रिकूट रोपवे हादसे में मौत मामले पर सरकार से मांगा जवाब

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डॉ. रवि रंजन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में शुक्रवार को देवघर के त्रिकूट पहाड़ में एक्सीडेंट से तीन लोगों की मौत मामले की सुनवाई हुई। मामले में बीआईटी मेसरा व सिम्फर की ओर से कोर्ट को रिपोर्ट सौंपी गयी। राज्य सरकार की ओर से भी रिपोर्ट सौंपी गयी। कोर्ट ने कहा था कि राज्य सरकार एक कमेटी बनाकर रिपोर्ट दे। कोर्ट ने मामले में फिर से राज्य सरकार को शपथ-पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि त्रिकूट पहाड़

- त्रिकूट पहाड़ पर रोपवे दुर्घटना में तीन लोगों की हो गयी थी मौत
- कोर्ट ने राज्य सरकार को शपथ-पत्र दाखिल करने का दिया निर्देश

पर रोपवे में अप्रैल माह में एक दुर्घटना घटी थी, जिसमें तीन लोगों की जान चली गयी थी। इस पर कोर्ट में स्वत संज्ञान लिया था। समाचार पत्रों में यह बात आयी थी कि एक्सीडेंट से पहले सिम्फर और बीआईटी मेसरा की रिपोर्ट थी कि रोपवे में प्रॉब्लम नहीं था। रोपवे को ऑपरेटर ने चलाया था, जिससे दुर्घटना घटी। सिम्फर की ओर से अधिवक्ता अभय प्रकाश ने पैरवी की मामले की अगली सुनवाई मंगलवार को होगी।

## झारखंड राज्य खाद्य आयोग ने मनाया स्थापना दिवस

# कंज्यूमर फोरम की सक्रियता सुनिश्चित की जाये : विस अध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य खाद्य आयोग ने शुक्रवार को स्थापना दिवस मनाया। इस दौरान आयोजित समारोह में देवघर, बोकारो समेत कुछ अन्य जिलों को विभिन्न श्रेणियों में बेहतर कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। मौके पर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 से संबंधित एक कार्यशाला को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने खाद्यान उत्पादन में राज्य को आत्मनिर्भर बनने की जरूरत बतायी। उन्होंने भूख से होनेवाली मौतों के लिए तंत्र को पहले से सचेत और तैयारी

रखने का सुझाव दिया ताकि ऐसे हालात पैदा न हो। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि योजना तबतक सफल नहीं हो सकता जबतक अधिकारी उसे अपनी योजना न मानें। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य खाद्य आयोग के ऊपर खाद्य सामग्री को लाभुक तक पहुंचाने का दायित्व है वह अहम होता है, इसका सिस्टम है और उस सिस्टम को चुस्त-दुरुस्त करने की आवश्यकता है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि खाद्य सुरक्षा अधिनियम और उनके अधिकारों के प्रति लोगों को जागरूक करना जरूरी है। राज्य में जितने भी कंज्यूमर फोरम हैं, उन्हें सक्रिय करने की जरूरत ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### इन अधिकारियों को किया गया सम्मानित

**कार्यक्रम** में ऑनलाइन शिकायत निष्पादन के लिए बोकारो के अपर समाहर्ता शादाब अनवर को, व्हाट्सएप पर प्राप्त शिकायत निष्पादन के लिए अपर समाहर्ता, देवघर चंद्रभूषण सिंह को एवं शिकायत सुनकर आदेश पारित करने के लिए पश्चिमी सिंहभूम के अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिन्हा को सम्मानित किया गया। इसके अलावा अपर समाहर्ता, गिरिडीह के विल्सन भेंगरा, अपर समाहर्ता, बोकारो के शादाब अनवर, अपर समाहर्ता, देवघर चंद्रभूषण सिंह और अपर समाहर्ता गुमला, सुधीर कुमार गुप्ता को समेकित रूप से खाद्य सुरक्षा अभियान हेतु सम्मानित किया गया।

# राज्य में अभी और बढ़ेगी ठंढ़, रांची में चल रही शीतलहर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य में ठंढ बढ़ते जा रही और तापमान तेजी से लुढ़क रहा है। अभी तापमान में और गिरावट आने का अनुमान है। बंगाल की खाड़ी के दक्षिणी भाग में बने निम्न दबाव का आंशिक असर झारखंड पर पड़ रहा है। रांची व आसपास के क्षेत्रों में पिछले न्यूनतम तापमान में 1.4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गयी है। मौसम विभाग के अनुसार आनेवाले दिनों में झारखंड के मौसम में बदलाव का अनुमान है। शुक्रवार की सुबह राज्य के कई इलाकों में कोहरा छाया रहा। वहीं, हवा चलने से ठंड में भी वृद्धि हुई है। 11 दिसम्बर से झारखंड में और पारा गिरने की संभावना है। झारखंड के कई जिलों में शीतलहर चल रही है। राजधानी रांची के कांके इलाके में भी न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। रांची का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री दर्ज किया गया था जिसमें भी गिरावट आ रही है। बुधवार को 10.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था कांके का न्यूनतम तापमान 4.2 डिग्री दर्ज किया गया।

### पलामू में सबसे ज्यादा ठंड

**झारखंड** में सबसे ज्यादा ठंड पलामू इलाके में है। यहां पर न्यूनतम तापमान सात डिग्री के करीब पहुंच गया है। राज्य के दक्षिणी और उत्तरी हिस्सों में न्यूनतम तापमान 10 से 12 डिग्री सेल्सियस के बीच रह रहा है। इसके अलावा संथाल परगना और कोल्हान के हिस्सों में न्यूनतम तापमान लगभग 13 से 14 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया है। जमशेदपुर में अधिक तापमान दर्ज किया गया है। यहां पारा अभी 26.4 डिग्री सेल्सियस पर है। डालटनगंज में तापमान फिलहाल 25.0 डिग्री दर्ज किया गया है।

# पुरुष हॉकी वर्ल्ड कप की ट्रॉफी रांची पहुंची, खेलप्रेमियों ने किया स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राउरकेला और भुवनेश्वर में 13 जनवरी 2023 से होनेवाले पुरुष हॉकी विश्व कप ट्रॉफी शुक्रवार को रांची पहुंची। गुरुवार को गुवाहाटी में हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह और सीईओ रजनीश कुमार ने हॉकी असम के पदाधिकारी से ट्रॉफी लिया। ट्रॉफी लेने के बाद हॉकी झारखंड के पदाधिकारी शुक्रवार की शाम साढ़े छह बजे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर ट्रॉफी के साथ पहुंचे, तो लोगों ने ढोल-नगाड़े के साथ ट्रॉफी का स्वागत किया। झारखंड हॉकी के महासचिव विजय शंकर सिंह ने बताया कि इस ट्रॉफी को लेकर फिलहाल मुख्यमंत्री के पास जायेंगे और फिर उसके बाद 11 दिसम्बर को इसकी प्रदर्शनी भी की जायेगी। बता दें कि हॉकी मैच में ट्रॉफी को प्रदर्शन करने का रिवाज पुराना है। इसी को देखते हुए राजधानी में पुरुष हॉकी विश्व कप की ट्रॉफी का प्रदर्शन किया जायेगा। इसको लेकर हॉकी से जुड़े खिलाड़ियों, पदाधिकारियों और खेल प्रेमियों के चेहरे पर खुशी देखने को मिल रही है।

# राज्यसभा में भारी हंगामे के बीच 'समान नागरिक संहिता' विधेयक पेश

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** राज्यसभा में समान नागरिक संहिता के संबंध में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक सदस्य द्वारा लाये गये निजी विधेयक को विपक्ष के भारी विरोध के बीच शुक्रवार को पेश किया गया। उच्च सदन ने 23 के मुकाबले 63 मतों से निजी विधेयक को पेश करने की अनुमति दी। शुक्रवार को भोजनावकाश के बाद उच्च सदन में गैर सरकारी कामकाज शुरू होने पर सबसे पहले भाजपा के किरोड़ीमल मीणा ने भारत में एकसमान नागरिक संहिता विधेयक, 2020 पेश किया। एमडीएमके के वाइको सहित विभिन्न विपक्षी सदस्यों ने इस विधेयक को संविधान विरूद्ध करार देते हुए सभापति जगदीप धनखड़ से इसे सदन में पेश करने की अनुमति नहीं देने का अनुरोध किया। सभापति ने मीणा को इस विधेयक के बारे में बोलने का अवसर दिया। किंतु भाजपा सदस्य ने कहा कि जब इस विधेयक को सदन में चर्चा के लिए लिया जायेगा, तब वह अपनी बात रखेंगे। इसके बाद सभापति ने विपक्षी सदस्यों को एक-एक कर

### सदन के हर सदस्य को संविधान से जुड़े विषय पर विधेयक लाने का अधिकार

**विधेयक** में संपूर्ण भारत के लिए एक समान नागरिक संहिता तैयार करने और इसके क्रियान्वयन के लिए एक राष्ट्रीय निरीक्षण और जांच समिति गठित करने का प्रावधान है। सदन के नेता पीयूष गोयल ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर सहित संविधान निर्माताओं ने समान नागरिक संहिता के विषय को नीति निर्देशक सिद्धांतों में रखा था। उन्होंने कहा कि सदन के हर सदस्य को संविधान से जुड़े विषय पर विधेयक लाने का अधिकार है और उसके इस अधिकार पर प्रश्न नहीं खड़ा किया जा सकता।

अपनी बात रखने का मौका दिया। विपक्षी सदस्यों ने इस विधेयक को संविधान के विरूद्ध बताते हुए कहा कि इससे देश की विविधता की संस्कृति को नुकसान पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि इससे देश के सामाजिक ताने-बाने को क्षति पहुंचने की आशंका है। उन्होंने भाजपा सदस्य मीणा से यह विधेयक वापस लेने का अनुरोध किया। कुछ विपक्षी सदस्यों का कहना था कि इस प्रकार के कानून को देश की न्यायपालिका द्वारा खारिज कर दिया जायेगा।

### चार राज्यों की नयी जातियों को मिलेगा एसटी का दर्जा

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** तमिलनाडु, कर्नाटक, छत्तीसगढ़ एवं हिमाचल प्रदेश की कुछ जातियों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने के उद्देश्य से लोकसभा में शुक्रवार को संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश 1950 में संशोधन करनेवाले चार विधेयक पेश किये गये। जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने तमिलनाडु के बारे में संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (दूसरा संशोधन) विधेयक 2022, हिमाचल प्रदेश के बारे में संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (तीसरा संशोधन) विधेयक 2022, कर्नाटक के बारे में संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (चौथा संशोधन) विधेयक 2022 तथा छत्तीसगढ़ के बारे में संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (पांचवां संशोधन) विधेयक 2022 पेश किया।

## डीएसपी राजेंद्र दूबे ने कबूला

# न्यायिक हिरासत में रहने के दौरान पंकज मिश्रा से गैरकानूनी तरीके से मिले, फोन पर की बात

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में एक हजार करोड़ के अवैध खनन व परिवहन के अर्जित अवैध कमाई की मनी लाउंड्रिंग के मामले में पंकज मिश्रा की मुसीबत बढ़ सकती है। मुख्यमंत्री के बरहेट विधायक प्रतिनधि पंकज मिश्रा की गिरफ्तारी के बाद न्यायिक हिरासत में रहने के दौरान साहिबगंज के एसडीपीओ राजेंद्र दूबे लगातार उससे संपर्क में थे। ईडी के समक्ष राजेंद्र दूबे ने कबूला है कि वह रिम्स के पेईंग वार्ड में जाकर गैरकानूनी तरीके से पंकज मिश्रा से मिले थे। वहीं, लगातार उनसे फोन पर बात की थी। राजेंद्र दूबे ने बताया है कि पंकज मिश्रा व वरीय अधिकारियों के निर्देश पर ही ईडी के गवाहों को उन्होंने प्रभावित करने की कोशिश की थी। शुक्रवार को ईडी ने राजेंद्र दूबे से दिन के 11 बजे से शाम 6.30 बजे तक पूछताछ की।

### डीएसपी ने कहा- गलती हो गयी

**पूछताछ** के दौरान ईडी के अधिकारियों ने डीएसपी राजेंद्र दूबे से पूछा कि उन्होंने न्यायिक हिरासत में रहने के दौरान पंकज मिश्रा से गैरकानूनी तरीके से मुलाकात की। कई दफे फोन पर भी बात की, क्या उन्हें जेल नहीं भेजा जाना चाहिए। डीएसपी से अधिकारियों ने पूछा कि पुलिस अधिकारी रहते हुए इस तरह कानून तोड़ने को लेकर क्या धाराएं लगती हैं। जवाब में राजेंद्र दूबे ने कहा कि उससे गलती हो गयी। पूछताछ में राजेंद्र दूबे ने अधिकारियों को कहा कि उसके रिश्तेदार रिम्स में भर्ती थे, वह रिश्तेदार को देखने आये थे, तब पंकज मिश्रा से मिले थे। ईडी के अधिकारियों ने उस रिश्तेदार के बारे में जानकारी मांगी तो राजेंद्र दूबे चुप हो गये।

**सीसीटीवी फुटेज दिखाकर ईडी ने पूछा - बताओ क्यों गये थे मिलने**

ईडी सूत्रों के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## न्यूज गैलरी

### प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत खूंटी लोस क्षेत्र के 26 सड़कों के सुदृढ़ीकरण को मिली मंजूरी

खूंटी। प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत खूंटी लोस क्षेत्र के 26 सड़कों का सुदृढीकरण किया जायेगा। इस संबंध में स्थानीय सांसद सह भारत सरकार के जनजाती कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा के बयान पर भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय ने खूंटी लोस क्षेत्र के 26 सड़कों के सुदृढीकरण की मंजूरी दी है। इन सड़कों की लंबाई 262.33 किमी है। विगत छह दिसंबर को ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव को पत्र लिख कर सड़कों के सुदृढीकरण को सहमति दी थी। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के गांवों को सड़कों से जोड़ने के लिये प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना चलाया जाता है।

### संस्कृति और प्राकृति अध्ययन को बढ़ावा देगा मूर्ति ट्रस्ट

रांची। संस्कृत और प्राकृत में दुर्लभ पुस्तकों और पांडुलिपियों पर अनुसंधान को संरक्षित और बढ़ावा देने के लिए सुधा मूर्ति और नारायण मूर्ति के पारिवारिक फाउंडेशन, मूर्ति ट्रस्ट ने भंडारकर ओरिएंटल रिसर्च इंस्टीट्यूट (बोरी) को 75 मिलियन रुपये का अनुदान देने की घोषणा की। अनुदान में मूर्ति सेंटर ऑफ इंडिक स्टडीज, 18,000 वर्ग फुट की विरासत शैली, 200 सीटों की कक्षा क्षमता के साथ अकादमिक और अनुसंधान भवन, व्याख्यान आयोजित करने हेतु अत्याधुनिक सभागार और प्राचीन पुस्तकों एवं पांडुलिपियों को डिजिटाइज करने के लिए ऑडियो - विजुअल स्टूडियो शामिल है। सुधा मूर्ति ने कहा, बीओआरआई 105 साल पुरानी संस्था है और भारत की सांस्कृतिक विरासत का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। इसने अनेक बौद्धिक शोध पत्रों और पुस्तकें प्रोड्यूस की है। बीओआरआई के हर एक प्रोफेसर बहुत बड़े विद्वान हैं। मूर्ति ट्रस्ट ने एक नई और आधुनिक इमारत के साथ बीओआरआई का समर्थन करने का फैसला किया है जो भारत की सांस्कृतिक विरासत के लिए समर्पित होगा।

### बच्चों में हो रहे हिंसा और उनके दुर्व्यवपार को रोकने को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

बेड़ो। बेड़ो प्रखंड के करगे, खुखरा और दिघिया पंचायत के किशोर किशोरियों के साथ होप संस्था और टीडीएच के सहयोग से उनके मानसिक स्वास्थ्य एवं मानसिक तथा सामाजिक समर्थन / मदद के मुद्दे को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में हो रहे हिंसा और उनके दुर्व्यवपार को रोकना है। कार्यक्रम में मनोरमा एक्का, अरविन्द वर्मा उज्ज्वल कुशवाहा समेत तीन पंचायत के तकन सौ से अधिक बच्चों ने भाग लिया।

### बिजली चोरी के खिलाफ विद्युत विभाग ने की छापेमारी

रातू। झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड, बिजली चोरी के खिलाफ निगम के आदेश पर विभाग की ओर से गठित टीम ने मंगलवार को इलाके के सिमलिया हाजी चौक में बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया । सहायक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल लालजी महतो के नेतृत्व में की गई छापेमारी में लोग बिजली चोरी करते पकड़े गये। इन पर 61 हजार 435 रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। सभी आरोपी रातू बड़काटोली के रहने वाले है। । मामले को लेकर कनीय विद्युत अभियंता विवेक साहू ने रातू थाने में बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई। छापेमारी में विवेक त्रिवेदी, कार्तिक उराँव, सफरुद्दीन अंसारी व अन्य कर्मी शामिल थे।

### बच्चों में हो रहे हिंसा और उनके दुर्व्यहार को रोकने को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

बेड़ो। बेड़ो प्रखंड के करगे, खुखरा और दिघिया पंचायत के किशोर किशोरियों के साथ होप संस्था और टीडीएच के सहयोग से उनके मानसिक स्वास्थ्य एवं मानसिक तथा सामाजिक समर्थन / मदद के मुद्दे को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में हो रहे हिंसा और उनके दुर्व्यवहार को रोकना है। कार्यक्रम में मनोरमा एक्का, अरविन्द वर्मा उज्ज्वल कुशवाहा समेत तीन पंचायत के तकन सौ से अधिक बच्चों ने भाग लिया।

### आदिवासियों से ही बचेगी उनकी संस्कृति : शिवा

रांची। सरना प्रार्थना सभा, भिट्टा कांके रोड में सरना प्रार्थना सभा सह वर्षगांठ कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार का हुआ। इस दौरान पहान सोनू गाड़ी ने सरना विधि-विधान से पूजा कराकर कार्यक्रम की शुरूआत की। केंद्रीय सरना संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप ने कहा कि आदिवासियों के रहने से ही आदिवासी संस्कृति बचेगी।

## रांची जेल प्रशासन नहीं देना चाहता ईडी को जेल की फूटेज

# कोर्ट को जेल प्रशासन ने ईडी के द्वारा फूटेज मांगने की जानकारी दी, ईडी ने कोर्ट में सौंपा जवाब

**प्राइवेसी को लेकर कैदियों से पीटिशन लिखवाए जाने की सूचना**

**सूत्रों के मुताबिक, जेल प्रशासन ने जेल के विभिन्न वार्डों की फूटेज को प्राइवेसी में हनन की बात संबंधी पीटिशन डलवाने की योजना बनायी है। इसके लिए जेल के सजायापता कैदियों से आवेदन भी डलवाये जाने की सूचना है। जानकारी के मुताबिक, जेल में विचाराधीन कैदी से सप्ताह में एक दिन, जबकि सजायापता कैदियों से एक पखवाड़े में एक दिन से अधिक मुलाकात नहीं हो सकती। लेकिन हाल के दिनों में ईडी के केस में बंद आरोपियों को वीआईपी सुविधा देने की बात सामने आयी थी। ऐसे में ईडी ने इस मामले में पड़ताल के लिए फूटेज की मांग कर रही है। वहीं एजेंसी को जानकारी मिली है कि हाल के दिनों में जेल में ईडी के एक आरोपी का जन्मदिन भी मनाया गया था। हालांकि जेल प्रशासन से इसकी पुष्टि नहीं हो पायी है।**

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड में ईडी ने हाल के दिनों में मनरेगा घोटाले, 1000 करोड़ के अवैध खनन व कैश कांड में मनी लाउंड्रिंग के कई आरोपियों को जेल भेजा है। ईडी ने पांच दिसंबर को रांची के जेल अधीक्षक हामिद अख्तर को समन कर पूछताछ के लिए बुलाया था। इसके बाद रांची जेल अधीक्षक से ईडी ने विभिन्न वार्डों के सीसीटीवी फूटेज की मांग की थी। लेकिन ईडी को फूटेज देने की मंशा रांची जेल प्रशासन की नहीं है। रांची जेल प्रशासन ने फूटेज के संबंध में कोर्ट में याचिका दायर की है। जिसमें ईडी के द्वारा फूटेज की मांग की जानकारी दी थी।जिसके बाद कोर्ट ने ईडी से पूछा था कि एजेंसी को जेल की फूटेज की आवश्यकता क्यों है। जिसके जवाब में ईडी ने बताया है कि एजेंसी के कई आरोपी रांची के जेल में बंद हैं। इस मामले में अनुसंधान के लिए फूटेज को जरूरी होने की बात ईडी ने बतायी है।

## बंगाल पुलिस के अनुसंधानक व सोनू अग्रवाल से सीबीआई करेगी पूछताछ

रांची। अधिवक्ता राजीव कुमार की गिरफ्तारी के मामले में सीबीआई की टीम कोलकाता पुलिस के हेयर स्ट्रीट थाने के केस के अनुसंधानक व कारोबारी सोनू अग्रवाल से पूछताछ करेगी। सीबीआई ने इस मामले में अबतक राजीव कुमार और रांची जेल में बंद कारोबारी अमित अग्रवाल से पूछताछ पूरी कर ली है। राजीव कुमार ने पूछताछ में सीबीआई को बताया था कि सोनू अग्रवाल ने अमित अग्रवाल से बातचीत की मध्यस्थता करायी थी। वहीं कोलकाता के हेयर स्ट्रीट थाने में किन परिस्थितियों में केस दर्ज हुआ, सीबीआई यह जांचेगी। क्योंकि राजीव कुमार की गिरफ्तारी, अमित अग्रवाल को दफ्तर या आवास सारी चीजें अलग अलग इलाके में थी, लेकिन अंतिम समय में इस मामले में हेयर स्ट्रीट थाने में केस दर्ज हुआ। सीबीआई यह जांचेंगी कि किसी के प्रभाव में तो केस थाने में दर्ज नहीं हुआ।

## झारखंड में बड़ा शराब घोटाला, अबतक सरकार को 600 करोड़ का चूना लगाया: बाबूलाल

◆बाबूलाल मरांडी ने कहा कि उत्पाद विभाग ने सुमित फैसिलिटीज और प्राइम वन से नए मैन पावर मेसर्स जीडीएक्स फैसिलिटीज को जोन 3 एवं छह में शराब बेचने का काम दिया गया है।

नवीन मेल संवाददाता

रांची। भाजपा विधायक दल के नेता सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि राज्य में शराब कारोबार में बड़ा घोटाला हुआ है। अबतक इस घोटाले की वजह से राज्य सरकार को 600 करोड के राजस्व का नुकसान हुआ है। बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को कहा कि मुख्यमंत्री अंतिम जोहार यात्रा से समय निकालकर शराब घोटाले से बचने के लिए कार्रवाई करें, अन्यथा यह ठीकरा भी उन्हीं पर फूटेगा। विधायक दल नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने समीक्षा के दौरान राजस्व नुकसान के लिए विभाग के पदाधिकारियों को शराब कंपनियों से 30 करोड़ जुमार्ना वसूलने का आदेश दिया। लेकिन विभाग के अधिकारी दिखावे के तौर पर मैन पावर कंपनी की बैंक गारंटी जब्त करने का ड्रामा कर रहे हैं।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि उत्पाद विभाग ने सुमित फैसिलिटीज और प्राइम वन से नए मैन पावर मेसर्स जीडीएक्स फैसिलिटीज को जोन 3 एवं छह में शराब बेचने का काम दिया गया है। लेकिन मेसर्स जीडीएक्स फैसिलिटीज ने बैंक गारंटी जमा नहीं की है, जबकि यह अविलंब जमा करने का निमय है। बाबूलाल ने कहा है कि शराब दुकानों में ब्रांड्रेड शराब व बियर नहीं मिल रहा है। यह भी बड़ा घोटाला है। बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मांग की है कि शराब के कारोबार के मामले में छत्तीसगढ़ की कंसलटेंट कंपनी पर कार्रवाई करें, जिसने करोड़ों रुपये लेकर भी गलत सलाह दी। साथ ही इसके सूत्रधार पदाधिकारियों पर भी कार्रवाई करें। बाबूलाल मरांडी ने पत्र की प्रति मुख्यमंत्री के अलावा मुख्य सचिव, उत्पाद मंत्री को भी कार्रवाई के लिए भेजी है।

## घर से दूर रहने वालों का क्रिसमस पर आने का शुरू हुआ इंतजार

रांची। चर्च रोड चटर्जी कंपाउंड निवासी चटर्जी परिवार के लोग बेसब्री से क्रिसमस का इंतजार करते हैं। क्योंकि परिवार के अधिकतर लोग रांची से बाहर हैं और अन्य राज्यों में कार्यरत हैं। इसलिए इनके लिए इस वर्ष क्रिसमस का उत्सव ज्यादा मायने रखता है। परिवार में तीन भाई और तीन बहन है। इसमें बहन अनिला मसीह, पति राजन मसीह, दो बेटी एक बेटा, बड़ा भाई स्व. फ्रांसिस चटर्जी की धर्मपत्नी सुनीता चटर्जी व एक बेटा और एक बेटी, छोटा भाई माइकल चटर्जी और पत्नी डेजी चटर्जी सहित दो बेटी एक बेटा है। सैमसंग चटर्जी जो पेशे से कंस्ट्रक्शन उद्योग से जुड़े हैं। उनकी पत्नी शांति चटर्जी, बेटी समानता व सैन्योरिटा है। इसके बाद बहन जी टोप्पो और उनके पति डीएसपी कुलदीप टोप्पो का एक बेटा एक बेटी है। साथ ही एक बहन गुजरात में रहती है। वो है रिनिता दत्त और उनके पति राहुल दत्त व एक बेटा, एक बेटी है। परिवार के सदस्य 23 दिसंबर से रांची आना शुरू हो जाएंगे। सभी मिलकर क्रिसमस की आराधना में संत पॉल्स कैथेड्रल चर्च जाएंगे। इसके बाद सामूहिक भोज के साथ जन्म पर्व की खुशियां मनाएंगे। सैमसंग चटर्जी ने कहा कि हम लोगों की ओर से क्रिसमस संदेश यह है कि सभी मिलकर रहें और पारिवारिक एकजुटता मेल-मिलाप की ओर बढ़ें। प्रभु यीशु हम लोगों के लिए आए हैं। वे हमें उद्धार देने आए हैं। प्रभु के आगमन की तैयारी सांसारिक नहीं बल्कि आध्यात्मिक रूप से करें।

# 8वीं वर्ल्ड वुशु चैंपियनशिप : भारत के आर्यन और ध्रुव को गोल्ड, कुल आठ पदक पक्के

नवीन मेल संवाददाता

रांची। इंडोनेशिया जकार्ता के तंगेरंग इंडोर स्टेडियम में आयोजित वर्ल्ड चैंपियनशिप का शुक्रवार का दिन सोने कि तरह चमकदार रहा जहां भारत के ध्रुव और आर्यन ने कड़े मुकाबले में स्वर्ण पदक जीत लिया। राष्ट्र धुन के बीच पदक हासिल होने पर खिलाड़ी भावविभोर हो गए। इसका प्रसारण इंटरनेशनल वुशु फेडरेशन के चैनल पर लाइव किया गया जिसे भारत के राज्य इकाइयों और खिलाड़ियों ने देखा। भारत के आर्यन ने 42 किलोग्राम वर्ग में तीन राउंड के कड़े मुकाबले में इजिप्ट के ओमर मोहम्मद फती को हराया वही दूसरी ओर भारत के ध्रुव ने भी इजिप्ट के खिलाड़ी को कड़ी शिकस्त दी। इससे पहले हुए छठे वर्ल्ड वुशू चैंपियनशिप में भारत ने एक गोल्ड मेडल जीता था। आज हुए कुल सात स्पर्धाओं में भारत ने छ जीते और एक मे हारके साथ कांस्य पदक पक्का किया। आज हुए स्पर्धाओं में भारत के कैकु ने ट्यूनीशिया के अबलेजब्बार को हराया उनका फाइनल मुकाबला ईरान से होगा। भारत के तानिष नागर ने उज्बेकिस्तान के गौईजीबोएव को हराया इनका मुकाबला भी ईरान से होगा,भारत के हिमांशी ने रुमानिया के मारिया को हराकर फाइनल में जगह पक्की कर ली। आज के कुल मैचों की समाप्ति तक भारतीय खिलाड़ियों ने अपनी धमक से सबको हैरान कर दिया और दो स्वर्ण पदक पर कब्जा करने के साथ साथ चार फाइनल में जगह बना लिया और दो कांस्य पदक जीते।

# सरना धर्म को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी , आरोपी की गिरफ्तारी की मांग

नवीन मेल संवाददाता

रांची। सरना धर्म को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में सुभाष चंद्र महतो नाम के एक युवक पर सरना समिति के द्वारा रांची के कोतवाली थाने में प्राथमिकी दर्ज करने का आवेदन दिया गया है। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की के द्वारा कोतवाली थाने में दिए गए आवेदन में यह बताया गया है कि, झारखंड के सरायकेला खरसावां के रहने वाले सुभाष चंद्र महतो नाम का युवक ने सरना धर्म के खिलाफ गाली-गलौज करते हुए एक आपत्तिजनक टिप्पणी की है। साथ ही सरना धर्म का मजाक उड़ाते हुए एक वीडियो भी सोशल मीडिया में जारी किया है, सुभाष चंद्र के द्वारा बनाया गया वीडियो कई जगह वायरल हो चुका है. केंद्रीय सरना समिति के अनुसार सरना धर्म को लेकर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी , आदिवासियों के सरना धर्म के प्रति धार्मिक आस्था और विश्वास पर हमला है. इसे लेकर आदिवासी समाज में काफी नाराजगी है।

### जल्द हो गिरफ्तारी नहीं तो होगा आंदोलन

केंद्रीय सरना समिति के द्वारा पुलिस को यह चेतावनी भी दी गई है कि अगर जल्द से जल्द आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होती है तो इसके खिलाफ आदिवासी सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे. सरना समिति के द्वारा कोतवाली थाने में दिए गए आवेदन में वे तमाम साक्ष्य भी उपलब्ध करवाए गए हैं जिससे यह पता चलता है कि कैसे सुभाष चंद्र महतो के द्वारा सरना धर्म को लेकर विवादित टिप्पणी की गई है। वही आवेदन मिलने के बाद कोतवाली पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है, कोतवाली थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद ने बताया कि सरना समिति के द्वारा प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया गया है, जिस पर जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## भ्रमण में निकले छात्र-छात्राएं

मांडर। मांडर के कंदरी स्थित भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन के बी.एड. सत्र 2021-23 एवं डी.एल.एड. सत्र 2020-22 के छात्र/छात्रा शैक्षणिक भ्रमण के लिए अपराह्न 04:00 बजे गरीब रथ से रवाना हो गए। राँची रेलवे स्टेशन पर कॉलेज की शैक्षणिक सचिव श्रीमती दिपाली पराशर एवं प्राचार्य श्री उपेन्द्र उपाध्याय द्वारा शुभकामनाओं के साथ शैक्षणिक भ्रमण के ग्रूप की विदाई की गई। श्री राकेश कुमार राय, श्री मनोज कुमार गुप्ता, श्री विवेक राज जयसवाल, श्री कृपा शंकर सिन्हा, श्रीमती बिनिता चौधरी, श्रीमती रीभा कुमारी एवं श्रीमती सलमा खातून व्याख्यातागण मार्गदर्शक के रूप में गए हैं। शैक्षणिक भ्रमण में कुल्लू, नागेर, मनाली, मनीकरण एवं चंडीगढ़ तथा रास्ते में पड़ने वाले अन्य दर्शनीय स्थानों का भ्रमण करेंगें।

# हाले झारखंड पुलिस : एक महीने के भीतर दो आईपीएस गये केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर, आधा दर्जन हैं कतार में

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड के आईपीएस अधिकारियों में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति में जाने की होड़ लगी हुई है , एक महीने के भीतर झारखंड के दो तेज तर्रार आईपीएस अधिकारी अंशुमान कुमार और विनीत कुमार केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जा चुके हैं , जबकि आधा दर्जन के करीब आईपीएस अधिकारी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने के लिए तैयार बैठे हुए हैं।

**बिना जिला पोस्टिंग के केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर गए विनीत कुमार :** एक तरफ झारखंड पुलिस में पहले से ही आईपीएस अधिकारियों का टोटा है, लेकिन इन सबके बावजूद झारखंड के आईपीएस अधिकारियों में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने की होड़ मची हुई है। हाल तो यह है कि झारखंड के कई आईपीएस जो अभी किसी जिले में एसपी नही बने वह भी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जा रहे हैं तेजतर्रार आईपीएस अधिकारी विनीत कुमार बिना किसी जिला में एसपी बने ही केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए निर्मित हो चुके हैं वह आईबी में योगदान देंगे। वही कई आईपीएस अफसर तो ऐसे हैं जो दोबारा केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जा रहे हैं।

**कौन कौन है लाइन में :** आगे चल कर झारखंड के कई तेज तरार आईपीएस अधिकारी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर चले जाएंगे। एडीजी रैंक के आईपीएस अनिल पालटा ,रांची डीआईजी अनीश गुप्ता,शिवानी तिवारी ,अखिलेश झा ,अखिलेश वी वारियर सहित कई आईपीएस केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने की तैयारी कर चुके हैं। अनुमान है कि अगले दो महीनों के भीतर यह सभी आईपीएस केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर चले जाएंगे।वही पिछले तीन महीने पहले ही झारखंड एटीएस को धार देने वाले एटीएस एसपी प्रशांत आनंद (एनआईए ) और लोहरदगा एसपी रही प्रियंका मीणा (आईबी) केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जा चुके हैं।

**कौन कौन कहा जा रहा :** झारखंड झारखंड के तेजतर्रार सीनियर आईपीएस अनिल पालटा दुबारा केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाएंगे। अनिल ने सेंट्रल विजिलेंस कमीशन में बतौर सेंट्रल विजिलेंस अफसर जाने के लिए आवेदन दिया है। राज्य पुलिस मुख्यालय ने अनिल पालटा के आवेदन को सहमित के बाद गृह विभाग भेज दिया है। पूर्व में अनिल पालटा केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के दौरान सीबीआई में रह चुके हैं। सीबीआई में लंबे समय तक काम करने के बाद साल 2015 में वह झारखंड कैडर में वापस लौटे थे। वही झारखंड के कई जिलों में पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी निभा चुके वर्तमान में रांची डीआईजी अनीश गुप्ता के बारे में सूचना है कि वह सीबीआई में जाएंगे। सीबीआई में उनकी प्रतिनियुक्ति के लिए नॉमिनेशन हो चुका है। सरकार से हरी झंडी मिलते ही केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर चले जाएंगे।

**महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं झारखंड के आईपीएस :** वर्तमान समय में झारखंड कैडर के कई आईपीएस अफसर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर रहते हुए अहम पदों की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। ईमानदार छवि वाले आईपीएस अधिकारी एसएन प्रधान डीजी रैंक के अधिकारी हैं वे फिलहाल डीजी एनसीबी है। वहीं सीनियर आईपीएस अजय भटनागर सीबीआई में डिप्टी डायरेक्टर रैंक में काम कर रहे है।झारखंड की तेज तर्रार महिला आईपीएस संपत मीणा भी सीबीआई में ही जॉइंट डायरेक्टर हैं।वही झारखंड कैडर के ही आईपीएस अनूप टी मैथयू और पी मुरुगन भी सीबीआई में महतवपूर्ण पदों पर हैं। जबकि माइकल राज एस केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर रहते हुए रांची में पदस्थापित हैं।

**सीआरपीएफ में कौन कौन है आईपीएस**

साकेत कुमार सिंह छतीसगढ़ में नक्सल ऑपरेशन की कमान संभाल रहे, वह छतीसगढ़ सेक्टर के सीआरपीएफ आईजी हैं, वहीं एमएस भाटिया भी सीआरपीएफ में श्रीनगर सेक्टर में हैं।

**बाइट - अरुण उरांव ,पूर्व आईपीएस ,झारखण्ड पुलिस**


**कार्यपालक अभियन्ता,**
**लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला**

**शुद्धि-पत्र**

लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला के द्वारा आमंत्रित ई.–निविदा आमंत्रण सूचना सं.– WRD/MID/ GUMLA/F2-22/2022-23(पी. आर.सं.–282867 Minor Irrigation (22-23)#D) की शर्त्त Section-II की कंडिका A-4 (4.4A)(b) निम्न प्रकार पढ़ा जाए:–

| | |
|---|---|
| Earthwork | - 2413.75M$^3$ |
| Boulder Masonary | - 554.37 M$^3$ |
| Boulder Pitching | - 39.59 M$^3$ |
| P.C.C./R.C.C. | - 267.63 M$^3$ |

निविदा सूचना की शेष भाग एवं शर्त्ते पूर्ववत् रहेगा।

कार्यपालक अभियन्ता,
PR.NO.284657 Minor Irrigation(22-23):D लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला।

**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, (गव्य–विकास)**
**झारखण्ड, राँची**
**जिला गव्य विकास कार्यालय, राँची**

Mail id-ddoranchi@gmail.com

**–: आवश्यक सूचना :–**

(गव्य–विकास की योजना से संबंधित एक दिवसीय ओरियेन्टेशन कार्यक्रम)

राँची जिला के सभी प्रखण्डों के ग्राम–पंचायत मुखिया से अनुरोध किया जाता है कि सरकार के सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, (पशुपालन–प्रभाग), झारखण्ड, राँची के राज्यादेश संख्या–12 रा(वि०) दिनांक–22.06.2022 के आलोक में जिला गव्य विकास कार्यालय, राँची द्वारा 01 (एक) दिवसीय ओरियेन्टेशन कार्यक्रम (गव्य–विकास की योजना संबंधी) का आयोजन दिनांक–13.12.2022 दिन मंगलवार को 11:30 बजे पूर्वाहन् में शालीमार बाजार, धुर्वा के सामने प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, राँची में निर्धारित की गई है, जिसमें आप सभी की उपस्थिति अपेक्षित है।

अतः अनुरोध है कि उक्त कार्यक्रम में ससमय उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनायें।

PR 284622 Animal Husbandry(22-23)D — जिला गव्य विकास पदाधिकारी, राँची।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची**

**ई–प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा सूचना , (नवां कॉल)**

जिसका PR No. 255948 (Drinking Water and Sanitaion) 2021–22 है।
Tender Reference No. - DWSD/RW/SVS-05/2021-22 Date - 09-12-2022

| S. No | Name of the Work | Cluster Name | Sub Cluster/ Group No. | Block | Estimate Cost (in Lac) | Ernest money (in Lac) | BOQ cost (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Construction of Solar Based Mini Water Supply Schemes (SVS) in Different Block, comprising of suitable R.C.C. / Framed structure ESR, Distribution Lines, Source (as required) and FHTC all complete job in the Different Block of District Ranchi under Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West, Ranchi for the year of 2021-22 (on Turn Key Basis) | 1B | 1B(i) | Mandar | 870.54 | 8.71 | 10000.00 |
| 2 | | | 1B(ii) | | 815.65 | 8.16 | 10000.00 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | | | | 09 Months + 1 months (trial and run) | | |
| 4 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | | | | 10-12-2022 at 04:00 P.M | | |
| 5 | बीड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | | | | 17-12-2022 up to 04:00 P.M | | |
| 6 | निविदा की हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय/स्थान | | | | 19-12-2022 up to 04:00 P.M कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पष्चिम, राँची/अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची। | | |
| 7 | बीड खोलने की तिथि/समय | | | | 20-12-2022 up to 05:00 P.M | | |
| 8 | निविदा प्रकाषित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता। | | | | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पश्चिम, राँची। | | |
| 9 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | | | | 0651-2491247 | | |

- किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtendars.gov.in पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http://jharkhandtendars.gov.in पर देखा जा सकता है।
- निविदा में प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि मान्य होगा।

कार्यपालक अभियंता,
PR 284699 Drinking Water and Sanitation(22-23)#D पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची

## न्यूज गैलरी

### हाईकोर्ट ने सिलागाई में एकलव्य विद्यालय के निर्माण में आ रही लॉ एन्ड ऑर्डर की परेशानी को खत्म करने का आदेश दिया

रांची। हाईकोर्ट में रांची एसएसपी सशरीर उपस्थित हुए. अदालत ने उन्हें सिलागाई में एकलव्य विद्यालय के निर्माण में आ रही लॉ एन्ड ऑर्डर की परेशानी को खत्म करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने उनसे पूछा कि स्कूल निर्माण में जो लोग बाधा बन रहे हैं, उनके खिलाफ अब तक कार्रवाई क्यों नहीं की गई है। इसके साथ ही अदालत ने सरकार को यह निर्देश दिया है कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा जिस भूमि पर स्कूल बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया है, उसी स्थान पर स्कूल का निर्माण किया जाए। वहीं कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि किसकी मर्जी से स्कूल के भवन को शिफ्ट करने की योजना बनाई गई। इसपर भी अदालत ने सरकार से जवाब मांगा है। झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ. रविरंजन और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ में इस मामले की सुनवाई की । वीर बुधु भगत फाउंडेशन के महासचिव गोपाल भगत ने इस संबंध में हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता हेमंत गुप्ता ने पक्ष रखा। अब अदालत एक सप्ताह बाद इस जनहित याचिका पर सुनवाई करेगा।

### इटकी में ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार छात्रा घायल

इटकी। इटकी-ब्राम्बे सड़क पर पुराना थाना के पास ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार छात्रा घायल हो गई। घटना शुक्रवार शाम की है। बताया जाता है कि संत एग्नेश बालिका उच्च विद्यालय की आठवीं कक्षा की छात्रा निली खेस्स विद्यालय से छुट्टी होने के बाद अपने घर मोरो बोड़ेया गांव लौट रही थी। रास्ते में ट्रक ने साइकिल को अपनी चपेट में ले लिया। घायल छात्रा का देवकमल अस्पताल में इलाज चल रहा है, जहां उसकी स्थिति सामान्य है। इधर, सूचना मिलने पर थानाप्रभारी रजनी रंजन मौके पर पहुंचकर ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया।

### एचईसी कर्मियों का प्रदर्शन जारी

रांची । राजधानी रांची के धुर्वा स्थित एचईसी मुख्यालय के समक्ष एचईसी कर्मियों का लगातार 37 दिन से धरना प्रदर्शन का दौर जारी है । इसी कड़ी में शुक्रवार को एचईसी कर्मी जिलेबी वितरित कर आपस में प्रदर्शन किया। एचईसी कर्मी का कहना है जिलेबी का स्वरूप जिस तरह से घुमावदार और जटिल होता है उसी तरह केंद्र सरकार के उदासीन रवैया एवं हमारे सीएमडी और उच्च प्रबंधन के प्रबंधन से हम सब अधिकारियों की जिंदगी जटिल और घुमावदार हो गई है । हम सब ऐसे मोड़ पर आकर खड़े हो गए हैं जहां से आगे की उम्मीद दिखती नजर नहीं आ रही । एचईसी कर्मी आज धुर्वा गोल चक्कर से एचईसी मुख्यालय तक पैदल मार्च करेंगे।

### आबकारी दरोगा को 4 साल की सजा

रांची। घूस लेने के मामले में निगरानी की विशेष अदालत ने एक्साइज विभाग के आबकारी दरोगा विश्वनाथ राम को 4 साल की सुनाई सजा साथ ही 65000 का जुमार्ना भी लगाया है । इस मामले में 25 मार्च 2014 को कचहरी चौक स्थित चाय की दुकान से आरोपियो को घूस लेते 40 हजार के साथ निगरानी की टीम ने गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी से 1 दिन पूर्व शिकायतकर्ता प्रवीण कुमार ने घूस की मांग को लेकर निगरानी के एसपी से शिकायत की थी। जिसमें उन्होंने कहा था की पिस्का मोड में उनकी लाइसेंसी शराब दुकान है। 245 पेटी शराब की परमिट जारी करने के एवज में एक्साइज विभाग के एडिशनल कमिश्नर अरविंद कुजुर ने उनसे घूस की मांग की और आरोपियों से मिलने को कहा। जब शिकायतकर्ता आरोपियों से कचहरी चौक स्थित चाय की दुकान में मिला तो उनसे 90 हजार घूस देने की मांग की गई । इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से 14 गवाह प्रस्तुत किए गए थे। जिसके आधार पर अदालत ने सजा सुनाई।

### पंचायती राज विभाग ने संचालित योजनाओं की ऑनलाइन समीक्षा की

# योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाएं : राजेश्वरी बी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** पंचायती राज विभाग की निदेशक राजेश्वरी बी ने कहा कि विभाग की सभी योजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी लाएं। उन्होंने विभागीय ऑनलाइन समीक्षा के दौरान सभी जिला के उपविकास आयुक्तों,जिला पंचायत पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि पंचायत राज विभाग द्वारा संचालित योजनाओं को शत प्रतिशत पूरा करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम करें। बैठक में सर्वप्रथम पंचायत राज निदेशक द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर प्रारंभ की गयी नई योजना पंचायत ज्ञान केंद्र के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। विदित हो कि पंचायत ज्ञान केंद्र के तहत ग्राम पंचायत में एक ऐसे केंद्र की परिकल्पना की गयी है जहां पुस्तकालय के साथ-साथ ऑनलाइन शिक्षा केंद्र, सूचना केंद्र

एवं प्रशिक्षण केंद्र होगा। योजना के पहले वर्ष में राज्य के सभी जिलों में कुल 500 पंचायत ज्ञान केंद्र की स्थापना की जानी है। उस केंद्र में आवश्यक अधोसंरचना सुविधाओं के साथ पाठ्य पुस्तकें, मैगजीन एवं ऑनलाइन शिक्षण एवं प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध होगी। समीक्षात्मक बैठक के दौरान निदेशक, पंचायत राज जिला परिषद तथा पंचायत समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 अंतर्गत प्राप्त राशि के विरुद्ध किए गए खर्च की समीक्षा किया। समीक्षा के क्रम में मनरेगा आयुक्त -सह-पंचायती राज निदेशक को 15वीं वित्त आयोग की राशि से संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। पंचायती राज निदेशक ने जिलावार संचालित योजनाओं की जानकारी ली एवं अविलंब अपूर्ण योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया। पंचायती राज निदेशक ने नियमानुसार राशि खर्च करने का निर्देश दिया। 15 वें वित्त आयोग अंतर्गत जिला परिषद्, पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायत को आबद्ध एवं अनाबद्ध अनुदान अंतर्गत उपलब्ध करायी गई निधि की समीक्षा की एवं जिला परिषद् , पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायत को वित्तीय वर्ष 2022-23 की कार्य योजना के अनुरूप गतिविधियों के क्रियान्वयन में तेजी लेन का निदेश दिया गया। उक्त समीक्षात्मक बैठक में पंचायती राज विभाग द्वारा क्रियान्वित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज की भी समीक्षा की गयी। निदेशक द्वारा आरजीएसए के तहत उपलब्ध राशि से पंचायतों की मरम्मती, ग्राम पंचायतों में सीएससी के रिलोकेशन एवं आयोजित प्रशिक्षण को सुचारू संचालन हेतु मिशन मोड में कार्य करने के लिए कहा गया। साथ ही भारत नेट के माध्यम से सभी पंचायतों को क्रियाशील इंटरनेट सेवा से तत्काल जोड़ने एवं बिल्डिंग प्लान एप्रोवल मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धारित मापदंड के अनुरूप भवन निर्माण हेतु नक्शा अनुमोदन कर राजस्व में हुई वृद्धि का मूल्याकन एवं इसके सुचारू कार्य निष्पादन पर विस्तृत चर्चा की गयी।

**◆15 वें वित्त आयोग अंतर्गत जिला परिषद्, पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायत को आबद्ध एवं अनाबद्ध अनुदान अंतर्गत उपलब्ध करायी गई निधि की समीक्षा की एवं जिला परिषद् , पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायत को वित्तीय वर्ष 2022-23 की कार्य योजना के अनुरूप गतिविधियों के क्रियान्वयन में तेजी लेन का निदेश दिया गया।**

### सीयूजे में भारतीय भाषा दिवस पर गोष्ठी

**रांची।** केंद्रीय विश्वविद्यालय, झारखंड में शुक्रवार को भारतीय भाषा दिवस (भारतीय भाषा उत्सव) का आयोजन किया गया। इसमें भारतीय भाषाएं पारस्परिकता और एकता का संदर्भ विषय पर गोष्ठी आयोजित हुई। साथ ही, विद्यार्थियों ने विभिन्न भारतीय भाषाओं में कविता पाठ किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने हिंदी, तमिल, संथाली, कुडुख, हो, मलयालम, मगही, बंगाली, उड़िया, कन्नड, संस्कृत, तेलगू आदि के शब्द सीखे। कुलपति प्रो क्षिति भूषण दास ने इस तरह के कार्यक्रम को राष्ट्रीय एकता के लिए भारत सरकार का एक दूरदर्शी प्रयास बताया। मुख्य वक्ता डॉ राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा, बिहार के प्रथम कुलाधिपति प्रो प्रफुल्ल कुमार मिश्र ने भाषा के प्रति अपने पिछले 35 वर्षों के प्रयासों की चर्चा की। रांची विश्वविद्यालय जनसंचार विभाग के निदेशक डॉ प्रो बीपी सिन्हा ने भाषा की महत्ता को रेखांकित किया।

## जनता में भ्रम पैदा करनेवाली है सीएम की खतियानी जोहार यात्रा : लंबोदर महतो

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव व गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खतियानी जोहार यात्रा पर सवाल खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा किस बात के लिए है और इस यात्रा में किस बात का ढोल पीटा जा रहा है, यह उनके एवं राज्य की जनता के समझ से परे है। जिस मुख्यमंत्री ने 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति व ओबीसी आरक्षण को झारखंड में लागू नहीं किया तो यह यात्रा क्या मतलब है। यह यात्रा सिर्फ और सिर्फ राज्य की जनता को भरमाने और ठगने अलावा कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि बेहतर तो यह होता कि मुख्यमंत्री 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति और ओबीसी आरक्षण को लागू करने के बाद राज्य भर की धन्यवाद, आभार व खतियानी के नाम पर यात्रा करते तो राज्य की जनता भी उन्हें गले लगाती। लेकिन चल रही यात्रा सिर्फ और सिर्फ भटकाने, लटकाने व बरगलाने का है

और इस बात को राज्य की जनता को भी अच्छी तरह समझ रही है। उन्होंने कहा कि दरअसल मंत्री मुख्यमंत्री की नीति और नियत में खोट है और और सरकार की मंशा इसे लागू करने की नहीं है बल्कि इसके नाम पर अपना उल्लू सीधा करना है। हालांकि राज्य की जनता इनके झांसे में आने वाली नहीं है। समय आने पर इनको राज्य की जनता जबरदस्त तरीके से सबक सिखाएगी ।

## लिटिल विंग्स बी डिविजन क्रिकेट टूर्नामेंट, टाटीसिल्वे ने जूनियर मंथन को हराया

**रांची।** लक्ष्य की बहुमुखी प्रदर्शन के बावजूद जूनियर मंथन की टीम को आज हार का मुंह देखना पड़ा। गोल चक्कर मैदान में खेले जा रहे हैं लिटिल विंग्स बी डिविजन क्रिकेट लीग के एक मैच में टाटीसिल्वे की टीम ने जूनियर मंचन को 3 विकेट से हराया जूनियर मंथन की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 35 ओवर में 5 विकेट पर 234 रनों के स्कोर खड़ा किया जिसमें लक्ष्य ने 110 रनों की पारी खेली अक्षत ने 34 और संतोष ने 42 रनों का योगदान किया राहुल को दो विकेट मिले जवाबी पारी में टाटीसिलवे की टीम ने 32.1 ओवर में सात विकेट पर 238 रन बनाए जिसमें अरविंद ने 51 मनीष ने 29 राहुल ने 24 रनों का योगदान किया लक्ष्य और कृष्णा को दो-दो विकेट मिले।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित

## योजनाओं को सुचारु रुप से क्रियान्वयन करने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** शुक्रवार को उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में जिलास्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गयी क बैठक में उप विकास आयुक्त, रांची विशाल सागर, निदेशक, जिला ग्रामीण विकास अभिकारण रांची, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, रांची आदि के साथ सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक की कार्यवाही प्रारंभ करते हुए उपायुक्त द्वारा जनकल्याण के लिए स्वास्थ्य, रोजगार सृजन, वृद्धावस्था पेंशन, सुखाड़ राहत, पशुधन, छात्रवृति से संबंधित योजनाओं के सुचारु क्रियान्वयन करने तथा इनके विरुद्ध नई योजनाओं के चयन के लिए आवश्यक निर्देश दिए गये। बैठक में

मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) तथा पंचायती राज अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा की गयी क सभी ग्राम पंचायतों में मनरेगा अंतर्गत संचालित सभी प्रकार की योजनाओं जैसे वर्षाजल संचयन, पोटो खेल मैदान आदि प्रत्येक के कम से कम एक योजना को क्रियान्वित करने का निदेश दिया गया क मानव दिवस के सृजन पर विशेष ध्यान देते हुए लाभुकों को 100 दिनों के रोजगार की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त, विशाल सागर द्वारा पुरानी संचालित योजनाओं का कार्य संपादित कराते हुए बंद करने का निर्देश दिया गया। साथ ही 15 दिसंबर 2022 तक प्रत्येक पंचायत में पोटो खेल विकास योजना अंतर्गत 1 मैदान को चयन करने एवं 20 दिसंबर 2022 तक पशुधन से संबंधित योजनाओं को ऑन गोइंग कराने का निदेश दिया गया।

## 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड ट्राइबल डेवलोपमेन्ट सोसाइटी के आयोजन से एवं भारतीय लोक कल्याण संस्थान के क्रियान्वयन द्वारा 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम आसनबेरिया पंचायत भवन, जामताड़ा में किया जा रहा है। मधुमक्खी पालन एवं मधु प्रसंस्करण परियोजना के अंतर्गत लाभार्थियों का प्रशिक्षण जो कि भारतीय लोक कल्याण संस्थान के द्वारा आयोजित किया गया। दिनांक 09.12.2022 दिन बृहस्पतिवार को इस परियोजना के अंतर्गत फतेहपुर ब्लॉक के आसनबेरिया ग्राम (10) एवं अंधारो ग्राम (10) और आमशहरी ग्राम (10) कुल 30 लाभार्थी प्रशिक्षण में शामिल हुए। प्रशिक्षण के चौदहवें दिन प्रशिक्षण का कार्य मुख्य प्रशिक्षक आकाश कुमार व चन्द्रेस्वर ओझा ने किया। जिसमें देवकिशोर कुमार का विशेष सहयोग रहा। प्रशिक्षण के चौदहवें दिन प्रशिक्षकों ने मधुमक्खी पालन से संबंधित विभिन्न विषयों मुख्यतः असली व नकली मधु की पहचान, मधुमक्खी पालन में नुकसान दायक विभिन्न कीट पतींगो ,बर्रे, ततैया, भंवरा, मौनी कीड़ा, चिटियां इत्यादि से बचाव को विस्तार पूर्वक बताया गया एवं विभिन्न विषयों को व्यवहारिक व प्रयोगात्मक रूप में अध्ययन कराया गया तथा प्रोजेक्टर लैपटॉप के द्वारा विभिन्न फोटो व वीडियो के माध्यम से आसान व विस्तृत रूप से भी सभी लाभुकों को समझाया गया तथा मधुमक्खी पालन करने को प्रेरित किया गया साथ ही साथ मानसिक व बौद्धिक विकास को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण के साथ-साथ मनोरंजन के लिए प्रत्येक दिन की भांति आज प्रशिक्षण के चौदहवें दिन भी इनडोर गेम का आयोजन किया गया जिसमें आज के विजेता रहे जिन्हें उचित सम्मान राशि देकर पुरस्कृत किया गया।

### लोकसभा में खेल के प्रोत्साहन पर विशेष चर्चा में शामिल हुए सांसद, कहा

## खिलाड़ियों का डेटा बेस तैयार करे भारत सरकार

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** शुक्रवार को लोकसभा में भारत में खेलों को बढ़ावा देने, प्रोत्साहित करने और सरकार द्वारा खेलों के विकास के लिए किए जा रहे कार्यों पर विशेष चर्चा हुई। नियम 193 के तहत हुई इस विशेष चर्चा में रांची के सांसद संजय सेठ ने भी भाग लिया। सांसद ने लोकसभा में चर्चा के दौरान कहा कि झारखंड खिलाड़ियों की बड़ी पौधशाला रही है। यह सौभाग्य है इस देश का कि चाहे खिलाड़ी मैच जीतकर आया, या मैच हारकर आया, हर किसी से प्रधानमंत्री सीधा संवाद करते हैं। उनका हौसला बढ़ाते हैं। उनका उत्साह बढ़ाने का काम करते हैं। सांसद श्री सेठ ने कहा कि इसी का परिणाम रहा कि देश में जितने भी प्रतियोगिताएं हुई, अंतरराष्ट्रीय स्तर की जितने भी प्रतियोगिताएं हुई, उन सब में झारखंड के खिलाड़ियों ने

अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि कबड्डी, हॉकी, फुटबॉल, क्रिकेट सहित कई महत्वपूर्ण खेलों में झारखंड के बच्चों ने जो प्रदर्शन किया है, वह हम सबको गौरवान्वित करने वाला है। सांसद ने चर्चा के दौरान झारखंड के कई खिलाड़ियों का नाम लेते हुए कहा कि खिलाड़ियों ने हमें गौरव का एहसास कई बार कराने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हमारे बच्चों ने जो करके दिखाया, उसके बदले में उन्हें झारखंड सरकार सिर्फ आश्वासन देते रही है। परिणाम यह रहा कि राष्ट्रीय खेल जब गुजरात में हो रहे थे, तब हमारे खिलाड़ियों को ना तो ट्रैकसूट मिल सके, ना तो किट मिल सके और ना तो कोई बेहतर संसाधन उपलब्ध हो सका। इस चर्चा के दौरान सांसद ने केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर की तारीफ की और कहा कि ऐसे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी चाहे, जिस राज्य में भी रहते हैं। उन सब का डेटाबेस भारत सरकार को तैयार करना चाहिए और भारत सरकार खुद अपनी निगरानी में उन्हें हर सुविधाएं हर संसाधन मुहैया कराए। सांसद ने कहा कि काबिल/योग्य प्रशिक्षक के अभाव में राज्य सरकार और उच्छ के सहयोग से चल रही जेएसएसपीस झारखंड राज्य खेल प्रोत्साहन सोसायटी के प्रशिक्षुओं का भविष्य खतरे में है। कई प्रशिक्षु संस्था छोड़कर बाहर प्रशिक्षण ले रहे हैं। राज्य सरकार मूक दर्शक बनी हुई है। इस मामले में सरकार को हस्तक्षेप करने की आवश्यकता है। साथ ही मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के संसाधनों का सदुपयोग करते हुए विभिन्न खेल के राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन रांची में हो, इस दिशा में ठोस पहल हो।

- खेलगांव में खेल विश्वविद्यालय के साथ हो बेहतर प्रशिक्षण की व्यवस्था।
- सीसीएल के सहयोग से चल रहे जेएसएसपीएस के मामले में हस्तक्षेप का आग्रह

### बीएयू में इंडियन सोसाइटी ऑफ जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग रांची चैप्टर द्वारा व्याख्यान का आयोजन

## फसल सुधार में जीनोम का महत्वपूर्ण योगदान : डॉ. अरुनव पटनायक

**◆विजेताओं को पुरुस्कृत किया गया, डीएवी गांधीनगर की अवनी प्रिया को पेंटिंग में पहला पुरुस्कार मिला**

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के अनुवांशिकी एवं पौधा प्रजनन विभाग अधीन कार्यरत इंडियन सोसाइटी ऑफ जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग, रांची चैप्टर ने शुक्रवार को अतिथि व्याख्यान का आयोजन एवं पेंटिंग एवं निबंध प्रतियोगिता विजेताओं को पुरुस्कृत किया। मौके पर आईसीएआर - भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईएबी), रांची के निदेशक डॉ. अरुनव पटनायक ने फसल प्रजनन में जीनोम प्रयासों का प्रयोग विषय पर अतिथि व्याख्यान प्रस्तुत

किया। डॉ. पटनायक ने कृषि में जीनोमिक्स और प्रजनन नवाचार में सहभागिता और ब्रीडिंग इनोवेशन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारतीय कृषि की सफलता में विज्ञान और नीतिगत हस्तक्षेपों का विशेष महत्त्व है। जीनोमिक्स और फसल प्रजनन नवाचार का देश के कृषि विकास में उल्लेखनीय योगदान रहा है। जिसने देश में उपयुक्त फसल किस्मों को विकसित करने के लिए फसल सुधार कार्यक्रम की सटीकता और दक्षता को बढ़ाया है। उन्होंने फसल सुधार में जीनोम को एक महत्वपूर्ण स्त्रोत बताया। सोसाइटी के अध्यक्ष एवं बीएयू कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह ने कहा कि प्रो मेंडल ने 200 वर्ष पहले अनुवांशिकी विज्ञान को वैश्विक पहचान दी, जो आज काफी विकसित हो चुका है। आजादी के समय देश में खाद्यान का आयात किया जाता था। कृषि वैज्ञानिकों के फसल सुधार कार्यक्रमों से देश आज खाद्यान मामले में आत्मनिर्भर और दुसरे देशों को निर्यात करता है। कृषि वैज्ञानिकों के योगदान को खेतों में देखा जा सकता है। देश की आबादी बड़ी तेजी से बढ़ रही है। बढ़ती आबादी को खाद्यान की आपूर्ति सबसे बड़ी चुनौती साबित होने वाली है। इसके लिए कृषि वैज्ञानिकों को फसल सुधार एवं नये कृषि तकनीकी विकास के लिए सदैव तत्पर रहना होगा। मौके पर डीन एग्रीकल्चर डॉ. एसके पाल तथा सोसाइटी के पूर्व सचिव डॉ. जेडए हैदर ने सोसाइटी के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान सोसाइटी द्वारा प्रसिद्ध अनुवांशिकी प्रो मेंडल के 200 वीं वर्षगाठ पर आयोजित पेंटिंग एवं निबंध प्रतियोगिता के विजेताओ की घोषणा की गयी। मौके पर बीएयू कुलपति डॉ.ओंकार नाथ सिंह तथा आईसीएआर-आईआईएबी निदेशक डॉ अरुनव पटनायक ने विजेताओं को पुरुस्कृत कर सम्मानित किया।

## ऊर्जा विकास निगम से वार्ता के बाद खत्म हुई बिजलीकर्मियों की भूख हड़ताल

**रांची।** झारखंड पावर वर्कस यूनियन द्वारा निगम मुख्यालय में आहूत अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल को निगम प्रबंधन द्वारा साकारात्मक पहल करने के बाद स्थगित कर दिया गया। निगम ने संघ की प्रमुख मांग को आगामी मंगलवार को होनेवाली बोर्ड मीटिंग में पास कराने का आश्वासन दिया। साथ ही पुरानी पेंशन को निगम में लागू कर दिया गया। जिसकी अधिसूचना जल्द ही निकाल दी जायेगी। अन्य मांगों पर भी संघ के पक्ष को वार्ता में शामिल अधिकारियों ने न्यायसंगत माना और पहल करने का आश्वासन दिया। संघ को निगम प्रबंधन ने सोमवार तक अपनी मुख्य मांग को लिखित रूप से सारे तकनीकी बिन्दुओं के साथ जमा करने का आदेश दिया। जिसे मंगलवार को प्रस्तावित बोर्ड मीटिंग में ले जाकर पास कराने का भरोसा दिलाया।

## रिम्स के डॉक्टर रिसर्च एक्सीलेंस अवार्ड 2022 के लिए कर सकते हैं नॉमिनेशन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्य के सबसे बड़े हॉस्पिटल रिम्स में मरीजों के इलाज के अलावा रिसर्च भी किये जाते हैं। ऐसे ही डॉक्टरों के लिए रिसर्च एक्सीलेंस अवार्ड की शुरूआत की गयी है। रिम्स के डीन रिसर्च ने इसके लिए नॉमिनेशन करने की सूचना जारी की है। साथ ही डॉक्टरों से उनका रिसर्च पब्लिकेशन मांगा गया है। जिसकी जानकारी भेजने को कहा गया है। नॉमिनेशन करने की लास्ट डेट 31 दिसंबर को 11 बजे तक है।

अलग-अलग विभागों में डॉक्टर व प्रोफेसर रिसर्च करने के बाद हर साल रिसर्च पब्लिश भी कराते हैं। ऐसे में 2022 में उनके द्वारा बेस्ट पब्लिकेशन को अवार्ड के लिए नॉमिनेट करना है। रिम्स ने पिछले दिनों अंतराष्ट्रीय स्तर पर कई तरह के शोध किये हैं। इसको लेकर रिम्स ने अपने डॉक्टरों को रिसर्च एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया था। 2021 के रिसर्च अवार्ड के लिए तीन डॉक्टरों का सेलेक्शन किया गया था। फर्स्ट प्राइज के लिए क्रिटिकल केयर के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ जयप्रकाश, सेकेंड प्राइज के लिए नियोनेटोलॉजी के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ रामेश्वर प्रसाद और ओरल मेडिसीन और रेडियोलॉजी विभाग की प्रोफेसर डॉ अर्पिता राय को अवार्ड दिया गया था।

## न्यूज गैलरी

### कुटुंब न्यायालय के पांच दिवसीय मध्यस्थ अभियान में 05 मामलों का निष्पादन

**लोहरदगा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर पाल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के द्वारा आयोजित कुटुंब न्यायालय मध्यस्थता अभियान जो दिनांक 05/12/2022 से 09/12/2022 तक चलाया गया, जिसमें कुल 05 वादों का निष्पादन किया गया। सभी वाद फैमिली कोर्ट से संबंधित थे। विशेष अभियान में प्रशिक्षित मध्यस्थ के माध्यम से पक्षकारों के विवादों को आपसी सहमति के माध्यम से सुलझाने का प्रयत्न किया जाता है। मध्यस्थता के माध्यम से विवादों को सुलझाने को लेकर 2023 में विभिन्न विषयों पर विशेष मध्यस्थता शिविरों का आयोजन होना है जिसमें मार्च 2023 में मोटर वाहन दुर्घटना दावा से संबंधित विवाद का निराकरण। जून, 2023 में उपभोक्ता मामलों को लेकर विशेष मध्यस्थता अभियान। जुलाई, 2023 में फैमिली कोर्ट के वादों का मध्यस्थता के माध्यम से निराकरण एवं नवंबर, 2023 में रेवेन्यू मामलों को लेकर विशेष मध्यस्थता अभियान चलाया जाएगा। डालसा सचिव राजेश कुमार ने लोगों से बढ़-चढ़कर विवादों को मध्यस्थता के माध्यम से सुलझाने का आवाह्न किया।

### लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ महिलाओं ने निकाली रैली

**सिल्ली।** जेएसएलपीएस के सिल्ली क्लस्टर की ओर से शुक्रवार को सिल्ली में महिलाओं ने समाज में हो रही लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ एक जागरुकता रैली का आयोजन किया। सिल्ली सीएलएफ कार्यालय से रैली शुरू होकर सिल्ली के विभिन मुहल्लों से होती हुई वापस सिल्ली जेएसएलपीएस कार्यालय पहुंची। इस दौरान महिलाओं ने भ्रूण हत्या, लिंग जांच एवं अन्य लिंग आधारित हिंसा को रोकने के लिये लोगों को जागरूक किया। महिलाओं ने कहा कि भ्रूण हिंसा के कारण समाज मे घटते लिंगानुपात एक गंभीर चिंता का विषय है। लिंग आधारित हिंसा का हम सभी को हर हाल में रोकने की जरूरत है इसके लिये समाज को जागरूक रहने की जरूरत है। इस मौके पर नलिनी देवी, किरण देवी, उषा देवी, रितुदेवी, रिंकू देवी समेत विभिन्न गावं की ग्राम संगठन की अध्यक्ष, बैंक सखी, सेतु दीदी समेत महिला सामिति की दर्जनो महिलाये शामिल हुई।

### अवैध बालू लदा वाहन जब्त

**चान्हो।** थाना प्रभारी रंजय कुमार ने गुप्त सूचना के आधार पर बीती मध्य रात्री में करकट बस्ती के समीप एक अवैध बालू लदे टर्बो वाहन को पकड़ लिया। थाना प्रभारी ने खनन अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए गाड़ी को चामा पीकेट में लगा दिया है, और अग्रसर कार्रवाई किया जा रहा है।

### दुर्घटना में दंपति घायल

**मांडर।** मांडर एनएच 75 में पुनगी चौक के समीप हिना स्टील के सामने बाइक से बाइक की टक्कर में एक दम्पति घायल हो गए।घायल में फट्ठी टाँड़ मांडर निवासी 59 वर्षीय पति हसमुद्दीन अंसारी 55 वर्षीय पत्नी गुलशन आरा शामिल हैं। दोनों राँची से मांडर की ओर आ रहें थे अचानक पीछे से एक बाइक ने धक्का मार दिया और दोनों गिर कर घायल हो गए।जिन्हे स्थानीय लोगों द्वारा मांडर रेफरल हॉस्पिटल लाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए दोनों को रिम्स रेफर कर दिया है!

### उपायुक्त ने बिष्टुपुर, साकची, गोलमुरी और बारीडीह बाजारों का निरीक्षण किया

**जमशेदपुर ।** पूर्वी सिंहभूम जिले के उपायुक्त विजया जाधव ने शुक्रवार को बिष्टुपुर,साकची, गोलमुरी और बारीडीह बाजारों का निरीक्षण किया। इनके साथ जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के पदाधिकारी और टाटा स्टील के अधिकारी मौजूद थे। इन चारों बाजारों को विकसित करने की रूपरेखा तय की गई है। उपायुक्त विजया जाधव ने मीडिया को बताया कि बिष्टुपुर स्थित चुना शाह मजार को चारों तरफ से अतिक्रमण कर लिया गया है। जिसके कारण कभी भी आगजनी या कोई अन्य घटना होने पर तत्काल अग्निशमन गाड़ी या कोई और एंबुलेंस आदि गाड़ी अंदर नहीं आ पाएगी। जिससे बड़ी क्षति हो सकती है। उन्होंने दिशा निर्देश दिया कि जितने भी अतिक्रमित दुकानदार हैं ,उन को हटाया जाएगा और पीछे तरफ बाजार को विकसित किया जाएगा। जहां पर दुकानदारों को स्थान दिया जाएगा, जबकि अवैध दुकानदारों को हटाया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि मजार के बगल जो धूनी जलती है, वहां से गंदा पानी बह रहा है, जिसकी दुर्गंध काफी आती है। इस कारण गंदगी को दूर करने के लिए साफ सफाई और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

### बिरगोड़ा नदी के किनारे तीन गांवों का कुंडी जतरा सह हड़बोरी पर्व संपन्न

# आपसी एकता, सद्भावना व समरसता को बचाएं रखने का ग्रामीणों ने लिया संकल्प

**नवीन मेल संवाददपाता**

**बेड़ो।** बेड़ो व इटकी प्रखंड के तीन गांव केशा,जरिया व गढ़गांव का कुंडी जतरा सह हड़बोरी पर्व शुक्रवार की शाम बिरगोड़ा नदी के समीप परंपरागत धार्मिक, सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ संपन्न हो गया। इसे कोहा बेंजा के नाम से भी जाना जाता है। यह पर्व अगहन पूर्णिमा के दूसरे दिन मनाया जाता है। इस दौरान सरना समाज के लोगों ने अपने पूर्वजों और मृत आत्मा की शांति के लिए माटी वाले चुका का विसर्जन बिरगोड़ा नदी के कुंडी स्थल में किया। ग्रामीणों ने बताया कि सरना समाज के लोगों के बीच ऐसी मान्यता है कि मृतक आत्माओं की

शांति के लिए कुंडी स्थल गंगा के समान पवित्र है। सरना समाज में हड़बोरी के दौरान मृत लोगों की अंतिम विदाई कुंडी स्थल में करने की परंपरा रही है। शुक्रवार की शाम करीब पांच बजे तीनों गांवों के ग्रामीणों ने ढोल, ढाक, नगाड़ा व मांदर की थाप पर परंपरागत नाच गान के साथ मृत लोगों की आत्मा को बिरगोड़ा नदी के कुंडी स्थल पर अंतिम विदाई दिया। साथ ही ग्रामीणों ने अपने पूर्वजों व मृत व्यक्तियों के नाम उरद का दाल व भात नदी के किनारे भोग के रूप में निवेदित किया। वहीं ग्रामीणों ने अपने अपने गांव के झण्डे के साथ बिरगोड़ा नदी के किनारे एक बैठक किया। जिसमें ग्रामीणों ने सामाजिक, सांस्कृतिक व धार्मिक पहचान, आपसी एकता, सद्भावना, भाईचारा व समरसता को अक्षुण्ण बनाए रखने का संकल्प लिया। बैठक में तीनों के ग्रामीणों ने अपने पूर्वजों में केशा गांव के लेंगड़े,जरिया के भद्दू व गढ़गांव के गग्गा को याद किया। सरना समाज के लोगों के बीच यह भी आस्था और मान्यता है कि ये तीनों व्यक्ति उनके पूर्वज थे। ग्रामीणों ने कहा कि हम सभी इन्हीं के वंशज हैं। वहीं मौके पर तीनों गांव के ग्राम प्रधान, पहान, पुजार व महतो समेत सैकड़ों ग्रामीणों ने सराहनीय योगदान दिया।

## अभियान चलाकर बड़ी मात्रा में प्लास्टिक सामग्री किया गया जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा ।** जिला प्रशासन के निर्देश पर चतरा नगर परिषद की टीम ने नगर क्षेत्र में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ पूरी तरह से अभियान छेड़ दीया है। इस दौरान जहां व्यापारियों और उपभोक्ताओं को इसके लिए जागरूक किया गया, वहीं दुकानदारों द्वारा डंप किए गए सिंगल यूज प्लास्टिक के सामग्री की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कई दुकानदारों के पास से सिंगल यूज प्लास्टिक निर्मित कई सामान जब्त कर लिया गया। गौरतलब है कि उक्त मामले में जिला प्रशासन द्वारा कई बार उद्यमियों तथा दुकानदारों के साथ बैठक कर प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के उत्पादन व उपयोग न किए जाने के बारे में दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। इस क्रम में चतरा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अभय झा व उनकी टीम द्वारा नगर क्षेत्र में औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान कई दुकानों में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग होते हुए पाया गया। इस मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी अभय झा ने दुकानदारों को इसका कतई उपयोग न किए जाने की हिदायत दी और लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने की चेतावनी देते हुए बताया कि यह मानव जाति के साथ-साथ पर्यावरण के लिए खतरे का परिचायक है। इस दौरान लोगों को इस निमित्त जागरूक भी किया गया। उन्होंने बताया कि पिछले 1 जुलाई 2022 को सिंगल यूज प्लास्टिक सरकार द्वारा पूर्णता प्रतिबंधित कर दी गई है बावजूद लोग इसका गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने लोगों को चेतावनी देते हुए कहा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता और यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

## सांसद प्रतिनिधि ने किया हाथी प्रभावित क्षेत्र का दौरा, मृतक के परिजन से भी मिले

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुरडेग।** कुरडेग थाना क्षेत्र के सागजोर में बीती रात जंगली हाथियों द्वारा कमल प्रधान नामक युवक की बेरहमी से कुचल दिया गया, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही केंद्रीय मंत्री के जिला सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव घटनास्थल पर पहुंचे एवं जायजा लिया उन्होंने ग्रामीणों से मिलकर हाथी को छेड़छाड़ न करने एवं बचाव की जानकारी दी साथ ही वन विभाग कर्मियों पर नाराजगी जताते हुए कहा की ग्रामीणों द्वारा 2 दिन से सूचना दी जा रही थी। वन विभाग को कि इस क्षेत्र में हाथी का आवागमन है फिर भी विभाग सुस्त पड़ा रहा। अगर विभाग के कर्मी ग्रामीणों की सूचना पर तत्परता दिखाते तो आज एक युवक की जान नहीं जाती। सांसद प्रतिनिधि ने कहा की वन विभाग को ग्रामीणों की सूचना को गंभीरता से लेकर क्षेत्र में कार्य करनी

चाहिए ताकि हाथियों से जान-माल की नुकसान ना हो। सांसद प्रतिनिधि ने कहां की मृतक कमल प्रधान एकमात्र परिवार का कमाने वाला व्यक्ति था मैं प्रशासन से मिलकर आग्रह करूंगा कि उनके परिजनों को सरकारी नौकरी दी जाए जिससे उनका जीविकोपार्जन हो सके। मौके पर भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा भाजपा उपाध्यक्ष मनोज साय हेठमा मुखिया सुनीता देवी रविंद्र शर्मा भुनेश्वर बेसरा आदि मौजूद थे।

## पति के शरीर में आग लगाकर मारने का प्रयास करने वाली पत्नी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा ।** चतरा में घरेलू विवाद और प्रताड़ना से तंग सनकी पत्नी द्वारा अपने ही पति के मौत की खौफनाक साजिश रचने का सनसनीखेज वारदात सामने आई है। आए दिन नशे में धुत शराबी पति द्वारा घर मे मारपीट व गाली-गलौज समेत अन्य घरेलू हिंसा से परेशान पत्नी ने पति के शरीर में आग लगाकर उसकी हत्याकांड को अंजाम देने का प्रयास किया। हालांकि परिजनों व अन्य ग्रामीणों की तत्परता और सूझबूझ से शराबी पति की जान तो बच गई लेकिन अब वह अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जख्मों का दर्द सहने के साथ-साथ जूझ भी रहा है। घटना सदर थाना क्षेत्र से महज तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित जयपुर भुईयां टोला में घटी है। परिजनों के अनुसार घर के कमरे में पैर-हाथ बांधकर कपड़े से ढक पत्नी ने अपने पति पर किरोसिन उड़ेल आग लगा दी थी। इतना ही नहीं पति के शरीर में आग लगाने के बाद घर का दरवाजा बंद कर वह मौके से फरार भी हो गई। परिजनों और ग्रामीणों को घटना की जानकारी तब मिली जब आग की बदबू आसपास के घरों तक पहुंची। आनन-फानन में ग्रामीण और परिजन मौके पर एकत्रित हुए और घर का दरवाजा खोल आग में जल रहे विनोद भारती को बचा कर तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घटना मे विनोद गंभीर रूप से झुलस गया है। घटना देर रात की बताई जा रही है। पति बिनोद की स्थिति गंभीर बनी हुई है। उसका सीर, सीना और हांथ पूरी तरह झुलस गया है। इधर घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पत्नी रुंति देवी को हिरासत में ले लिया है। ग्रामीणों के अनुसार पूर्व में भी रुंति ने अपने पति को जहर देकर उसकी हत्या का प्रयास किया था, लेकिन किसी तरह हुआ बच गया। जिसके बाद गांव में पंचायत भी हुई थी। मौके पर पहुंची पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि मामले में तत्काल आरोपी महिला को हिरासत में लिया गया है। मामले की जांच पड़ताल के बाद अग्रतर कार्रवाई की जाएगी।

### सुब्रतो राय के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

**देवघर ।** सहारा इंडिया परिवार के खिलाफ शुक्रवार को जमा कताओं ने वीर कुंवर सिंह चौक पर जमकर प्रदर्शन किया और सुब्रतो राय के खिलाफ जमकर नारेबाजी की । जमा कताओं ने संयुक्त ऑल इंडिया जन आंदोलन संघर्ष न्याय मोर्चा के बैनर तले धरना और धरना प्रदर्शन किया जमा कताओं ने कहा कि उनकी पूंजी सहारा इंडिया परिवार में फंसी हुई है और कंपनी के द्वारा इन्हें धमकी भी दी जा रही है जमा करता और एजेंट जब अपने लाभुकों के लिए पैसा मांगने जाते हैं तो इन्हें भगा दिया जाता है और केस करने की धमकी दी जाती है । ऐसे में मोर्चा के बैनर तले धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम किया जा रहा है और सहारा इंडिया परिवार को चेतावनी दी जा रही है कि इनकी पूंजी वापस की जाए नहीं तो और उग्र प्रदर्शन किया जाएगा । जमा कताओं ने कहा कि इस जमा पूंजी की वापसी नहीं होने से किसी के परिवार में बेटी की शादी रुकी हुई है तो कई ऐसे लोग हैं जो इस पूंजी के अभाव में अपने प्राण भी त्याग चुके हैं जिसके संख्या 1000 से भी ज्यादा हो गई है ।

### वार्षिक खेलकूद समारोह सप्ताह संपन्न

## आर्यावर्त सदन ओवरऑल चैंपियन बना

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में वार्षिक खेलकूद समारोह सप्ताह संपन्न हुआ। 20 गोल्ड, 12 सिल्वर और 15 ब्रोंज मेडल जीतकर आर्यावर्त सदन ओवरऑल चैंपियन बना। 10 गोल्ड मेडल जीतकर व्यक्तिगत खाते में बेस्ट एथलीट बालिका का खिताब नीलिमा लकड़ा ने हासिल किया। जबकि बालक वर्ग में बेस्ट एथलीट का खिताब दो गोल्ड, 5 सिल्वर और 4 ब्रोंज मेडल के साथ शशि तिग्गा ने अपने नाम किया। समापन समारोह में गुमला विभाग के प्रमुख अखिलेश कुमार, विद्या भारती विद्यालयों के समिति अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद सदस्य कृष्णा प्रसाद, विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे

और महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर अतिथियों ने उपस्थित खिलाड़ी छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विद्या भारती में खेलकूद को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है और यहां पढ़ने वाले विद्यार्थी विद्यालय स्तर से लेकर एसजीएफआई तक सीधा खेलकूद में भाग लेते हैं। जीवन में खेलकूद का बड़ा महत्व है विद्यार्थी जीवन में यह सकारात्मकता एवं रचनात्मकता की ओर अग्रसर करने वाला तथा अनुशासन का पाठ पढ़ाने वाला मंच भी होता है। समापन समारोह का संचालन प्रीति कुमारी गुप्ता और अतिथियों का परिचय एवं स्वागत महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने किया जबकि खेल वृत्त यशोदा कुमारी ने प्रस्तुत किया। 1 सप्ताह चले खेलकूद समारोह में बालक बालिका मिलाकर एथलेटिक्स की कुल 48 स्पर्धाए संपन्न कराई गई। जिनमें 150 बालक बालिकाओं ने भाग लिया।

## बढ़ते ठंड को देखते हुए गरीबों व असहायों के बीच बांटे कंबल

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुडू/लोहरदगा।** जिले के कुडू प्रखंड के वार्ड नंबर 6 के समाजसेवी और वार्ड सदस्य संजय कुमार तिलक ने बढ़ते ठंड को देखते हुए किया असहाय और गरीबों का मदद । समाजसेवी सह वार्ड सदस्य संजय कुमार तिलक ने गरीबों के बीच ठंड से राहत दिलाने के लिए 15 कंबल का वितरण किया । पूरे ठंड के मौसम में गरीबों के मदद के लिए तत्पर रहने और मदद करने के लिए आगे आए वार्ड सदस्य संजय कुमार तिलक ने पहले भी आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में गरीबों के बीच कंबल का वितरण कर चुके है। कुडू प्रखंड के जाने माने चेहरा और सबके चहेते वार्ड सदस्य के इस कार्य से कई लोगो ने संजय कुमार तिलक को बधाई दी साथ ही गरीबों का सेवा करने

के लिए कई लोग साथ आने की बात कही। वार्ड सदस्य ने वार्ड नंबर 6 में आज बाजार टाड़ कुडू में कंबल वितरण किया। जिसके बाद संजय कुमार तिलक ने कहा की मैं हमेसा से गरीबों का मदद करना चाहता था लेकिन मध्यम वर्गीय परिवार से होने के कारण रूकावट आती थी लेकिन अब मैं गरीबों का सेवा करने के लिए पूरी तरह से तैयार हूं और लोग मुझे इस कार्य के लिए आशीर्वाद भी दे रहे ह।

### 25 से अधिक हाथियों का झुंड कर रहा विचरण, लोगों में भय

**जामताड़ा ।** जामताड़ा जिले के गोवा कोला पहाड़ी एवं आसपास के क्षेत्रों में 25 से अधिक हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है । इस दौरान हाथियों ने फसलों को नुकसान पहुंचाया है। साग सब्जियों की फसल को भी नष्ट किया है। इस क्रम में हाथियों ने कई मिट्टी के घरों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया है।

वन विभाग की टीम के द्वारा हाथियों को भगाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान ग्रामीणों को हाथियों के पास न जाने एवं छेड़छाड़ नहीं करने की अपील की जा रही है ताकि हाथी उग्र ना हो ।

### सीएम के कार्यक्रम को लेकर तैयारियों की समीक्षा की गयी

**देवघर ।** देवघर उपायुक्त ने मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर विधि व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था के अलावा की जाने वाली विभिन्न तैयारियों की बिंदुआर समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। इसके अलावे जिले में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर की जाने वाली तैयारियों की बिन्दुआर समीक्षा करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक सभी तैयारियों व प्रगति प्रतिवेदन को सुनिश्चित करते हुए उपायुक्त कार्यालय को अवगत कराने का निर्देश दिया। साथ ही बाबा मंदिर, सर्किट हाउस, कार्यक्रम स्थल में विधि व सुरक्षा व्यवस्था के अलावा ट्रैफिक व्यवस्था व पार्किंग की सुविधा को लेकर संबंधित अधिकारियों व पुलिस अधिकारियों को पूर्ण रूप से एक्टिव रहने का निर्देश दिया।

### ऑल इंडिया नंदलाल साहू गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट को लेकर हुई बैठक

## विभिन्न राज्यों के कई टीमे लेंगी हिस्सा

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** ऑल इंडिया नंदलाल साहू गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सफल आयोजन हेतु बलदेव साहू महाविद्यालय स्थित स्टेडियम में दुर्गेश साहू की अध्यक्षता बैठक आयोजित की गई। दुर्गेश साहू ने बताया कि इस प्रतिष्ठित गोल्ड कप टूर्नामेंट में देश के विभिन्न राज्यों एवं शहरों जैसे जॉर्ज टेलीग्राफ कोलकाता, चर्चिल ब्रदर्स गोवा, गोकुलम केरल, चेन्नई, कश्मीर, पंजाब पटियाला, दिल्ली, हैदराबाद, सिक्किम, जे एफ ए टाटा एवं मुंबई के साथ साथ कई प्रतिष्ठित टीमों ने भाग लेने की सहमति दी है। कार्यक्रम संयोजक सुखेर भगत ने बताया कि इस टूर्नामेंट के लिए मेजबान टीम का चयन प्रतियोगिता 11 दिसंबर 2022 को बीएस कॉलेज मैदान में 2:00 से प्रारंभ होगा। जिसके लिए जिले के जो भी प्रतिभावान खिलाड़ी भाग लेना चाहते हैं वे समय

पर उपस्थित रहेंगे। टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति का निर्माण किया गया। जिसमें प्रशासनिक सहयोग एवं संपर्क तथा स्वागत समिति में अशोक यादव, ओमप्रकाश सिंह, देवाशीष कार, डॉ गणेश प्रसाद, प्रोफेसर लोहरा उरांव, कवलजीत सिंह, मोहन दुबे, प्रचार-प्रसार प्रभारी, संजय बर्मन, प्रभात भगत, शंकर उरांव, शाहिद अहमद बेलू, पुरस्कार व्यवस्था प्रभारी, पंकज जयसवाल, अजय प्रसाद, मैदान व्यवस्था प्रभारी सोमा उरांव, धर्मेंद्र उरांव, मनोज उरांव, यशपाल उरांव, संजय भगत, रोशन उरांव, चैतू उरांव, फुलदेव भगत, उदय दत्ता, टीम व्यवस्था प्रभारी सलीम अंसारी बड़े, शाहिद अहमद बेलू, प्रभात भगत, ब्रज सिंह, सागर वर्मा, कंवलजीत सिंह, जगनंदन पौराणिक, गुड्डू गुप्ता, आवासन एवं भोजन व्यवस्था प्रभारी मनोज भगत, पंकज जयसवाल, निशिथ जयसवाल, रघु उरांव, टीम संपर्क प्रभारी सुखेर भगत, देवाशीष कार, सोमा भगत, मीडिया प्रभारी अरुण राम, राहुल कुमार, प्रीतम कुमार, विक्रम चौहान, गणेश लाल, किशोर कुमार वर्मा, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी अजय प्रसाद, संजय बर्मन, अरुण राम, आलोक कुमार, मनीष कुमार, सागर वर्मा, विज्ञापन प्रभारी पंकज जयसवाल, गुड्स गुप्ता, मेजबान लोहरदगा टीम चयन समिति सोमा उरांव, धर्मेंद्र भगत, संजय भगत, देवाशीष कार, भास्कर दासगुप्ता, शंकर उरांव, रोशन मुंडा को बनाया गया। बैठक में आयोजन समिति के संयोजक सुखैर भगत, अशोक यादव, ओमप्रकाश सिंह, अजय प्रसाद, लोहरा उरांव, धर्मेंद्र भगत ,सोमा उरांव, कमलजीत सिंह, ब्रजकिशोर सिंह, संजीव कुमार शर्मा, राजेश कुमार शर्मा, सत्यनारायण प्रसाद, बैजनाथ प्रसाद ,राजकुमार यादव, सागर कुमार वर्मा ,शंकर उरांव, उदय दत्ता, मोहन दुबे, प्रभात कुमार भगत, पंकज कुमार जायसवाल, अरुण राम, राहुल कुमार, आलोक कुमार, मनीष कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## जिला कांग्रेस कमेटी ने मरीजों में फल बांटकर सोनिया गांधी का मनाया जन्मदिन

**सिमडेगा।** जिला कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को सोनिया गांधी का जन्मदिन धूमधाम के साथ मनाया। मौके पर जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की के नेतृत्व में उपस्थित कार्यकताओं ने सदर अस्पताल पहुंच मरीजों के बीच फल का वितरण किया। साथ ही सभी रोगियों के जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। मौके पर उपस्थित पाकरटांड़ जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि ईश्वर सोनिया गांधी को दीघार्यु प्रदान करे। जोसिमा ने कहा कि आज देश में महिलाओं में अपनी सुरक्षा को लेकर भय का माहौल है। केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है कि महिलाओं के लिए भयमुक्त एवं सुरक्षित माहौल बनाया जाए। कहा कि सिर्फ कानून बनाने से काम नहीं चलेगा, उसे सख्ती से लागू भी करना होगा। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय

अध्यक्ष सोनिया गांधी महिला सशक्तिकरण एवं उनके अधिकारों की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास करती हैं। इसके अलावा जयप्रकाश उद्यान में केक काटकर सोनिया गांधी का जन्मदिन मनाया गया। मौके पर वरीय उपाध्यक्ष डीडी सिंह, प्रदीप केसरी, जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन, सिमडेगा जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष कुमार सिंह, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल, जिप सदस्य शांतिबाला केरकेट्टा, नप अध्यक्ष पुष्पा कुल्लू, केके रोहिला, सत्ते रोहिला, अध्यक्ष अजित लकड़ा, नवीन वीरेन तिर्की, लुसियन मिंज, प्रतिमा कूजुर, लुइस कूजुर, गोलू, समीर किंडो, संदीप नायक आदि उपस्थित थे।

## न्यूज गैलरी

### कॉलेज प्रारंभ के पूर्व जीएनएम में नामांकन फूल, चालू सत्र से ही प्रारंभ होगी कक्षाएं

**बरही।** इंडस्ट्रियल क्षेत्र कोनरा स्थित फामेर्सी कॉलेज डॉ अभिजीत गौतम इंस्टिच्यूट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन में चालू सत्र में ही कक्षाएं प्रारंभ हो जाएगी। जानकारी देते हुए साइड इंचार्ज आशीष कुमार ने बताया कि उनके महाविद्यालय ने एएनएम, जीएनएम और बीएससी नर्सिंग हेतु प्रशिक्षण दिया जाएगा। चालू सत्र 21-24 में जीएनएम के लिए नामांकन फूल हों चुके है जबकि एएनएम और बीएससी नर्सिंग के लिए नामांकन जारी है। उन्होंने बताया कि लगभग 10000 वर्ग फीट में बने इस महाविद्यालय में सभी सुविधाएं होगी। विद्यार्थियो के प्रशिक्षण के साथ रहने के लिए हॉस्टल की भी व्यवस्था दी जायेगी। महाविद्यालय के कंस्ट्रक्शन का कार्य जोरों से चल रहा है। फिलहाल ग्राउंड फ्लोर बनकर तैयार है जहां सभी प्रकार के प्रशिक्षण हेतु क्लासरूम बनाए गए है। वर्तमान में संदीप कुमार रॉय कंप्यूटर ऑपरेटर, सलीम अंसारी क्लर्क, सतीश कुमार साईट इंजीनियर की निगरानी में भवन निर्माण संवेदक मो सफीक के द्वारा करवाया जा रहा है।

### 20सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक स्थगित

**बरही।** आज आहूत होने वाली 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जा चुका है। संबंधित मामले में पत्र जारी कर बीडीओ ने पत्र जारी कर आदेश निर्गत कर दिया है । जारी पत्र के अनुसार 20 सूत्री अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यो को अपने कर्तव्य निर्वहन के पूर्व पुलिस सत्यापन करवाना अनिवार्य है । परंतु अब तक सिर्फ अध्यक्ष को छोड़कर किसी ने भी पुलिस सत्यापन की कॉपी नही दिया है। बीडीओ ने 20 सूत्री के सभी सदस्यों एवं उपाध्यक्ष को अति शीघ्र पुलिस सत्यापन रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया है जिससे 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक एव अन्य कार्यो संचालन नियमानुसार किया जा सके।

### कोयला उत्खनन मामले में फरार अभियुक्त पकड़ाया, भेजा गया जेल

**बरही।** वन क्षेत्र से अवैध रूप से कोयला उत्खनन कर एक राज्य से दूसरे राज्य में अधिक मुनाफा हेतु बेचने के क्रम में रंगे हाथ पकड़े जाने वाले 9 वर्ष से फरार आरोपी 55 वर्षीय परमेश्वर साव पिता भादो साव को शुक्रवार को नौ वर्ष बाद गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा दिया गया है । गिरफ्तारी सब इंस्पेक्टर आदित्य कुमार और बरही थाना के रिजर्व पुलिस की संयुक्त छापेमारी में हुई । आरोपी कांड संख्या 110/13 के अभियुक्त है । जिनके विरुद्ध आईपीसी की धारा 34/414/420/467/468/469/471/ के तहत बरही थाना में मामला दर्ज है । प्रेस बयान जारी कर जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ललित कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त साकिन गनियाटो थाना नवाडीह (वर्तमान पेंकनारायणपुर) जिला बोकारो का रहने वाला है ।

### दुर्घटनाग्रस्त कंप्यूटर ऑपरेटर की हुई मौत, शोक

**बरही।** विगत 6 दिसंबर को सड़क दुर्घटना में घायल रजिस्ट्री ऑफिस बरही के कंप्यूटर ऑपरेटर नवीन कुमार की मृत्यु से रजिस्ट्री ऑफिस की कर्मी व दस्तानवीस संघ ने शोक प्रकट कर श्रद्धांजलि दिया है । विदित हो कि बीते 6 दिसंबर को बाईक से घर से आने के क्रम में बरही करसो नदी के पास सड़क पर बने गड्ढे से असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गए थे। जिन्हे प्राथमिक ईलाज के बाद हजारीबाग भेज दिया गया था। जहां ईलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई ।

### वयोवृद्ध भाजपा नेता का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन

**हजारीबाग।** वयोवृद्ध भाजपा नेता काली साव का पार्थिव शरीर शुक्रवार को पंचतत्व में विलीन हो गया। गुरुवार को उनका लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था। शुक्रवार को पूर्वाह्न में उनकी शव यात्रा निकाली गयी। इस दौरान भारी भीड़ उमड़ी। ओकनी मुहल्ले में सैकड़ों भाजपाइयों ने नम आंखों सेअंतिम विदाई दी। वहीं शव पर पार्टी का झंडा ओढ़ाया गया। यह गाजे- बाजे के साथ पैगोडा चौक, झंडा चौक होते हुए मुक्तिधाम पहुंची। रास्ते में कई लोगों ने जयकारे भी लगे। काली साव के पार्थिव शरीर को उनके बड़े पुत्र अर्जुन गुप्ता ने मुखाग्नि दी। उनके परिवार में अर्जुन गुप्ता और विनोद गुप्ता सहित दो पुत्री समेत कई सदस्य हैं।

प्रमंडलीय आयुक्त सह मतदाता सूची प्रेक्षक उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल ने किया रामगढ़ जिले का दौरा

# 18 वर्ष के व्यक्ति का मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** प्रमंडलीय आयुक्त सह मतदाता सूची प्रेक्षक उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल चंद्र किशोर उरांव ने शुक्रवार को रामगढ़ जिले का दौरा किया। इस दौरान जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा उन्हें प्रखंड कार्यालय परिसर मांडू में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। दौरे के दौरान प्रमंडलीय आयुक्त सह मतदाता सूची प्रेक्षक श्री उरांव ने मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के तहत मांडू क्षेत्र में हुए कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले प्रत्येक योग्य व्यक्ति का मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने क्षेत्रों में सर्वे कराकर जो व्यक्ति वर्तमान में रामगढ़ जिले में निवास नहीं कर रहे हैं का नाम मतदाता सूची से हटाने का निर्देश दिया। मौके पर उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को सुदृढ़ करने के लिए यह बहुत जरूरी है कि प्रत्येक योग्य मतदाता के पास अपना मतदाता पहचान पत्र हो और वे अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इसके लिए उन्होंने मतदाताओं को विभिन्न माध्यमों का इस्तेमाल कर मतदान के प्रति जागरूक करने का भी निर्देश दिया। मतदाता पहचान पत्र को आधार कार्ड से लिंक करने के तहत हो रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए प्रमंडलीय आयुक्त सह मतदाता सूची प्रेक्षक चंद्र किशोर उरांव ने जल्द से जल्द लक्ष्य पूरा करते हुए सभी मतदाताओं का मतदाता पहचान पत्र आधार कार्ड से लिंक करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कहा कि आज के दौर में जब लोग मोबाइल का इस्तेमाल कर कई तरह की सुविधाओं का लाभ ले रहे हैं ऐसे में निर्वाचन की प्रक्रिया एवं निर्वाचन से संबंधित गतिविधियों से लोगों को जागरूक करने हेतु मोबाइल काफी कारगर साधन है। इस दौरान उन्होंने वोटर हेल्पलाइन एप के फायदों के प्रति जानकारी देते हुए ऐप का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। इस क्रम में प्रमंडलीय आयुक्त ने गरीब व जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। इस दौरान कार्यपालक दंडाधिकारी रामगढ़ प्रभास दत्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी मांडू सुधीर कुमार, अंचल अधिकारी मांडू जयकुमार राम सहित अन्य उपस्थित थे।

- जिला प्रशासन रामगढ़ ने दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर
- मांडू क्षेत्र में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत हो रहे कार्यों का लिया जायजा

# जंगल में दिन-दहाड़े कट रहे हैं हरे पेड़, वन विभाग मौन

नवीन मेल संवाददाता

**मरकच्चो।** थाना क्षेत्र के वन मंडल के वन परिक्षेत्र अंतर्गत दरदाही स्थित पन्दना जंगल में पेड़ो को तस्कर बेखौफ हो कर दिन दहाड़े काट रहे हैं और विभाग को इसकी शायद भनक तक नहीं है। या फिर यूँ कहें सब कुछ जानते हुए विभाग चुप्पी साधी हुई है। नतीजन तस्करों के हौसले इतने बुलंद है कि सड़क के किनारे पेड़ो की कटाई करने में भी गुरेज नहीं कर रहे हैं। खास बात तो यह है कि यह पूरा खेल क्षेत्र के वन कर्मियों के इशारे से धड़ल्ले से जारी है। ग्रामीणों की माने तो पन्दना के जंगल में हरे भरे पेड़ों की कटाई इन दिनों तेजी से चल रही है। कहीं-कहीं तो वन विभाग के लोग सुविधा शुल्क लेने के लिए जिस स्थान पर पेड़ काटा जा रहा है वहां पहुंच जाते हैं। फिर क्या वन माफियाओं के आदमी उनकी सेवा कर देते हैं और वह भी चुप्पी साधे वाहनों में सवार होकर निकल पड़ते हैं। अवैध कमायी के चक्कर में वन विभाग के अधिकारी इन व्यापारियों को खुली छूट दे रखे हैं। हरा पेड़ कटता देख ग्रामीण अपने स्तर पर इसकी शिकायत विभाग से करते रहते हैं लेकिन सुनवाई एक नहीं होती। हरा पेड़ कटता देख ग्रामीणों में रोष बढ़ता जा रहा है। सवाल यह है कि वन रक्षक ही जब भक्षक बन जाए तो फिर वनो की रक्षा आखिर करेगा कौन? वनो की सुरक्षा की उम्मीद किस्से करें। ऐसे में कैसे होगी वनो की रक्षा, ये बहुत दयनीय और गंभीर चिंता का विषय है। अपनी पहचान नही उजागर होने के शर्त में कुछ लोगो ने बताया कि गांव के समीप स्थित जंगल के अवैध कटाई का सारा खेल संचालित किया जा रहा है। जंगलों को काट वन माफिया और जनप्रतिनिधियों द्वारा अपनी जेब तो गर्म की जा ही रही है।



# विसंगतियों को दूर कर मुआवजा भुगतान को लेकर पीड़ित रैयतों ने एसडीओ को दिया ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता

**बरही।** तिलैया रोड भूमि अधिग्रहण मामले को लेकर मौजा बरही, कोनरा और उज्जैना के रैयतो ने बताया कि एनएच 31 चौड़ीकरण हेतु अधिग्रहित भूमि के मुआवजे भुगतान में एनएच ने कई नियमों का पालन नहीं किया है। जिससे प्रभावित रैयत को खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। प्रभावितो के अनुसार मुआवजा भुगतान में विभाग की कई विसंगतियां सामने आई है। प्रभावितों के अनुसार भू अधिग्रहण 2013 की धारा 24(2) के तहत और संरचना की मापी सरकार के राजस्व निबंधन व भूमि सुधार विभाग के पत्रांक 607 दिनांक 8.8.2022 के तहत हो। एनएच 2 की तरह मुआवजे की भुगतान संरचना के मुआवजा में सूद जोड़कर दिया जाए। अधिग्रहण में सभी प्रभावित रैयत का दुकान भी शामिल है। मामलों को लेकर प्रभावित रैयत पिछले कई दिनों से संघर्ष कर रहे हैं। शुक्रवार को प्रभावित व्यक्तियों के द्वारा एसडीओ पूनम कुजुर को ज्ञापन देते हुए मामले को अति शीघ्र समाधान करने का अपील किया गया है। पीड़ितों ने बताया कि मांग पूरी होने तक वे सभी अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे रहेंगे।

# श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** शहर के श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के प्रांगण में 9 दिसंबर को सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य हरजाप सिंह एवं सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं की उपस्थिति में बच्चों ने सर्व प्रथम प्रार्थना सभा में सड़क सुरक्षा को लेकर शपथ ग्रहण किया। प्रार्थना सभा में बच्चों द्वारा सड़क सुरक्षा के नियमों को लेकर बताया गया कि कैसे सड़क दुर्घटना से सावधानी बेहतर होती है। बच्चों ने प्रार्थना सभा में एक सुंदर कविता सड़क सुरक्षा के नियमों के तहत ही कही । विद्यालय के प्रधानाचार्य हरजाप सिंह ने बच्चों को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी देते हुए सभी नियमों का पालन करने का संदेश दिया। कहा कि सड़क पर अगर चल रहे हैं तो दिशा का ध्यान रखें, सभी नियमों का पालन करके ही जीवन की रक्षा की जा सकती है। देश में प्रतिदिन हो रहे सड़क हादसों में हो रही बेतहाशा वृद्धि से होने वाली जनहानि से देश को भारी नुकसान होता है। सड़क हादसे में अनेक युवाओं की असमय मौत हो जाती है। जिसको रोकने के लिए सरकार ने सड़क सुरक्षा अभियान के तहत जन जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया है। प्रधानाचार्य ने शिक्षकों तथा बच्चों को यातायात व सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करते हुए सभी नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटनाओं को कम करने का संकल्प भी दिलाया। ताकि बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं में अंकुश लगाया जा सके। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य ने सड़क के नियमों व ट्रेफिक के दौरान सीट बेल्ट लगाने व हेलमेट लगाने की अपील की। प्रार्थना सभा में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी रामगढ़ के अध्यक्ष परमदीप सिंह कालरा, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा, स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन,सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुशविंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इन्द्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली, मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी उपस्थित थे।

# ग्रिजली कॉलेज के प्रशिक्षुओं ने सड़क सुरक्षा शपथ कार्यक्रम का किया आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्रशिक्षुओं के द्वारा विभिन्न शिक्षण अभ्यास विद्यालयों में एनएसएस इकाई के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षुओं के द्वारा विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं को भी सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारियां दी गई। शपथ कार्यक्रम कोडरमा जिले के प्रोजेक्ट बालिका हाई स्कूल, आर के प्लस टू बालक उच्च विद्यालय कोडरमा, सीडी गर्ल्स हाई स्कूल झुमरीतिलैया, आर एमएमएम प्लस टू विद्यालय चंदवारा, उत्क्रमित उच्च विद्यालय उरवां, गांधी उच्च विद्यालय झुमरी तिलैया में कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ बीसी स्वेन ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को सड़क सुरक्षा संबंधित सभी नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करना चाहिए। शपथ कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रशिक्षु नीतू कुमारी, प्रियंका कुमारी, अंशु कुमारी, ममता कुमारी, रामचरित, उषा, अंजलि कंचन नाग, आरती कुमारी, श्वेता सिंह, निखत परवीन, अमीशा, मनीष कुमार, मनोहर विश्वकर्मा, महिमा कुमारी, विक्रम दांगी, प्रदीप कुमार, विकास कुमार, मिताली गौतम, रणजीत, शिवानी, राजेश, राजू, विकास साव, महानंद कुमार वर्मा, सूरज कुमार, रवि कुमार, अजय कुमार, मनु साहू, अंशिका, नन्द लाल, भीम, वीरेन्द्र कुमार दास, पंचम राम, अशोक कुमार, अरुण कुमार, रिंकी, पवन कुमार, प्रियंका, निभा, सोनी, पूजा कुमारी एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं अध्यापक आदि उपस्थित थे। संपूर्ण कार्यक्रम महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी सौरभ शर्मा की देखरेख में संपन्न हुआ।



खेलो झारखंड के तहत जिला स्तरीय प्रतियोगिता शुरू

# जिला स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**कोडरमा।** जेजे कॉलेज झुमरीतिलैया के खेल मैदान में झारखंड शिक्षा परियोजना कोडरमा द्वारा खेलो झारखंड के तहत जिला स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ उपायुक्त आदित्य रंजन, जिला शिक्षा पदाधिकारी अलका जायसवाल, जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि खेलो झारखंड के तहत जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर करके खिलाड़ी जिला में पहुंचे हैं। इसके लिए सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। स्वस्थ्य शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। खेलों से स्वास्थ्य तो ठीक रहता ही है इनसे मनुष्य का चिरित्रिक और आध्यात्मिक विकास भी होता है। खिलाड़ियों का उपायुक्त समेत अन्य अतिथियों ने परिचय प्राप्त किया एवं फुटबाल में कीक मारकर मैच की शुरूआत की। फुटबॉल, कबड्डी, वालीबॉल और हॉकी आदि में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को मेडल एवं शिल्ड देकर सम्मानित किया। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक व शिक्षा विभाग के पदाधिकारी व कर्मी के साथ-साथ विभिन्न खेल के खिलाड़ी मौजूद रहे।

### उपायुक्त ने आमजनों की सुनी समस्या

**कोडरमा।** समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में उपायुक्त आदित्य रंजन ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी। एक-एक कर लोगों ने अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर उपायुक्त से मिलकर अपनी फरियाद सुनाई। समस्याओं में मुख्य रुप से जाति व आवासीय प्रमाण पत्र निर्गत करने, धान अधिप्राप्ति केंद्र की स्वीकृति देने, सर्वे रोड अतिक्रमण करने से संबंधित मामले समेत अन्य मामले शामिल है। उपायुक्त ने आमजनों से समस्याओं से जुड़े आवेदन लेते हुए जल्द उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। उपायुक्त ने आमजनों से प्राप्त आवेदनों को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारियों को जल्द से जल्द समस्याओं के निस्पादन का निर्देश दिया।

# प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में मनाया गया सड़क सुरक्षा दिवस, यातायात नियमों की दिलायी शपथ

नवीन मेल संवाददाता

**बरही।** शुक्रवार को बीइईओ के निर्देर्शानुसार प्रखंड के विभिन्न विद्यालय के बच्चो को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। सुरक्षित यातायात के उद्देश्य से प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में यातायात नियमों का पालन करने को लेकर बच्चो के बीच शपथ ग्रहण भी करवाया गया। जिसमें विद्यालय की बच्चों को शिक्षकों को द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों को बताते हुए चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग, दुपहिया वाहन के समय हेलमेट का प्रयोग, वाहन चलाने के दौरान मोबाइल का प्रयोग नहीं करना, निर्धारित गति सीमा के अंदर ही वाहन चलाना, नशापान से दूर रहकर वाहन चलाना आदि विभिन्न जरूरी जानकारियां देते हुए यातायात के नियमों का पालन करने संबधित जानकारी दी गई। इसी क्रम ने प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बरसोत, प्राथमिक विद्यालय विरहोर टोला केवाल, बुनियादी विद्यालय पंचमाधव, उमवि गौरियाकरमा, आदर्श मध्य विद्यालय बरही सहित विभिन्न पंचायत के विद्यालयों में विद्यार्थियों को शिक्षको ने यातायात सुरक्षा संबंधित जानकारियां दी।

# समस्या : लकड़ी के पुल के सहारे ग्रामीण करते हैं आवागमन, जनप्रतिनिधि से लेकर पदाधिकारी मौन

- बरसात के दिनों में बच्चे 3 माह तक रहते हैं पढ़ाई से वंचित : बबून मांझी
- समस्या की जानकारी तमाम जनप्रतिनिधि से लेकर आला अधिकारी तक को है : रामजी बेसरा

नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** सूबे की सरकार जहां एक ओर हाईटेक सड़कों के निर्माण को लेकर गंभीर है वहीं कुछ स्थानों पर ग्रामीण सड़कों की हालत आजादी के 7 दशकों बाद भी बदतर है। जिसका जीता जागता उदाहरण प्रखंड क्षेत्र के मेरमगड्डा अंतर्गत केंदोआटॉड़ टोला की है। लगभग 400 आबादी वाला यह टोला आवागमन की भारी समस्या से जूझ रहा है। मुख्य मार्ग एनएच2 आने में नदी पड़ती है जिस पर पूल नहीं है। लेकिन नदी पार करने के लिए ग्रामीणों ने स्वयं श्रमदान कर लकड़ी का पुल बना लिया। इस पुल का निर्माण पूर्व के वर्षों में होता आया है लेकिन लकड़ियों के सड़ जाने से पुल टूटता है, लोग गिरते हैं और नदी में डूबते हैं। स्थानीय निवासी बबून मांझी ने बताया कि बरसात के दिनों में समस्या बढ़ जाती है, नौनिहालों को नदी पार कर विद्यालय जाना पड़ता है और लगभग पूरे बरसात बच्चे पढ़ाई से वंचित रह जाते हैं। इस समय जो बीमार पड़ते हैं वह भगवान के भरोसे ही रहते हैं।

वहीं भारत जकात मांझी परगना महल के प्रखंड अध्यक्ष राम जी बेसरा ने कहा कि पुल निर्माण के लिए हम लोगों ने तमाम जनप्रतिनिधियों से लेकर आला अधिकारियों तक गुहार लगाया है लेकिन अब तक अमल नहीं किया गया। सभी मौन लगाए हुए हैं ।वहीं पुल निर्माण कराने की मांग दशरथ सोरेन, रामबाबू मांझी, जीब लाल मांझी, लौकी करमाली,जगदीश करमाली, शांति देवी, बड़की देवी, पार्वती देवी समेत दर्जनों ग्रामीणों ने की है।

कोडरमा जिला शीतलहर की चपेट में

# ठंड से जनजीवन प्रभावित, शाम ढलते ही लोग घरों में दुबके

नवीन मेल संवाददाता

**कोडरमा।** शीतलहर ने एक बार फिर कोडरमा को अपनी चपेट में ले लिया है। पिछले तीन -चार दिनों में तापमान में करीब तीन से चार डिग्री की गिरावट आयी है। कोडरमा में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। दिन भर करीब 12-15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हवा लोगों को ठंड का पूरा अहसास करा रही है। रात को बढ़ी ठंड का असर शहर व जिले के विभिन्न हिस्सों के रैन बसेरों में रह रहे लोगों पर देखने को मिल रहा है। गरीब -गुरबे अलाव की व्यवस्था के लिए प्रशासन की तरफ टकटकी लगाए हुए हैं। मौसम विभाग के अनुसार अभी ठंड से लोगों को राहत मिलने वाली नहीं है। लगातार, न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। आगामी दिनों में न्यूनतम तापमान 5.0 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। सर्दी के मौसम में सुबह की पाली में संचालित होने वाले स्कूलों में अध्ययनरत बच्चे इन दिनों काफी परेशान हैं। सुबह आठ बजे से स्कूल होने के कारण ठंड में ठिठुरते बच्चों को स्कूल पहुंचना पड़ रहा है। स्कूल जाने के लिए सुबह सात बजे तक घर छोड़ना पड़ रहा है। सुबह की शीतलहरी में स्कूल पहुंचने में बच्चों की हालत खराब हो रही है। स्कूल संचालक मौसम को देखते हुए स्कूलों का समय परिवर्तित नहीं कर रहे हैं। ऐसे में सुबह के समय स्कूल जाने वाले बच्चों का स्वास्थ्य भी खराब होने की संभावना है।

## न्यूज गैलरी

### केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के अनुशंसा पर सिमडेगा की 8 सड़कों को सुदृढ़ीकरण की मिली स्वीकृति

**सिमडेगा।** जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री सह स्थानीय सांसद अर्जुन मुंडा ने अनुशंसा पर प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना 2022-23 के तहत सिमडेगा जिले की 8 सड़कों को सुदृढ़ीकरण की मिली स्वीकृति।साथ ही उन्होंने कहा सड़कें विकास का आईना होती है, क्षेत्र में जरूरत के अनुसार योजनाओं की अनुशंसा की जाती है आने वाले समय में भी क्षेत्रों के जरूरत के अनुसार समय-समय पर अनुशंसा की जाएगी। गौरतलब है कि केंद्रीय मंत्री के जिला सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने क्षेत्रों में आवागमन की असुविधा को देखते हुए विभिन्न सड़कों के निर्माण के और सांसद महोदय का ध्यान आकृष्ट कराया था। इन सभी योजनाओं की अनुशंसा होने पर भाजपा सिमडेगा के कार्यकर्ताओं सहित आम जनता ने भी केंद्रीय मंत्री का आभार जताया है।

### गिरदा पुलिस ने नाबालिग का अपहरण करने के आरोपी को भेजा जेल

**बानो।** गिरदा पुलिस ने नाबालिक युवती का अपहरण करने के आरोपी को गिरफ्तार कर सिमडेगा जेल भेज दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नैना कुमारी (काल्पनिक नाम) अपने घर से ट्यूशन पढ़ने के लिए निकली थी और इसी बीच हुरदा बाजार समीप हाटिंगहोड़े निवासी फरहान फैजन नामक युवक द्वारा अपहरण कर गिरदा की ओर ले जा रहा था। इसी क्रम में ग्रामीणों को सूचना मिली ग्रामीणों और परिजनों की मदद से आरोपी को पटातिरिल झरिया के समीप पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। इधर पुलिस ने अपहरण करने के आरोप में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं पीड़िता को मेडिकल हेतु सिमडेगा सदर अस्पताल ले जाया गया। एसआई रमेश कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है अनुसंधान के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। कयास लगाया जा रहा है कि दुष्कर्म के नियत से उसे अपहरण कर जंगल की ओर ले जा रहा था हालांकि इस मामले में जांच की जा रही है। इधर इस मामले में एसपी सौरभ कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर भेज दिया गया है और इस मामले में सभी बिंदुओं पर छानबीन की जा रही है और आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### चट्टी बाजार टांड से भारी मात्रा में शराब जब्त

**भंडरा।** भंडरा थाना क्षेत्र के चट्टी बाजार टांड के कई दुकानों में शुक्रवार को एक्साइज विभाग द्वारा छापा मारा गया। जिसमें भारी मात्रा में शराब बरामद किया गया। मिली जानकारी के मुताबिक चट्टी बाजार टांड के मोहन साहू लड्डू साहू के दुकान से भारी मात्रा में महुआ शराब बरामद किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इनके दुकान से तीन गैलन एवं दो बलटी शराब की बरामदगी हुई। बताया गया कि मोहन साहू एवं लड्डू साहू के दुकान में नहीं रहने के कारण उन दोनों की पत्नी को पूछताछ के लिए ले जाया गया। सामाचार लिखे जाने तक दोनों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

### बढ़ते ठंड के प्रकोप को देखते हुए जिले में हुई अलाव की व्यवस्था

**लोहरदगा।** ठंढ के प्रकोप को देखते हुए जन सामान्य को ठंढ से राहत दिलाने हेतु उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के निदेश पर नगर परिषद समेत सभी अंचलों में अलाव की व्यवस्था हेतु निदेश दिये गये हैं। इसके आलोक में नगर परिषद क्षेत्र में कचहरी मोड़, सदर प्रखंड ब्लॉक मोड़, नदिया, पावरगंज चौक, अमलाटोली, सोमवार बाजार समेत अन्य चौक-चौराहों में अलाव की व्यवस्था की गई। इसी प्रकार किस्को, सदर प्रखंड, पेशरार, कैरो, कुडू, सेन्हा और भंडरा प्रखंड/अंचल में भी चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था की गई। इस क्रम में सेन्हा प्रखंड मुख्यालय अन्तर्गत मुख्य चौक सहित अन्य जगहों में अंचल विभाग की ओर अलावा की व्यवस्था की गई। जिससे राहगीरों एवं स्थानीय दुकान संचालक के साथ ग्रामीणों को शीतलहर व कड़ाके की ठंड से राहत मिल सके। अंचलाधिकारी विजय कुमार ने कहा पूर्व की भांति इस वर्ष भी शीतलहर के साथ कड़ाके की ठंड बढ़ा हुआ है। सूर्योदय के बाद तथा सूर्यास्त के पहले ठंड अपना चरम पर पसार रहता है। जिससे आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। अंचल क्षेत्र की जनता से अपील किया कि अनावश्यक घर से न निकलने और मौसम के अनुसार लोग कार्य करें।

### सेन्हा में अवैध बालू परिवहन करते तीन ट्रैक्टर जब्त

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के जोगना कोयल नदी से अवैध बालू परिवहन करते तीन ट्रैक्टर को पुलिस ने जब्त किया है। अंचलाधिकारी विजय कुमार के नेतृत्व में सेन्हा थाना प्रभारी ऋषिकांत द्वारा शस्त्र बल के सहयोग से छापामारी अभियान चलाकर तीनो ट्रैक्टर को जप्त कर सेन्हा थाना लाया गया। अंचलाधिकारी विजय कुमार ने बताया कि बालू के अवैध खनन जोगना कोयल नदी से होने की सूचना प्राप्त हो रहा था। जिस पर टीम गठन कर छापामारी करते हुए कारवाई किया गया। कारवाई के दौरान बिना नंबर के तीन स्वराज ट्रैक्टर को खनन करते हुए पकड़ा गया। जिसको सेन्हा थाना में जप्ती बनाकर सुरक्षित रखा गया है। उन्होंने कहा कि पकड़े गए ट्रैक्टर पर कारवाई हेतु जिला सहायक खनन पदाधिकारी को अवगत कराया गया है। पकड़े गए ट्रैक्टर झारखण्ड खनन अधिनियम 2017 के अन्तर्गत 4/54 के तहत कारवाई किया जाएगा। जानकारी के अनुसार बता दें कि अवैध बालू खनन मामले में कारवाई को लेकर योजना लाभुक भी परेशान है। सरकारी योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों का कहना है। कि एक तरह योजना को गति देने की बात अधिकारियों द्वारा कहा जाता है। वहीं दूसरी ओर बालू का अभाव है। ऐसी स्थिति में प्रधानमंत्री आवास बनाने में काफी परेशानी हो रही है और योजना ठप होते नजर आ रहा है।

---

उपायुक्त की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स उत्पाद व अन्य पर हुई समीक्षा बैठक, कहा-

# अवैध खनन व शराब के विरुद्ध करें सख्त कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स, विधि व्यवस्था, उत्पाद, कारा, परिवहन व मानव तस्करी से संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। खनन टास्क फोर्स की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने अवैध खनन व अवैध बालू उठाव से संबंधित अब तक किए गए कार्रवाई की समीक्षा की। तथा जिले में 'ए' कैटेगरी के बालू घाट की संचालन से संबंधित कार्यों की जानकारी ली। अवैध खनन ना हो इस दिशा में सभी पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उत्पाद विभाग की समीक्षा के क्रम में उन्होंने क्रिसमस त्यौहार के मद्देनजर देसी शराब की अवैध चुलाई पर रोक लगाने हेतु लगातार छापामारी अभियान चलाने की बात कही। अवैध देसी शराब चुलाई के तहत पकड़े जाने वालों पर कार्रवाई करने की बात कहीं। मानव तस्करी से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मंडल कारा की समीक्षा के क्रम में पदाधिकारी को महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी महेंद्र कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी मो शहजाद परवेज, खनन पदाधिकारी, उत्पाद पदाधिकारी, व अन्य उपस्थित थे।

### सिमडेगा जिले भर में सड़क सुरक्षा के लिए आयोजित हुई शपथ ग्रहण

**उपायुक्त** सिमडेगा आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में समाहरणालय के प्रांगण परिसर में सड़क सुरक्षा हेतु शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग, एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड गाड़ियों को रास्ता देने, शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाने, सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने सहित कई यातायात नियमों का गाड़ी चलाते समय सावधानियां बरतने हेतु शपथ दिलाई। इसी क्रम में समाहरणालय परिसर में अनुमंडल पदाधिकारीमहेंद्र कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी मो शहजाद परवेज सहित विभाग के पदाधिकारीयों एवं कर्मियों को सड़क सुरक्षा के प्रति शपथ दिलाई गई। साथ ही जिला एवं जिला परिषद्, अनुमंडल कार्यालय, नगर परिषद्, प्रखंड सह- अंचल कार्यालयों, थाना, परिवहन विभाग, कॉलेजों, एवं विद्यालयों, में भी शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया।

### सिमडेगा में शुरू हुआ जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट

**उपायुक्त** सिमडेगा आर. रॉनीटा एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने शुक्रवार को अल्बर्ट एक्का स्टेडियम, सिमडेगा में आयोजित जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट 2022 का शुभारंभ किया। खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग के अंतर्गत मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता 2022 का 09 दिसम्बर से 13 दिसम्बर 2022 तक जिले में आयोजन किया गया है। इस फुटबॉल प्रतियोगिता में 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के महिला एवं पुरूष भाग लें सकेंगे। उपायुक्त ने टूर्नामेंट का सफलतापूर्वक समापन कराने की दिशा में खेल पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिये।

---

# सिमडेगा में लीड्स संस्था कार्यालय का हुआ उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** शुक्रवार को सिमडेगा जिला मुख्यालय स्थित सलडेगा भवानी कॉलोनी में लीड्स संस्था के नए कार्यालय का उद्घाटन हुआ। जिसका उद्घाटन संस्था के निदेशक ए के सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित और फीता काट कर किया। इस दौरान संस्था के निदेशक श्री सिंह ने बताया कि लीड्स संस्था झारखंड के 18 जिलों के चार हजार गांव में अलग अलग मुद्दों को लेकर सीधे तौर पर काम कर रही है। वहीं सिमडेगा जिले के जलडेगा प्रखंड में रियर परियोजना के तहत हक अधिकार प्राप्ति के लिए, कोलेबिरा प्रखंड में रेस परियोजना के तहत क्लीन एनर्जी और सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए तथा एमसीकेएस परियोजना के तहत आंगनबाड़ी से मिलने वाली सुविधाओं को लेकर, केरसई प्रखंड में अंधेरी हिल्फे बॉन परियोजना के तहत आदिवासी एवं दलित लोगों को आय वृद्धि हेतु कृषि एवं पशुपालन से जोड़ना तथा शिक्षा स्तर को बढ़ाने के लिए स्कूल और आंगनबाड़ी को प्रोन्नत करने के साथ साथ टी टांगर प्रखंड में डब्लूएचएच परियोजना के तहत प्रवासी मजदूरों के लिए सुरक्षित पलायन को लेकर संस्था काम कर रही है।इस दौरान लीड्स के फाइनेंस मैनेजर भवानंद झा, अंधेरी हिल्फे बॉन परियोजना के रंजीत भेंगरा, रियर परियोजना जलडेगा के आलोक कुमार, माइग्रेंट लेबर परियोजना के राज प्रिया, एमआईएस ऑफिसर राज नंदनी, संजय ग्वाला, बिनीता लकड़ा, कलिंद्र प्रधान, अपर्णा कुमारी, नरेंद्र मिश्रा, सुमीरा बड़ाईक, सौरव लाल, सुजाता कुमारी, विवेक लकड़ा, मनीष कुमार सिंह सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

# 33 वां प्रांतीय शिशु वर्ग खेलकूद समारोह का आज होगा आगाज

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के प्रांगण में आगामी 10 दिसंबर से 12 दिसंबर तक आयोजित होने वाले 33 वें प्रांतीय शिशु वर्ग खेलकूद समारोह के निमित्त एक पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। इस मौके पर विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष सह कार्यक्रम संयोजक शशिधर लाल अग्रवाल ने कार्यक्रम की सभी रूपरेखा व तैयारियां से संबंधित पूर्ण जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद सुदर्शन भगत होंगे जबकि विशिष्ट अतिथि विद्या भारती झारखंड के मंत्री राम अवतार नरसरिया, आरएसएस के प्रांत संघ चालक सच्चिदानंद अग्रवाल, जिले के उपायुक्त, एसपी, एसडीओ, डीईओ समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी होंगे, वही मुख्य वक्ता विद्या विकास समिति के सचिव अजय कुमार तिवारी होंगे। मौके पर उपस्थित गुमला विभाग के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार ने कहा कि विद्या भारती द्वारा संचालित झारखंड प्रांत के 8 विभागों जमशेदपुर ,गुमला , रांची, पलामू, साहेबगंज, धनबाद, देवघर तथा हजारीबाग में संचालित शिशु मंदिर से लगभग 292 भैया एवं 208 बहनों समेत कुल 500 विद्यार्थियों के भाग लेने की संभावना है। इस कार्यक्रम में संरक्षक आचार्य / दीदी जी की संख्या 65 रहने वाली है। खेलकूद समारोह का उद्घाटन दिनांक 10.12.2022 दिन शनिवार को अपराह्न 2:30 बजे होगा। कार्यक्रम को परिणाम तक पहुंचाने के लिए निर्णायक के रूप में मदन मोहन राय, कुणाल कुमार , संजय कुमार, संदीप कुमार, सुखनाथ सिंह, प्रसून कुमार, कामेश्वर मरांडी, सुनील कुमार सिंह, नरेंद्र कुमार, उत्तम कुमार सिंह रहेंगे। तीन दिनी खेलकूद समारोह में कबड्डी, खो- खो, गोला फेंक, ऊंची कूद, रिले रेस, 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, 400 मीटर रेस आदि खेल आयोजित होने वाले हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रबंध कारिणी समिति के सचिव अजय प्रसाद, शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडेय, विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, महाविद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी एवं आचार्य श्याम सुंदर कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

- सांसद सुदर्शन भगत होंगे मुख्य अतिथि
- विद्या भारती के आठ विभागों के 38 शिशु मंदिर विद्यालयों के 500 विद्यार्थी होंगे शामिल

---

# बोलबा प्रखंड के फार्मटांड मैदान में ऑटो चालक संघ का विशाल सम्मेलन का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के कृषि फार्मटांड मैदान में ऑटो चालक संघ का विशाल सम्मेलन का किया गया आयोजन इस मौके पर झारखंड प्रदेश मजदूर नेता राजेश सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि गाड़ी लेने से काम नही चलेगा आपको गाड़ी का सारा कागज दुरुस्त करना होगा। कागजात के साथ गाड़ी चलाएं अन्यथा गाड़ी घर में रखिए। साथ ही उन्होंने कहा कि ऑटो चालक दारू हाड़ी पीकर गाड़ी नहीं चलाएगा।अन्यथा संघ के द्वारा उस पर कारवाई किया जायेगा।तेज गति में गाड़ी नहीं चलाएं नियम के साथ चले हम हमेशा साथ देंगे गाड़ी सड़क पर नही खड़ा करना है गाड़ी में बाजा नही बजाना है। गाड़ी चलाते समय मोबाईल से बात नही करें 8 लोगों को गाड़ी में बैठा सकते हैं। वही समसेरा पंचायत के मुखिया सुरजन बड़ाईक ने अंशदान कर बैंक में खाता खोलने, बोलबा में ऑटो स्टैंड बनाने, पार्किंग की सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही। संरक्षक अतुल बरला ने कहा कि ऑटो का कागजात दुरुस्त रखें, दुर्घटना होने पर सहायता मिलेगा ।संरक्षक नील जस्टिन बेक ने कहा कि समूह में काम करते है तो संघ बनाने का अधिकार है। कोई भी समस्याओं को संघ के माध्यम से बात करें तो प्रमुखता के साथ सुनी जायेगी। उचित उचित भाड़े लेकर ऑटो चलाएं कार्यवाहक थाना प्रभारी अभय मिंज ने कहा कि जिनके पास लाइसेंस नही है वे 23 दिसम्बर को बोलबा प्रखंड मुख्यालय में कैम्प लगेगा उसमें आवेदन करें। बाजार या कहीं भी सफेद लाइन से बाहर गाड़ी खड़ा करें बोलबा के मैदान में गाडी खड़ा करने का निर्देश दिया। उन्होंने इस मौके पर बताया कि मोबाइल ठगी आजकल बहुत अधिक बढ़ गया है। लोग लॉटरी, लोन, खाता बन्द होने की बात कहकर गुप्त नम्बर मांगते हैं। लोगो को गुमराह करके पर्सलन चीजो को मांगते है। इन सारी चीजों के प्रति सतर्क होकर कभी नही देना है। किसी प्रकार की कोई घटना होने पर 1930 पर सूचित करने की सलाह दिया। उन्होंने कहा कि दुर्घटना होने पर गवाही देने से नही डरे। उसका लाभ दिया जायेगा मानव तस्करी के चेन को तोड़ना है सड़क दुर्घटना लगातार हो रही है ऑटो में ओभर लोड नही करें। इस मौके पर बोलबा प्रखंड ऑटो चालक संघ का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष इंद्रजीत कुमार सिंह, उपाध्यक्ष कृष्णा बड़ाईक, सचिव मणि सिंह, कोषाध्यक्ष अजय सिंह, पंचायत अध्यक्ष सोचन, डेविड, जगतनारायण सिंह, जेम्स सोरेंग एवं भूषण टेटे को चुना गया। इस मौके पर झारखंड प्रदेश मजदूर नेता राजेश सिंह, कार्यवाहक थाना प्रभारी अभय मिंज, संरक्षक अतुल बरला , नील जस्टिन बेक, मुखिया सुरजन बड़ाईक, मुखिया बिनोद बड़ाईक, ललन सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे सभा के संचालन प्रेम दास ने किया।

---

# संस्कार युक्त शिक्षा विद्यार्थियों व समाज के लिए हितकर : डॉ.केसी श्रीवास्तव

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा में प्राचार्य जी पी झा के तत्वावधान में विज्ञान,कला और क्राफ्ट प्रदर्शनी सह किड्स महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के सी श्रीवास्तव रीजनल ऑफिसर का स्वागत विद्यालय बैंड ग्रुप द्वारा जोर-शोर के साथ स्काउट के साथ किया गया। छात्राओं द्वारा तिलक चंदन लगाया गया। मुख्य अतिथि केद्वारा पवित्र ज्योति प्रज्ज्वलित कर रिबन काटकर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया जिसमें बच्चों ने एक से बढ़कर एक वैज्ञानिक कलात्मक मॉडल का प्रदर्शन किया। उन्होंने छात्रों द्वारा बनाए गए मॉडल का परीक्षण करते हुए प्रशंसनीय शब्दों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। तत्पश्चात डीएवी गान गाया गया। प्राचार्य ने अपने भाषण द्वारा प्रदर्शनी में छात्रों के कठोर मेहनत की सराहना करते हुए कोरोना काल के दौरान सूने विद्यालय और आज के विद्यालय की तुलना करते हुए कोरोना पर विजय प्राप्ति के गौरव के माध्यम से विद्यार्थियों को सभी विपरीत परिस्थितियों में विजय प्राप्त करने का हौसला प्रदान किया। जूनियर डीएवी के नन्हे छात्रों द्वारा वात्सल्यपूर्ण स्वागत नृत्य व समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया। सीनियर डीएवी के बड़े विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक नृत्य व छात्रों द्वारा मूक प्रेरणादायी नाटक प्रस्तुत किया गया। जिसकी सभी दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट द्वारा प्रतिक्रिया व्यक्त की। जूनियर डीएवी के नन्हे छात्रों को विविध क्षेत्रों में उनकी प्रतिभा तथा मेहनत के लिए ट्राफी प्रदान की गई। मुख्य अतिथि केसी श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा शिक्षकों को संबोधित करते हुए डीएवी संस्था के उच्च आदर्शों, कर्तव्य व लक्ष्यों का स्मरण कराते हुए अभिभावकों व शिक्षकों से अनुरोध किया कि वे बच्चों में वैज्ञानिक, कलात्मक तथा पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ नैतिक मूल्यों के समावेश को भी महत्व दें। उन्होंने संस्कारविहीन शिक्षा को मानव जाति के लिए अहितकर बताया। अंत में शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

---

# समाजसेवी डॉ टी साहू ने प्राचीन कोराम्बे महाप्रभु मंदिर में की पूजा अर्चना

### देशवासियों की सुख शांति के लिए मनोकामना की

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** शहर के प्रसिद्ध दन्त चिकित्सक आर्मी रिटायर्ड सह समाजसेवी डॉ टी साहू ने सेन्हा प्रखण्ड अवस्थित प्राचीन कोराम्बे महाप्रभु मंदिर पहुचे। वहाँ पर विधि विधान पूर्वक भगवान श्री गणेश, जगतपिता श्री विष्णु, महादेव, समेत अन्य देवी देवताओं की पूजा अर्चना की। मंदिर के पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान विष्णु की पूजा अर्चना कराया। भगवान को भोग लगाने के पश्चात भगवान विष्णु की महाआरती हुई। इसके बाद भक्तों के बीच भोग का प्रसाद बांटा गया। इस मौके पर डॉ टी साहू ने कोराम्बे महाप्रभु से लोहरदगा समेत पूरे देशवासियों की मंगलकामना की। भगवान गणेश, विष्णु , महादेव , राधा कृष्ण, हनुमानजी समेत अन्य देवी देवताओं की स्तुति करने के बाद उनसे राष्ट्र को संकट से मुक्ति के लिए आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर मंदिर परिसर के लिए बैटरी और इन्वर्टर भेंट की। कहा कि रात में बिजली के चले जाने के उपरांत मंदिर में अंधेरा नहीं होना चाहिए। इसके लिए बैटरी इन्वर्टर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भगवान जगन्नाथ जी के लिए भव्य रथ का भी निर्माण कराया जाएगा। समस्त पूजन कार्य पुरोहित संजय पांडेय व उनके पुत्र ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराया। मौके पर पुरोहितों ने बताया कि कोराम्बे महामाया प्रभु की अनूठी मूर्ति नीलमणि ग्रेनाइट से उकेरी गई है। मूर्ति मुकुट से सुशोभित है। मूर्ति पर प्राकृतिक मिट्टी से स्वास्तिक और अन्य डिजाइन बनाए जाते हैं। माँ लक्ष्मीनारायण को महाप्रभु वासुदेव राय की गोद में बैठे हुए दर्शाया गया है। मुख्य मूर्ति के बाईं ओर सूर्यनारायण और राधा कृष्ण की मूर्तियाँ हैं। बाईं ओर मुख्य गर्भगृह के बाहर एक शिवलिंग, देवी पार्वती, गणेश, नंदी और ब्रह्मा की मूर्ति है। मुख्य गर्भगृह के दाहिनी ओर हनुमान जी की मूर्ति है। मंदिर में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा की लकड़ी की खूबसूरत मूर्तियाँ भी हैं।मंदिर के तीनों गुंबदों के शीर्ष पर एक चक्र है। एक अन्य शिवलिंग जिस पर ॐ का चिन्ह उकेरा गया है, उसे मुख्य परिसर के बाहर एक पेड़ के नीचे रखा गया है। मंदिर परिसर में एक तालाब और बाग शामिल है। उनसे शांति, समृद्धि, शत्रुओं पर विजय, अच्छे स्वास्थ्य और अच्छी कृषि उपज के लिए प्रार्थना की जाती है। निःसंतान दंपत्ति भगवान को गुलाइची के पांच फूल चढ़ाते हैं। फूलों को मूर्ति के ऊपर रखा जाता है और अगर फूल नीचे गिर जाते हैं तो यह उनकी मनोकामना जल्द से जल्द पूरी होने का संकेत देता है।

---

### विश्व हिंदू परिषद का सातों प्रखंड में पूर्ण हुआ मोटरसाइकिल जनसंपर्क अभियान

# गीता जयंती पर निकलने वाली शौर्य पथ संचलन शोभायात्रा होगी भव्य : विहिप

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के नेतृत्व में लोहरदगा जिला के शहरी क्षेत्र में गीता जयंती के अवसर पर 11 दिसंबर को भव्य तरीके से शौर्य पथ संचलन शोभायात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम की सफलता को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस निमित शहरी क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में बड़े बड़े होर्डिंग, बैनर पोस्टर लगा दिया गया है। 11 दिसम्बर दिन रविवार को सुबह 10 बजे ललित नारायण स्टेडियम से यह शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जो पूरा नगर का भ्रमण करेगी। नगर भ्रमण के बाद इसका समापन ललित नारायण स्टेडियम में होगा जहाँ कार्यकताओं को बौद्धिक मार्गदर्शन किया जाएगा। उक्त जानकारी विश्व हिंदू परिषद धर्म प्रसार प्रमुख सतीश पांडेय ने प्रेसवार्ता कर दी। उन्होंने कहा कि पूरे भारत में गीता जयंती के अवसर पर शौर्यपथ संचलन शोभा यात्रा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम के साथ निकाली जाएगी। झारखंड में एक दिसंबर से 15 दिसंबर तक निकलने की तिथि निर्धारित थी। जिसमे लोहरदगा जिले में 11 दिसंबर को शोभायात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने कहा कि युवाओं को आज बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद से जोड़ने की आवश्यकता है और जुड़ना चाहिए ताकि हिंदू समाज को और अधिक मजबूती प्रदान की जा सके। उन्होंने बताया कि सभी सनातनी लोगो से कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाग लेने के लिए अपील की गई है।

रविवार को शौर्य पथ संचलन में सनातनी एकता को दशार्ने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नगर के सभी सनातनी दुकानदार भाइयों से भी अपील की गई है कि वे शौर्य पथ संचलन में अपने दुकानों को स्वतः बंद करते हुए शामिल हो। कार्यक्रम में मुख्यतः प्रांत के मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू, प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, मार्गदर्शक मंडल संयोजक कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल अग्रवाल, क्षेत्र सेवा प्रमुख अजय कुमार समेत अन्य मुख्य रूप से शामिल होंगे। बजरंग दल के जिला संयोजक सचिन कुमार ने बताया कि 11 दिसंबर 2022 को निकलने वाली पद संचलन शोभा यात्रा को भव्य बनाने में कोई कमी नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा इस बार सनातन हिंदुओं की मजबूती का मिसाल लोहरदगा में देखने को मिलेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से गीता जयंती कार्यक्रम के जिला संयोजक रमेश चंद्र कुंवर, बजरंग दल संयोजक सचिन सिंघानिया, कार्यक्रम के जिला संयोजक रंजीत कुमार साहू, सहसंयोजक देवेंद्र कुमार मंडल, बिस्वजीत घोष समेत अन्य उपस्थित थे।

## न्यूज गैलरी

### असहायों के बीच कंबल का वितरण

**मेदिनीनगर।** वनवासी कल्याण केंद्र पलामू ईकाई ने रामगढ़ प्रखंड के हुटार पंचायत के मायापुर, बनालात, खुटार नवादी और उलमान के जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया। केन्द्र को रमेश चंद्र मेमोरियल चैरिटेबल सोसायटी ट्रस्ट दिल्ली के सौजन्य से कंबल उपलब्ध कराया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के जिला उपाध्यक्ष अमलेश्वर दुबे, विशिष्ट अतिथि अविश्वनी मिश्रा, नगर सचिव संतोष कुमार, संभाग नगरीय कार्य प्रमुख बृजमणि पाठक आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। जिला उपाध्यक्ष अमलेश्वर दुबे ने कहा कि वनवासी कल्याण केन्द्र आदिवासी समाज को कई प्रकल्पों के माध्यम से जागरूक करने का काम कर रहा है। आदिवासी समाज आज भी कई मायने में पिछड़ा हुआ है। वनवासी, नगरवासी सभी भारवासी हैं। इसी संकल्प के साथ वनवासी कल्याण केन्द्र कार्य कर रहा है। इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री अंबिका सिंह, संच प्रमुख देवेन्द्र सिंह, विभाग श्रद्धा जागरण प्रमुख रामजी उरांव, मनोज गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### एनसीसी कैडेट्स की आठ दिवसीय ट्रेनिंग संपन्न, बच्चो में दिखा उत्साह

**मेदिनीनगर।** पलामू में 44 झारखंड बटालियन एनसीसी डालटनगंज के कैडेट्स का प्रशिक्षण कराया गया। डालटेनगंज में मानव देवी डेडिकेट इंटर कॉलेज पोखरहा में 1 दिसंबर से 8 दिसंबर तक चले प्रशिक्षण शिविर में 366 एनसीसी कैडेट ने भाग लिया। इसमें पलामू प्रमंडल के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्र और छात्राएं शामिल थे। यह प्रशिक्षण शिविर कर्नल एवं संपूर्ण पलामू प्रमंडल क्षेत्र के एनसीसी गतिविधियों के प्रभारी अमिताभ मुखर्जी की देखरेख में संपन्न हुआ। कैंप में कैंडेट्स को आधारभूत सैन्य प्रशिक्षण से अवगत कराया गया। इस दौरान कैडेट्स से फायरिंग व ड्रिल परेड कराया गया। इसके अलावा कैडेट्स के चंहुमुखी विकास के लिए ग्रुप डिस्कशन, लेक्चर देने की कला, टीम वर्क और काम करने के तरीके की जानकारी दी गई। इन लेक्चर्स के दौरान कैडेट्स को विभिन्न एक्टिविटीज करवाए गए। जिनमें सभी कैडेट्स ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान मनोवैज्ञानिक डॉ जूही कुमारी के मार्गदर्शन में कैडेट्स को पर्सनैलिटी डेवलपमेंट के बारे में भी बताया गया। इसके अलावा साइबर सिक्योरिटी से जुड़ी बारीकियों के बारे में भी अवगत कराया गया। इसके लिए खास तौर पर पलामू में साइबर सिक्योरिटी सेल इंस्पेक्टर युवराज कुमार को बुलाया गया था। साथ ही मानव देवी इंटर कॉलेज के डायरेक्टर विजय मेहता और प्रिंसिपल डॉ श्वेता कुमारी ने अपने अपने बातों से कैडेट्स का हौसला बढ़ाया। मानव देवी इंटर कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ श्वेता कुमारी ने बताया कि ट्रेनिंग के दौरान एनसीसी कैडेट्स काफी उत्साहित दिखे। उन्हें आठ दिवसीय इस ट्रेनिंग का काफी लाभ हुआ। उन्हें पढ़ाई और सैन्य ट्रेनिंग के अलावा जिंदगी में आगे बढ़ने के लिए कई और रास्तों के बारे में पता चले।

### सरकार का फिल्म पूरा होने के पहले टेलर ही फ्लॉप : आजसू

**मेदिनीनगर।** आजसू के सचिव सतीश कुमार ने कहा कि झारखंड के सरकार का एक नया नौटंकी खतियानी जोहार यात्रा गढ़वा पलामू से आरंभ किया है। असल इस यात्रा का नाम झारखण्ड अपमान यात्रा होनी चाहिए। सबसे पहले तो इनका यात्रा ईडी के डर से बना है। क्योंकि झारखण्ड के हजारों करोड़ घोटाला का जबाव इसके पास नहीं है। तब जनता को गुमराह करने के लिए अपनी गुनाह पर पर्दा डालने के लिए इनका यात्रा चल रहा है। अपने संरक्षण में झारखंड का बालू दूसरे राज्य में बेच डाले। अब गरीब के आवास के लिए बालू नही मिल रहा है तो इनके पदाधिकारी आवास पुरा नहीं होने पर मुकदमा दर्ज कर भुगतान राशि को वापस करने के लिए धमकी दे रहा है। भ्रष्टाचार युक्त कंबल मेदनीनगर स्टेशन पर बाट रहे है। हालांकि पलामू में घोटाला को कई है, 500 करोड़ का धान क्रय घोटाला जिसमे 6 माह पूर्व ही उच्च न्यायालय ने आपके सरकार को काउंटर एफिडेविट देने के लिए आपकी सरकार को नोटिस जारी किया। इस घोटाले में मुख्यमंत्री का भी गला फंसता नजर आ रहा है। मुख्यमंत्री पशुधन योजना घोटाला पर क्यो नहीं आदेश दिया गया। कई घोटाला की जांच ईडी कर रही है जिसमे आप प्रत्यक्ष रूप से शामिल है। 1932 खतियान के अधार पर स्थानीय व नियोजन नीति बना कर लागू कर दिया नहीं न। वहीं आजसू ने कहा कि जेएमएम के द्वारा पलामू को झारखंड की उप राजधानी बनायेंगे। 5 लाख युवाओं को प्रति वर्ष नौकरी, 3 लाख का आवास, शिक्षित बेरोजगार को भत्ता, अपराध मुक्त झारखण्ड की बात कही गई थी लेकिन घोषणापत्र के अनुरूप एक भी काम किया नहीं गया।

### पड़रिया व पचमो गांव के जोतकारों ने मांगा जमीन का मालिकाना हक

**मेदिनीनगर।** हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती पचमो व पड़रिया गांव के ग्रामीणों ने शुक्रवार को पथरा ओपी में पहुंचकर जमीन संबंधी समस्या से ओपी प्रभारी नीतीश कुमार को अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि पचमो, पड़रिया गांव अंतर्गत खाता नंबर 1, 21, 55, 27,50, 7,49,48 सीलिंग जमीन में करीब 50 वर्षों से भी अधिक समय से जोत कोड़ करते आ रहे हैं। पूर्व जमींदार श्याम बिहारी सिंह के पुत्र बृज बिहारी सिंह और उनकी पत्नी शांति देवी ने भूमि हदबंदी कानून को ताक पर रख अवैध रूप से जमीन की बिक्री कर रहे हैं। पड़रिया व पचमो गांव के भूमिहीन दलितों व जोतकारों ने सीलिंग की जमीन का सरकारी पर्चा देकर उन्हें उनका मालिकाना हक देने की मांग की है। मौके पर मंदीप यादव, चंद्रदेव यादव, सुरेश मिस्त्री, रामप्यारे साव, राजूरंजन राम, सत्येंद्र यादव, लखन शर्मा, गोविंद यादव, अमेरिका यादव, विनय सिंह, रघुनाथ भुईयां, ललिता कुंवर, परबतिया देवी, रजनी देवी, सरस्वती देवी, फुलमतिया कुंवर, निर्मला देवी, प्रमोद यादव, महेश यादव ,चतुरी यादव, लालदेव बैठा, महेंद्र राम, पप्पू गुप्ता, विवेक कुमार, शिवनंदन ठाकुर, राजन सिंह, महादेव यादव ,डब्लू कुमार ,लालबंस राम, नंदलाल शर्मा, बाबूलाल शर्मा, सुरेश शर्मा, शिवनंदन यादव, विशाल राम सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### 300 से अधिक लोग झामुमो में हुए शामिल, मुख्यमंत्री ने पार्टी का पट्टा पहना कर किया स्वागत

# विपक्ष में झंडा थामने वाला भी कोई नहीं मिलेगा : सीएम

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** खतियानी जोहार यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के गढ़वा आगमन पर जिले के कई दिग्गजों ने झामुमो का दामन थामा। इस दौरान रंका राज गढ़ के युवराज गुलाब सिंह, पूर्व जिप उपाध्यक्ष रेखा चौबे, एआईएमआईएम के जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश चंद्र, कई जिला परिषद सदस्य, मुखिया सहित विभिन्न पार्टियों को छोड़कर 300 से अधिक लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा में आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सभी को पार्टी का पट्टा पहना कर स्वागत करते हुए उन्हें पार्टी में शामिल किया।

पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से उक्त सहित गढ़वा जिला परिषद सदस्य अमृतांजली दूबे, जयदुल्लाह अंसारी, पूर्व प्रत्याशी तपेश्वर सिंह, रमकंडा से मनोज भुईहर, समाजसेवी शौकत कुरैशी, पूरे परिवार सहित गायक कलाकार उमेश विश्वकर्मा, कल्याणपुर मुखिया अशोक चन्द्रवंशी, भाजपा छोड़कर अपने 60 समर्थकों के साथ गढ़वा के संघत मोहल्ला निवासी वीर कुमार चौरसिया, रंका बौलिया के मुखिया पति रामकरेश चौधरी, मरहटिया मुखिया पति नवीन दूबे, मुखिया रुकसाना बीबी, अकील अंसारी, इरफान अंसारी, यासीन अंसारी,नवाज शरीफ,रिशु विश्वकर्मा, विजय मेहता,राशीद अंसारी, अफरोज अंसारी, नरेश राम, मो. शमशीर आलम, मो. अमानुतुल्लाह, मो. कुदुश, मो. रसीद, मो. इस्लाम, मो. कमाल, सरोज प्रसाद चौरसिया, सच्चिदानंद चौरसिया, अवधेश प्रसाद, कमलेश प्रसाद, राज कुमार प्रसाद, अक्षय कुमार, जितेंद्र ठाकुर, सुषमा देवी, रिंकू देवी, सरस्वती देवी, उषा कुमारी, बबीता देवी सहित 300 से अधिक लोगों का नाम शामिल है।

### झारखंड की जनता ने झारखंडी जनमानस की सरकार को चुना

मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने कहा कि झारखंड की जनता ने झारखंडी जनमानस की सरकार को चुना है, तो निश्चित रूप से राज्य एवं राज्य वासियों के हित का हर कार्य होगा। उन्होंने कहा कि गढ़वा में दूसरे दलों को छोड़कर झामुमो में शामिल होने वालों की सैलाब उमड़ पड़ी है। यह बहुत ही गर्व की बात है। यही स्थिति पूरे राज्य में है। दूसरे दलों को छोड़कर काफी संख्या में लोग झामुमो में शामिल हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष को आज धरना पर भी बैठने के लिए भाड़े पर आदमी खोजना पड़ता है। आने वाले समय में विपक्ष का झंडा थामने वाला भी कोई नहीं मिलेगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा सहित पूरे राज्य की जनता पूर्व के सत्तासीन दलों के झूठ एवं फरेब से ऊब चुकी है। बीस वर्षों तक सिर्फ जनता को छलने एवं राज्य को लूटने का काम होता रहा है। परंतु अब मुख्यमंत्री श्री सोरेन के नेतृत्व में जनता को पूरा हक एवं अधिकार मिल रहा है। जनता को अब एमहसूस हो रहा है कि उन्हें अपना राज्य मिल गया है। झारखंड अलग राज्य का सपना अब साकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि दूसरे दलों के लोग भी पूरे विश्वास एवं भरोसा के साथ झामुमो में शामिल हो रहे हैं।

# लूट के मनगढ़ंत कहानी बनाने के वादी प्रिंस सिन्हा गिरफ्तार, भेजा जेल

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** पुलिस ने लूट के मनगढ़ंत कहानी बना झूठी मुकदमा दर्ज कराने के वादी प्रिंस कुमार सिन्हा को गिरफ्तार कर लातेहार न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार ने प्रेस वार्ता कर बताया कि भारत फाइनेंस इंक्लूजन लिमिटेड कंपनी में कार्यरत प्रिंस कुमार सिन्हा पिता दामोदर प्रसाद सिन्हा ग्राम इचाक थाना गिद्धौर जिला चतरा ने बीते 26/10/2022 को बालूमाथ थाना में आवेदन देकर क्लाइंट के 1,35,773 रु थाना क्षेत्र के सीमरसोत ग्राम के पास अज्ञात अपराधियों द्वारा बंदूक दिखाकर लूट हो जाने की मामला दर्ज कराया था। जिस पर बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद के नेतृत्व में पु.नी. प्रेम कुमार निषाद एवं सैटट 165 सशस्त्र बल के जवान के द्वारा उक्त मामले पर गहन अनुसंधान किया गया। अनुसंधान में पाया कि उक्त वादी प्रिंस कुमार सिन्हा से किसी प्रकार की कोई लूट नहीं हुई है। प्रिंस अपने निजी कार्य में पैसे खर्च कर दिए है। जिसे छुपाने के लिए पैसों की गबन करने का मनगढ़ंत कहानी बनाकर बालूमाथ थाने में मामला दर्ज कराया है। जिसे गिरफ्तार कर शक्ति से पूछे जाने पर वादी ने लूट की मनगढ़ंत कहानी को स्वीकार किया। उक्त वादी से लूटा हुआ एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। जिस पर धारा 392 भा.द.वी. के तहत मामला दर्ज करते हुए लातेहार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। बता दें कि लूट का मनगढ़ंत कहानी का क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग आश्चर्य कर रहे हैं ।

### सड़क सुरक्षा अभियान के तहत दिलाया गया शपथ, बोले डीसी

# सड़क सुरक्षा नियमों का अक्षरशः पालन करें

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** बढ़ते सड़क दुर्घटना को देखते हुए सड़क सुरक्षा अभियान के तहत समाहरणालय परिसर में उपायुक्त अबु इमरान द्वारा सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को सड़क सुरक्षा का शपथ दिलाया गया। सभी ने इस दौरान सभी सपथ लिया की मैं शपथ लेता हूं कि सड़क पर वाहन चलाने से पहले सभी सुरक्षा संबंधी बातों का ध्यान रखूंगा, यातायात नियमों का हमेशा खुद और अपने परिजनों से पालन कराऊंगा, दो पहिया वालन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनूंगा, कार चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट लगाऊंगाद्व कभी भी शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाऊंगा, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात नहीं करूंगा, हमेशा एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड गाड़ियों को पहले जाने के लिए रास्ता देने के साथ सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने के लिए सदैव तत्पर रहूंगा। साथ ही उपायुक्त ने शपथ दिलाने के पश्चात सभी से अपील किया कि सड़क सुरक्षा नियमों का अक्षरशः अनुपालन करें। बताते चले कि जिले के सभी विभाग के प्रधान द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान के तहत सड़क सुरक्षा शपथ सभी कार्यालय कर्मियों को दिलाया गया।

### खेल मैदान का किया गया समतलीकरण

**इटखोरी(चतरा)।** पितीज पंचायत स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय के समीप जेसीबी मशीन से ऊबड़-खाबड़ जमीन को खेल मैदान में परिवर्तित कर समतलीकरण शुक्रवार को किया गया। इसका खर्च शिक्षक संतोष कुमार ने उठाया। इस संबंध में शिक्षक श्री कुमार ने बताया कि स्कूली बच्चों को खेल मैदान के समतलीकरण का कार्य हो जाने से अब प्रतिदिन खेल सकेंगे। मैदान के अभाव में बच्चे नहीं खेल पाते थे। उन्होंने कहा कि उत्क्रमित उच्च विद्यालय के बच्चे के लिए उचित खेल मैदान नहीं है। जिसके कारण बच्चे खेल नहीं खेल पाते हैं। मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष संजय कुमार विश्वकर्मा, प्रभारी प्रधानाध्यापक घनश्याम कुमार रजक, संतोष कुमार, सुदर्शन दुबे समेत अन्य शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित थी।

### यातायात नियमों के प्रति छात्रों को किया गया जागरूक

# खुद से करें खुद की सुरक्षा : फादर एमके जोश

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** संत जेवियर कॉलेज महुआडांड़ में सड़क सुरक्षा जागरूकता व सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण अभियान चलाया गया। कॉलेज के एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों व आइकफ सदस्यों ने सड़क सुरक्षा अभियान से प्रेरित होकर पोस्टर एवं बैनर बोर्ड लेकर कॉलेज गेट मुख्य सड़क पर राहगीरों को यातायात नियमों का पालन करने की अपील की और उन्हें फूल देकर स्वागत किया गया। सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत कॉलेज के सभी प्राध्यापकगण व विद्यार्थीगण और वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन करने की चेतावनी दी। पोस्टरों के माध्यमों से वालंटियरों ने आम लोगों को यातायात के लिहाज से सबसे व्यस्त विशेषकर कालेज रोड पर सुरक्षित ड्राइविंग करने का आह्वान किया। पोस्टरों में यातायात नियमों को पालन करने के चित्र उकेरे गए थे। इसके साथ ही नियमों की अवहेलना करने वाले चालक और राहगीर को नुकसान के बारे में भी चेताया गया है। इस दौरान सड़क सुरक्षा से जुड़े स्लोगन भी लगाए गए।

#### हेलमेट या सीट बेल्ट लगाने की अपील

प्राचार्य फादर एमके जोश ने कहा सड़क सुरक्षा अभियान को मनाने का उद्देश्य समुदाय, स्कूल, कॉलेज, कार्यशालाओं, सड़कों आदि पर लोगों के बीच में सड़क सुरक्षा के साधनों को बढ़ावा देना है और स्वयं की रक्षा खुद करें। प्रो रोश एलिस बरला ने बताया कि आकस्मिक कारक के रूप में सड़क दुर्घटनाओं के विश्लेषण से पता चलता है कि कुल सड़क दुर्घटनाओं में 78.7 प्रतिशत चालकों की गलती से होती हैं। इस गलती के पीछे शराब/मादक पदार्थों का इस्तेमाल, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करना, वैध गति से अधिक तेज गाड़ी चलाना और लापरवाह आदि होना है। सभी यात्रियों को यातायात के नियमों का पालन करने और ड्राइविंग के दौरान हेलमेट या सीट बेल्ट लगाने के लिए बढ़ावा देना। मौके पर एनएसएस पदाधिकारी मैक्सेनसियुस कुजूर, सिस्टर कैशलीन, डॉ प्यारी कुजूर, फादर राजीप तिर्की प्रो सुभास सामंत, प्रो अभय सुकुट डुंगडुंग, प्रो रीमा रेणु, प्रो कीर्ति मिंज, प्रो मन्नु कुमार शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# कस्तूरबा विद्यालय गिद्धौर का जनप्रतिनिधियों ने किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** शुक्रवार को गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय में संचालित कस्तूरबा गांधी आवसीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रखंड अध्यक्ष, प्रतिनिधि व मुखिया द्वारा किया गया। इस क्रम में विद्यालय द्वारा बच्चों को दिये जा रहा भोजन में काफी अनियमितता पायी गयी। बताया गया कि विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा बच्चों को मीनू के अनुसार भोजन नहीं दिया जा रहा है। जबकि अंडा, दाल, सब्जी गुणवत्तापूर्ण नहीं रहने के कारण विद्यालय वार्डेन के प्रति प्रतिनिधियों ने नाराजगी व्यक्त की। साथ ही विद्यालय प्रबंध समिति को जनप्रतिनिधियों ने भोजन में सुधार करने का निर्देश दिया। टीम ने विद्यालय में भोजन में अनिमितता बरतने की शिकायत उपायुक्त से भेंट कर करने की बात कही। टीम में भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी, मुखिया निर्मला देवी, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष महावीर दांगी, भाजपा युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष बबलू कुमार साव, पूर्व उपमुखिया सुरेश प्रसाद राणा सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल थे।

### पशु तस्करी के खिलाफ पुलिस नहीं लेगी एक्शन, सीएम ने कहा-

# पशुपालन विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में हो कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राज्य में पुलिस अब पशुधन तस्करी के खिलाफ कार्रवाई नहीं करेगी। पशुपालन विभाग के एनिमल हसबेंडरी ऑफिसर की मौजूदगी में ही और उसकी पहल पर ही पशु तस्करी रोकने के लिए कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में सीएम हेमंत सोरेन ने राज्य के डीजीपी नीरज सिन्हा को पलामू में विभागीय समीक्षा के दौरान दिया। दरअसल समीक्षा बैठक में पशु तस्करी को लेकर मंत्री मिथिलेश ठाकुर और मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाया। दोनों के सवाल उठाए जाने के बाद सीएम हेमंत सोरेन ने डीजीपी को इस संबंध में सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देश जारी करने को कहा है। सीएम ने समीक्षा बैठक में साफ तौर पर कहा कि जब इलाके में कोई स्लॉटर नहीं है तो पशुधन के खिलाफ कार्रवाई क्यों की जा रही। झारखंड के इलाके में पशुधन रोजगार का एक बड़ा साधन है और ग्रामीणों को एक बड़ा रोजगार देता है। इस संबंध में सोच समझकर निर्णय लेने की जरूरत है। सीएम ने कहा कि झारखंड और छत्तीसगढ़ सटे हुए हैं। दोनों की जमीन एक दूसरे के इलाके में है। पशुधन को लेकर भी सीमा विवाद में कार्रवाई की जा रही है। ऐसा नहीं होना चाहिए ग्रामीण इलाकों में पशुधन रोजगार एक बड़ा साधन है। पूरे मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पलामू डीआईजी राजकुमार लकड़ा पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा से भी वस्तु स्थिति की जानकारी ली है। जानकारी लेने के बाद सीएम ने डीजीपी को एक निर्देश जारी करने को कहा ताकि रोड पर पुलिस कार्रवाई करने में सावधानी बरते।

# बेलवाटिका चौक के निकट अज्ञात लुटेरों ने लुटेरों ने दिनदहाड़े महिला का लूटा पर्स

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के व्यस्तता इलाका बेलवाटिका चौक के निकट अज्ञात लुटेरों ने हथियार के बल पर दिनदहाड़े एक महिला का पर्स छीन कर फरार हो गए। यह घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गयी। जानकारी के अनुसार उपायुक्त कार्यालय में कार्यरत अंजना कुमारी गुरुवार की शाम अपने घर से बाजार जा रही थी। तभी बेलवाटिकर मोहल्ले स्थित डॉ. राजेश कुमार के गली में तीन लुटेरे हथियार के बल पर उनका पर्स छीन कर फरार हो गये। लुटेरे भी जान रहे थे कि आज कोई पुलिस कर्मी नहीं रहेंगे। सभी मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर व्यस्त हैं। इसी का फायदा उठाते हुए लुटेरों ने घटना को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार उक्त महिला रेलवे ट्रैफिक इंचार्ज अरविंद कुमार सिन्हा की पत्नी है। इस घटना के बाद अंजना कुमारी के द्वारा अज्ञात लुटेरों के खिलाफ शहर थाना में मामला दर्ज करा दिया गया है। वहीं इस घटना के बाद से पुलिस अज्ञात लुटेरो की खोजबीन में जुट गई है।

### सप्लाई पानी के लीकेज पाइप का किया गया मरम्मत

**मेदिनीनगर।** स्थानीय चियांकि पहाड़ के पास 28 दिन से जलापूर्ति बंद थी। सप्लाई पाइप में तीन जगह से पानी लिकेज हो रहा था। दो डिलवरी पाईप से एवं एक राईजिंग पाईप से बहुत पानी लिकेज कर रहा था। निगम के द्वारा एक सप्ताह पहले जेसिबि मशीन द्वारा खुदवाकर छोड़ दिया गया था। पीएचईडी के द्वारा दो लिकेज ठिक किया एवं राईजिंग पाईप का लिकेज गुरुवार की शाम तक पूरी तरह ठीक किया गया है। पीएचईडी के पाइप लाइन इंस्पेक्टर संजय गुप्ता ने बताया कि विभाग के द्वारा सभी लीकेज पाइप के मररमत का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पोखराहा खुर्द में एमएसए पब्लिक स्कूल के पास बड़ा पुल के नीचे पाईप लिकेज था। जिसको वेल्डिंग कराकर ठीक कर दिया गया है। वही, जिसका पीएमओ कार्यालय भारत सरकार के द्वारा कम्पलेन भी था। जिसे पूरी तरह से ठीक कर दिया गया है।

### ऑटो दुर्घटना मे पिता पुत्र घायल, रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** प्रखंड क्षेत्र के दिरिदाग गांव के पास रात्रि मे बालुमाथ से करमाही जाने के क्रम में आटो दुर्घटना हो गया। आटो चालक मोती यादव पिता तुलसी यादव व.पुत्र सुरज यादव बुरी तरह घायल हो गए जिन्हें स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से बालुमाथ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लाए गए जहाँ डयूटी मे उपस्थित डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद द्वारा उपचार किया गया । इलाज मे पुत्र का बायां हाथ टुट गया है, जबकि पिता को आंतरिक चोट आई है। पुत्र को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया है ।

### सवारियों से लदा टेंपो पलटा, 6 से अधिक घायल, दो रेफर

**बरवाडीह।** बरवाडीह मेदनीनगर मुख्य सड़क में डोरामी यात्री शेड के पास शुक्रवार दोपहर बाद बरवाडी से कुटमू की ओर जा रहा था। यात्रियों से भरा टेंपो पलट जाने से उसमें सवार 6से अधिक लोग घायल हो गए। मौके पर लातेहार व्यवहार न्यायालय से गवाही देकर लौट रहे हैं। बीडीओ राकेश सहाय ने तत्काल सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार यात्रियों से भरा टेंपो कुटमू की ओर जा रहा था। टैंपू का संतुलन बिगड़ जाने के कारण डोरामी यात्री सेड के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गई। मौके पर अत्याचार व्यवहार न्यायालय से गवाही देकर लौट रहे बीडीओ राकेश सहाय ने तत्काल इसकी सूचना सामुदायिक स्वास्थ केंद्र को दी। वही एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को मानवता का परिचय देते हुए बीडीओ ने अपने से सभी घायलों को एंबुलेंस में उठाकर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र पहुंचकर सभी घायलों को उचित इलाज करवाएं। घायलों में 2 की स्थिति अत्यंत गंभीर देखते हुए उचित इलाज हेतु मेदनीनगर रेफर किया गया है।

सम्पादक की कलम से...

## चुनाव नतीजे : सबके अच्छे दिन

**भाजपा** कांग्रेस-आप सबको मतदाताओं ने खुश होने का मौका दिया है। बुधवार को दिल्ली में एमसीडी के चुनाव नतीजे और गुरुवार को हिमाचल प्रदेश और गुजरात विधानसभा के नतीजे। इन तीनों चुनावों में तीन दल मुकाबले में थे। सबके हिस्से एक-एक जीत आयी है और तीनों को मुस्कुराने की वजह मिल गयी है। बुधवार सुबह जब एमसीडी के चुनाव नतीजे आना शुरू हुए, तब आम आदमी पार्टी ने भाजपा से जीत छीन ली। कांग्रेस तीसरे नंबर पर रही। माना जा रहा था कि आम आदमी पार्टी गुजरात में भी भाजपा का खेल बिगाड़ सकती और कांग्रेस सब जगह खाली हाथ रह सकती है, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। कांग्रेस दूसरे नंबर पर रही। हालांकि, उसे 60 सीटों का नुकसान हुआ है। आम आदमी पार्टी के अच्छे दिन इसलिए हैं, क्योंकि जिस राष्ट्रीय राजधानी से उसने पहले भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के बाद राजनीतिक पदार्पण किया, वहां उसने 2013 के विधानसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन किया और 2015 और 2020 के विधानसभा चुनाव में स्पष्ट बहुमत के साथ जीत हासिल की, लेकिन एमसीडी उसकी पहुंच से दूर थी। इस बार तीन नगर निगम का एकीकरण हुआ और 272 की जगह 250 सीटों पर चुनाव हुए। 134 सीटों पर जीत के साथ ही आम आदमी पार्टी ने भाजपा से उसका वह मजबूत गढ़ छीन लिया, जो 15 साल से उसके पास था। इतना ही नहीं, गुजरात में पार्टी को करीब 13 फीसदी वोट मिले। राज्य के 41 लाख से ज्यादा मतदाताओं ने आप को वोट दिया। इस नतीजे के साथ ही आप का देश की नौवीं राष्ट्रीय पार्टी बनना तय हो गया। दूसरी ओर आम आदमी पार्टी ने इस बार गुजरात की 182 में से 181 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे। गुजरात में पहले चरण के मतदान से पहले उसने वहां पूरा जोर लगाया था। कई एग्जिट पोल्स भाजपा के पक्ष में थे, लेकिन फिर भी यह माना जा रहा था कि आम आदमी पार्टी उसे नुकसान पहुंचा सकती है। हालांकि, गुरुवार को जब नतीजे सामने आये तो भाजपा को मुस्कुराने की वजह मिल गयी। 2002 में जब नरेंद्र मोदी पहली बार मुख्यमंत्री बने थे, तब भाजपा को मिलीं 127 सीटों से भी ज्यादा सीटें इस बार मिल गयीं। भाजपा 156 सीटों पर जीत हासिल की है। यह इस राज्य के चुनावी इतिहास में किसी भी दल को मिलीं सीटों का सर्वाधिक आंकड़ा है। भाजपा भले ही यहां 24 साल से सत्ता में हो, लेकिन 85 फीसदी सीटें जीत लेने के बाद यह राज्य में उसके सबसे अच्छे दिन कहलायेंगे। इधर, जब एमसीडी में आप जीती और गुजरात में भाजपा अब तक की सबसे ज्यादा सीटें ले आयी तो कांग्रेस के पास मुस्कराने की वजह हिमाचल से मिली। यहां इस बार प्रियंका गांधी के नेतृत्व में प्रचार अभियान चला। पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के निधन के बाद उनकी पत्नी प्रतिभा सिंह ने पूरी सक्रियता दिखायी। शुरूआती रुझानों में बराबरी का मुकाबला नजर आया, लेकिन बाद में कांग्रेस ने भाजपा को बहुमत हासिल करने से रोक दिया। 2017 में महज 21 सीट जीतने वाली कांग्रेस ने इस बार 40 सीटें जीत लीं। बात उत्तर प्रदेश में हुए उपचुनाव की करें तो यहां के मतदाताओं ने भी चुनाव लड़ रहे दोनों दलों को मुस्कुराने का मौका दिया। सपा मैनपुरी में जीत दर्ज करने में सफल रही। पार्टी ने मुलायम की विरासत तो बचायी ही, चाचा ने भतीजे की पार्टी में अपनी पार्टी का विलय करके सपा कार्यकर्ताओं को मुस्कुराने का मौका दे दिया। भाजपा के अच्छे दिन रामपुर से आये। जहां पार्टी को पहली बार जीत मिली। वहीं, रालोद ने खतौली सीट भाजपा से छीनकर अपने लिए खुश होने की वजह ढूंढ ली।

## आज का इतिहास

**1278 :** इंग्लैड में जालसाजी के आरोप में 680 यहूदियों को गिरफ्तार किया गया और इनमें से 293 को फांसी पर लटकाये गये।
**1525 :** भारत को जीतने के मकसद से बाबर ने सिंध के रास्ते पांचवीं बार यहां प्रवेश किया।
**1831 :** इक्वाडोर और वेनेजुएला ग्रेटर कोलंबिया से अलग हुए।
**1869 :** इंग्लैंड के जेम्स मूरी ने पहली साइकिल रेस जीती।
**1918 :** सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ हॉलैंड बनी।
**1928 :** लाठी चार्ज में घायल होने के बाद लाला लाजपत राय का निधन।
**1973 :** पुडुचेरी के अरबिंदो आश्रम की गुरू मां का निधन।
**1974 :** अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी की स्थापना की गयी।
**2002 :** इराक निशस्त्रीकरण संकटः हेंस ब्लिक्स के नेतृत्व में संयुक्त राष्ट्र के हथियार निरीक्षकों का दल इराक पहुंचा।
**2005 :** पूर्वी इराक में 2 मस्जिदों में कई आत्मघाती बम विस्फोटों में 74 शिया सैनिक मारे गए।
**2007 :** सऊदी अरब में 2007 ओपेक की बैठक वेनेजुएला के राष्ट्रपति ह्यूगो चावेज द्वारा खोली गयी।
**2009 :** बॉलीवुड अभिनेत्री सिंपल कपाड़िया का निधन।
**2009 :** हांगकांग की सरकार ने एक नई लोकतांत्रिक राजनीतिक संशोधन योजना का खुलासा किया।
**2013 :** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने मंगल ग्रह पर मावेन यान को भेजा।
**2014 :** यूनेस्को के अनुसार, स्पेन के कैमिनो सैंटियागो, मनीला में रिजल स्मारक, पेरू के माचू पिच्चू और ऑस्ट्रेलिया के डंपियर द्वीपसमूह विश्व धरोहर स्थल खतरे में हैं।
**2017 :** भारत की मानुषी छिल्लर ने ह्यमिस वर्ल्ड 2017 का खिताब जीता।
**1932 :** तीसरे गोलमेज सम्मेलन की शुरूआत हुई।
**1933 :** अमेरिका ने सोवियत संघ को मान्यता देते हुए व्यापार के लिए सहमति दी।

# जहरीली हवा से जूझते बच्चे

> ‘दुनिया में आने से पहले ही जान गंवा देने वाले शिशुओं में से साढ़े नौ लाख बच्चों की मौत की बड़ी वजह हवा में मौजूद दूषित कण पीएम 2.5 था। ‘नेचर कम्युनिकेशन’ पत्रिका में छपे इस शोध के मुताबिक गर्भवती महिला जब दूषित हवा में सांस लेती है, तो गर्भनाल के जरिये हवा में मौजूद कण नवजात तक पहुंचते हैं। इससे भ्रूण का स्वास्थ्य प्रभावित होता है। इतना ही नहीं, दमघोंटू हवा के संपर्क में रहने वाली मां के शरीर में पल रहे भ्रूण या शिशु को पर्याप्त मात्रा में आक्सीजन भी नहीं मिल पाती है। ऐसे गर्भ के भीतर शिशु का विकास तो प्रभावित होता ही है, कई बार दम भी घुट जाता है।’

यह सच है कि विकास को गति देने के लिए संचार, परिवहन और उद्योग सभी आवश्यक हैं, मगर देश के नागरिकों के स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए वायु और संपूर्ण पर्यावरण को शुद्ध रखना भी उतना ही जरूरी है। दुनिया में पहली बार किये गये अपनी तरह के एक शोध में मानव जीवन के लिए खतरा बने प्रदूषण से जुड़ी डरावनी स्थितियां सामने आई हैं। भारत सहित दुनिया के एक सौ सैंतीस देशों में मां के गर्भ में ही जान गंवाने वाले पैंतालीस हजार शिशुओं पर हुए अध्ययन में यह सामने आया कि उनमें चालीस फीसद बच्चों की मौत का कारण हवा में मौजूद पीएम 2.5 कण था। शोध में शामिल देशों में वर्ष 2010 में 23.1 लाख, 2019 में 19.3 लाख और 2015 के दौरान 20.9 लाख शिशु जन्म से पहले ही मर गये थे। दुनिया में आने से पहले ही जान गंवा देने वाले शिशुओं में से साढ़े नौ लाख बच्चों की मौत की बड़ी वजह हवा में मौजूद दूषित कण पीएम 2.5 था। ‘नेचर कम्युनिकेशन’ पत्रिका में छपे इस शोध के मुताबिक गर्भवती महिला जब दूषित हवा में सांस लेती है, तो गर्भनाल के जरिये हवा में मौजूद कण नवजात तक पहुंचते हैं। इससे भ्रूण का स्वास्थ्य प्रभावित होता है। इतना ही नहीं, दमघोंटू हवा के संपर्क में रहने वाली मां के शरीर में पल रहे भ्रूण या शिशु को पर्याप्त मात्रा में आक्सीजन भी नहीं मिल पाती है। ऐसे गर्भ के भीतर शिशु का विकास तो प्रभावित होता ही है, कई बार दम भी घुट जाता है। यह स्थिति वाकई चिंतनीय है। हाल के बरसों में दुनिया के हर हिस्से में वायु प्रदूषण बढ़ा है। हवा में घुलता जहर इंसान ही नहीं, धरती पर मौजूद हर प्राणी के लिए खतरा बन गया है। भारत के महानगरों में तो नवजात और बड़े होते बच्चे भी दमघोंटू हवा के घेरे में अनेक स्वास्थ्य समस्याओं का शिकार बन रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा वर्ष 2021 में किये गये एक शोध के अनुसार दुनिया भर में हर साल 8.30 लाख नवजात बच्चों की अकाल मौत का कारण दूषित वायु है। दरअसल, बढ़ता वायु प्रदूषण जीवन से जुड़े हर हिस्से को प्रभावित कर रहा है। प्रदूषित हवा का हृदय रोग, सांस संबंधी बीमारियों और कैंसर के साथ गहरा नाता है। हवा में घुलता जहर हर आयु वर्ग के लोगों के स्वास्थ्य के लिए घातक सिद्ध हो रहा है। बच्चों में बढ़ रहे कैंसर के मामलों की सबसे बड़ी वजह हवा में मौजूद हानिकारक तत्त्व ही हैं। हवा में मौजूद प्रदूषित कणों के बढ़ते से बच्चों का सहज विकास भी प्रभावित होता है, जिसके चलते जन्म के समय से ही बच्चों में शारीरिक-मानसिक विकृति पैदा हो सकती हैं। इतना ही नहीं, हवा में घुलते जहर के चलते महिलाओं में गर्भपात के आंकड़े भी बढ़े हैं। उल्लेखनीय है कि हवा की गुणवत्ता और गर्भस्थ तथा नवजात शिशुओं का स्वास्थ्य परस्पर गहराई से जुड़े हैं। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद और पब्लिक हेल्थ फाउंडेशन आफ इंडिया, इंस्टीट्यूट आफ हेल्थ मेट्रिक्स ऐंड इवैल्युशन द्वारा कुछ साल पहले किये गये साझा अध्ययन ‘ग्लोबल बर्डेन डिजीज’ अध्ययन के आंकड़े साफ बताते हैं कि पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में वायु प्रदूषण फेफड़े के संक्रमण का अहम कारण बन रहा है। गौरतलब है कि भारत में आज भी श्वसन रोग और निमोनिया बच्चों की मौत की सबसे बड़ी वजह है। बच्चों के अति संवेदनशील अंग हद से ज्यादा बढ़े प्रदूषण की मार झेलने में असमर्थ होते हैं। इसलिए वे जल्दी ही कई व्याधियों का शिकार बन जाते हैं। आज की बदलती जीवन-शैली में प्रदूषण बाहर ही नहीं, घर के भीतर भी कम नहीं है। दोनों ही जगह वायु प्रदूषण गर्भस्थ और नवजात बच्चों के लिए घातक साबित हो रहा है। ठंड के मौसम में स्थितियां और खराब हो जाती हैं। हर वर्ष राजधानी दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण के चलते बच्चों के स्कूल बंद करने और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं अचानक बढ़ जाने की खबरें आती हैं। विचारणीय यह भी है कि बदलती सामाजिक-पारिवारिक स्थिति भी गर्भ में पलते बच्चों और प्रदूषण के हालात से जुड़ी है। हाल के वर्षों में देर से शादी करने और बड़ी उम्र में मां बनने का चलन बढ़ा है। नतीजतन, गर्भ में पल रहे बच्चे के स्वास्थ्य से जुड़े जोखिम भी बढ़े हैं। नेचर कम्युनिकेशन में छपे शोध में भी वैज्ञानिकों ने कहा है कि दूषित हवा अधिक उम्र की महिला के गर्भ में पल रहे शिशु के लिए ज्यादा खतरनाक साबित हो रही है। नई पीढ़ी को दी जाने वाली थाती में हवा-पानी की स्वच्छता हमारी प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर होनी चाहिए थी, पर दुखद है कि दमघोटू हवा उनका जीवन जोखिम में डाल रही है।

## स्कूली बस्तों में क्या?

हाल ही में आई एक खबर ने सबको चौंकाया। बेंगलुरु के एक स्कूल में प्रिंसिपल को शिकायत मिली कि बच्चे बैग में मोबाइल फोन छिपाकर ला रहे हैं। बैग चेक करवाए तो सबकी आंखें फटी रह गईं। 8वीं, 9वीं और 10वीं क्लास के स्टूडेंट्स के बैग में कंडोम, गर्भ निरोधक गोलियां, लाइटर, सिगरेट, वाइटनर जैसी चीजें निकलीं। पानी की बोतलों में शराब थी। कुछ स्कूलों ने पैरंट्स को स्कूल बुलाया और उनसे बात की। ज्यादातर ने कहा कि बच्चों के साथ बैठकर बात करेंगे। इससे ज्यादा वे बोल भी नहीं सकते थे। आखिर उनसे किसी ने पूछा भी नहीं होगा कि अब तक बात नहीं कर रहे थे क्या! आपको इस खबर से हैरानी हो सकती है, मुझे नहीं हुई। इसलिए कि यह नई बात नहीं है। 2004 में दिल्ली के एक स्कूल में हुआ एमएमएस कांड सबको याद होगा। मोबाइल फोन में कैमरा और ब्लूटूथ आने लगे थे। स्कूली बच्चों के बीच क्या चल रहा था, यह कैमरे में आ गया था। आप कहेंगे कि मोबाइल फोन आने से बच्चों पर खराब असर पड़ने लगा। ऐसा भी नहीं है। उससे पीछे चलते हैं। मैं अपनी आठवीं क्लास की बात करता हूं। 1995-96 के आसपास वीसीआर का चलन था। हम छोटे शहरों के बच्चे दो-तीन महीने में एक बार केवल तभी वीसीआर पर फिल्में देख पाते थे, जब कोई किराए पर इसे लाता था। लेकिन दिल्ली में तब घर में वीसीआर/वीसीपी रखे जाने लगे थे। मैं कभी छुट्टियों में आता था तो मेरी उम्र के ही बच्चों के पास ऐसा कुछ देख लेता था कि झुरझुरी छूट जाती थी। जैसे एक बार मुझे पता चला कि यहां तो 8वीं-9वीं क्लास के बच्चे अडल्ट या पोर्न फिल्मों की विडियो कैसेट तक अपने बैग में लेकर स्कूल चले जाते हैं। ये कैसेट साइज में एक किताब जितनी बड़ी होती थीं, उसके बावजूद उनको इसे बैग में रखते घबराहट नहीं होती थी। स्कूल में ये एक्सचेंज की जाती थीं। यह बताने का मकसद केवल इतना है कि इस उम्र में बच्चों की जिज्ञासाएं क्या होती हैं। हो सकता है अब वे और कम उम्र में आने लगी हों। लेकिन आप सोचिये कि समस्या का पता होने के बाद भी हमारी शिक्षा प्रणाली और पैरंट्स के बच्चों के साथ व्यवहार में क्या बदलाव आया है। क्या इन दोनों में से किसी ने इस समस्या को खत्म करने के लिए कोई खास कदम उठाया? सेक्स एजुकेशन पर कोई बात होती है तो विरोध के स्वर पहले सुनाई देने लगते हैं।

■ **ललित वर्मा**

## बढ़ती आबादी, गहराता खाद्य संकट

भले हम विकास का दम भरते रहें, पर सच यह है कि दुनिया भर में भुखमरी का गंभीर संकट मंडरा रहा है। अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन का कहना है कि खाद्य समस्या का मुख्य कारण सिर्फ खाद्य पदार्थों का अभाव नहीं, बल्कि लोगों की क्रयशक्ति में कमी है। दुनिया की आबादी आठ अरब को पार कर चुकी है। मात्र तेईस साल की अवधि में दुनिया की आबादी दो अरब बढ़ गई। आने वाले दशकों में क्षेत्रीय असमानताओं के साथ जनसंख्या बढ़ती रहेगी। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक 2030 तक यह आबादी साढ़े आठ अरब, 2050 तक 9.7 अरब और 2100 तक 10.4 अरब तक पहुंच सकती है। आबादी के मामले में भारत अगले साल तक चीन को पीछे छोड़ देगा। वह पहले नंबर का सबसे बड़ी आबादी वाला देश हो जायेगा। भारत की जनसंख्या अभी 1.04 फीसद की सालाना दर से बढ़ रही है। अहम सवाल यह है कि जिस रफ्तार से जनसंख्या बढ़ रही है, इतनी बड़ी जनसंख्या का आने वाले समय में पेट कैसे भरा जायेगा। क्योंकि जलवायु परिवर्तन न सिर्फ आजीविका, जल आपूर्ति और मानव स्वास्थ्य के लिए खतरा, बल्कि खाद्य सुरक्षा के लिए भी चुनौती खड़ी कर रहा है। दुनिया के अधिकांश देश आज जिन चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, उनमें खाद्य सुरक्षा सबसे बड़ी चुनौती है। आज जिस तरह विश्व की आबादी बढ़ रही है, उसी हिसाब से प्राकृतिक संसाधनों पर भी स्पष्ट रूप से दबाव पड़ रहा है। आज पूरी दुनिया के लिए बढ़ती आबादी और सिकुड़ते संसाधन एक अभिशाप हैं, क्योंकि जनसंख्या के अनुपात में संसाधन सीमित हैं। यही वजह है कि करीब आठ अरब की आबादी का बोझ ढोती यह पृथ्वी जनसंख्या से पैदा हुई अनेक समस्याओं के निदान की बाट जोह रही है। पूरी दुनिया की आबादी में अकेले एशिया की इकसठ फीसद हिस्सेदारी है। यही भारत को दुनिया की महाशक्ति बनने में सबसे बड़ी बाधा है। फिलहाल भारत की जनसंख्या विश्व जनसंख्या का अठारह फीसद है। भूभाग के लिहाज के हमारे पास 2.5 फीसद जमीन और चार फीसद जल संसाधन है। ऐसे में तेजी से बढ़ती जनसंख्या देश की सामाजिक-आर्थिक समस्याओं की जननी बन कर देश के सामने खतरे की घंटी बन सकती है। आज जनसंख्या वृद्धि देश की हर समस्या का मूल कारण बनती जा रही है। गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी, अशिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, अपराध, स्वच्छ जल की कमी आदि के पीछे भी जनसंख्या वृद्धि एक बड़ा कारण है। इतना ही नहीं, देश में जमीन के कुल साठ फीसद हिस्से पर खेती होने के बावजूद करीब बीस करोड़ लोग भुखमरी का शिकार हैं। साफ है, जनसंख्या विस्फोट से संसाधनों की अपर्याप्तता के कारण उत्पन्न हुई समस्याओं का असर सब पर पड़ रहा है। चाहे वह किसी भी धर्म या जाति का हो। अभी भारत की आबादी 1.39 अरब है। बढ़ती जनससंख्या के चलते कृषि योग्य भूमि पर भी अतिक्रमण हो रहा है। खेती योग्य जमीन घट रही है, खाने वाले लोग बढ़ रहे हैं। ऐसे में सभी के लिए कृषि से भोजन उपलब्ध कराना एक नई चुनौती होगी। यह विडंबना ही है कि आजादी के बाद देश खाद्यान्न के मामले में पूरी तरह आत्मनिर्भर नहीं हो पाया है, बल्कि आज कृषि भूमि के अन्य उपयोगों में तेजी से परिवर्तन हो रहा है, किसान कृषि से दूर हो रहे हैं, जिससे भारत में खाद्य सुरक्षा के लिए खतरा बढ़ सकता है। कृषि भूमि का ह्रास भारत के सामाजिक-आर्थिक ताने-बाने को भी प्रभावित कर रहा है। हालांकि, इस दौरान सरकार द्वारा बंजर भूमि को कृषि योग्य भूमि में बदलने में कुछ सफलता मिली है, बावजूद इसके, यह भी एक तथ्य है कि हमारे देश में खेती योग्य भूमि साल-दर-साल घट रही है। ‘वेस्टलैंड एटलस 2019’ के मुताबिक, पंजाब जैसे कृषिप्रधान राज्य में चौदह हजार हेक्टेयर और पश्चिम बंगाल में बासठ हजार हेक्टेयर खेती योग्य भूमि घट गई है। वहीं, सबसे अधिक आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में यह आंकड़ा सबसे अधिक खतरनाक लग सकता है, जहां हर साल विकास कार्यों पर अड़तालीस हजार हेक्टेयर कृषि भूमि घटती जा रही है। गौरतलब है कि 1992 में ग्रामीण परिवारों के पास 11.7 करोड़ हेक्टेयर भूमि थी, जो 2013 तक घट कर केवल 9.2 करोड़ हेक्टेयर रह गई। जाहिर है कि महज दो दशक में 2.2 करोड़ हेक्टेयर भूमि ग्रामीण परिवारों के हाथ से निकल गई। अगर यही सिलसिला जारी रहा तो कहा जा रहा है कि अगले साल तक भारत में खेती का रकबा आठ करोड़ हेक्टेयर ही रह जायेगा। यह ठीक है कि जनसंख्या नियंत्रण के नाम पर कई योजनाएं बनीं, मगर वे सफल नहीं हो सकीं। जनसंख्या के लिए एक राष्ट्रीय नीति बहुत जरूरी है। बेतहाशा बढ़ती जनसंख्या देश के विकास को प्रभावित कर रही है। बड़ी जनसंख्या तक योजनाओं के लाभों का समान रूप से वितरण संभव नहीं हो पाता, जिसकी वजह से हम गरीबी और बेरोजगारी जैसी समस्याओं से दशकों बाद भी उबर नहीं सके हैं।

■ **रवि शंकर**

### धर्म दर्शन

## श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

### अथ प्रथमोऽध्यायः

माताकी यह बात सुनकर सूक्ष्मधर्मके निर्णयमें विशेष ज्ञान रखनेवाले गंगातनय भीष्मने मुझसे कहा- हे कृष्ण द्वैपायन! तुम्हें इस विषयमें विचार नहीं करना चाहिये। हे पुण्यात्मन्! माताका वचन मानकर तुम सुखपूर्वक विहार करो ॥ 54-55 ॥

व्यासजी बोले - [ हे नारद!] भीष्मका यह वचन सुनकर तथा माताकी प्रार्थनापर मैं निःशंक भावसे उस निन्द्य कर्ममें प्रवृत्त गया ॥ 56 ॥

रात्रिमें मैं प्रसन्नतापूर्वक ऋतुमती अम्बिकाके साथ प्रवृत्त हुआ, किंतु मुझ कुरूप तपस्वीके प्रति उसके अनुरागहीन होनेके कारण मैंने उस सुश्रोणीको शाप दे दिया कि प्रथम संसर्गके समय ही तुमने अपनी दोनों आँखें बन्द कर ली थीं, अतः तुम्हारा पुत्र अन्धा होगा ॥ 57-58 ॥

हे मुनिवर ! दूसरे दिन माताने एकान्तम मुझसे फिर पूछा- हे पुत्र क्या काशिराजका पुत्री अम्बिका गर्भसे पुत्र उत्पन्न होगा? तब जाके कारण मुख नीचे किये हुए मैंने मातास कहा है माता! मेरे शापके प्रभावसे नेत्रहीन पुत्र उत्पन्न होगा ॥ 59-60 ॥

हे मुने! इसपर माताने कठोर वाणीमें मेरी भर्त्सना की 'हे पुत्र ! तुमने शाप क्यों दिया कि तुम्हारा पुत्र अन्धा होगा ' ॥ 61 ॥

बात सुनकर वासवराजकुमारी सत्यवती चकित हो गयीं और पुत्रके लिये अत्यन्त व्यग्र होकर मुझसे कहने लगीं- हे पुत्र ! काशिराजकी श्रेष्ठ पुत्री वधू अम्बालिका विचित्रवीर्यकी भार्या है, जो विधवा तथा पतिशोकसे सन्तप्त हैं। वह सभी शुभ लक्षणोंसे सम्पन्न और रूप तथा यौवनसे युक्त है। तुम उसके साथ संसर्ग करके प्रिय पुत्र उत्पन्न करो ॥ 1-3 ॥

नेत्रहीनको राजा बननेका अधिकार नहीं हो सकता। इसलिये हे मानद! मेरी बात मानकर तुम उस राजपुत्रीसे एक मनोहर पुत्र उत्पन्न करो ॥ 4 ॥

हे मुने! तब मैं माताजीके ऐसा कहनेपर वहीं हस्तिनापुरमें ठहर गया और जब सुन्दर केशपाशवाली काशिराजकी पुत्री अम्बालिका ऋतुमती हुई तो अपनी सासके कहनेपर वह एकान्त शयनकक्षमें लज्जित होती मेरे पास आयी ॥ 5-6 ॥

वहाँ मुझ जटाधारी, इन्द्रियनिग्रही तथा श्रृंगाररससे अनभिज्ञ तपस्वीको देखकर उसके मुखपर पसीना आ गया, शरीर पीला पड़ गया और उसका मन बहुत खिन्न हो गया ॥ 7 ॥

- क्रमशः

### संपादक के नाम पाठकों की पाती

## बाइक पार्किंग की व्यवस्था हो

शहर में कई क्षेत्रों में रोज दिन कहीं न कहीं नया निर्माण हो रहा है। कई जगहों पर मॉल का निर्माण हो रहा है। ऐसे में शहर नये युग में प्रवेश कर रहा है। पहले हम बड़े शहरों में ही मॉल देखा करते थे। अब हमारे शहर में भी मॉल बन रहे हैं। लेकिन शहर में कई क्षेत्र रोज दिन जाम की चपेट में आते रहते हैं। प्रशासन के द्वारा जाम को लेकर प्रतिदिन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा। बाजार की सड़को के बीच जो लोग अपने बाइक को लगा रहे है उसे प्रशासन के लोग थाना ले जा रहे है और उन पर जुर्माना लगाया जा रहा है। लोगों का कहना है कि शहर में पार्किंग की व्यवस्था नहीं गाड़ी को लगाये तो कहा लगायें। प्रशासन के द्वारा जाम को लेकर चलाये जा रहे अभियान सही है। लेकिन इसके साथ बाइक के लिए प्रशासन पार्किंग की व्यवस्था करें। ऐसे में शहर में बाइक पार्किंग की बहुत शिद्दत के साथ जरूरत महसूस की जा रही है। शहर में अधिकांश सड़क बाइक व अन्य दो पहिया वाहनों के कारण जाम रहते हैं। अगर इन बाइकों के लिए शहर में एक उचित जगह देखकर उनका पार्किंग स्थल बना दिया जाये तो शहर को जाम से मुक्ति मिल सकती है। ज्ञात हो कि शहर में रोज दिन गांव से सैकड़ों की संख्या में लोग बाइके से आते हैं। मैं आपके लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से प्रशासन व निगम से बाइक पार्किंग बनाने का अनुरोध करता हूं।

■ **अमरनाथ, मेदिनीनगर।**

## आप की ऐतिहासिक जीत, पर भाजपा का वोट शेयर बढ़ा

एमसीडी चुनाव में बीजेपी को आम आदमी पार्टी के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली लेकिन आखिरकार आप ने कड़े मुकाबले में बाजी मार ली। यह ऐतिहासिक जीत भी कहा जायेगा तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। दिल्ली एमसीडी में 250 वार्ड है। एमसीडी चुनाव में आप को 134, भाजपा को 104, कांग्रेस को 9 और निर्दलीय के खाते में 3 सीटें प्राप्त हुई। चुनाव में क्या मुद्दे चले, इतनी कांटे की टक्कर क्यों देखने को मिली इसे सीटों के रुझान से कहीं ज्यादा वोटशेयर के आंकड़ों से समझ सकते हैं। आम आदमी पार्टी का वोटशेयर पिछले चुनाव के मुकाबले जबरदस्त ढंग से बढ़ा है लेकिन बीजेपी का भी वोटशेयर बढ़ा है। दिल्ली एमसीडी इलेक्शन के नतीजों पर सिर्फ दिल्ली नहीं बल्कि देशभर की निगाहें हैं। तभी तो दिल्ली स्टेट इलेक्शन कमिशन की आधिकारिक साइट और आधिकारिक ऐप जबरदस्त ट्रैफिक को झेल नहीं पाए और बार-बार क्रैश हो रहे थे। वोटशेयर पर नजर डालें तो आम आदमी पार्टी का वोटशेयर 42.05 प्रतिशत है जो पिछली बार के मुकाबले 16 प्रतिशत ज्यादा है। बीजेपी का वोट शेयर 39.09 प्रतिशत रहा जो पिछली बार के मुकाबले 3 प्रतिशत ज्यादा है। वहीं, कांग्रेस की बात करें तो उसका वोटशेयर 11.68 प्रतिशत है जो पिछले चुनाव के मुकाबले करीब 10 प्रतिशत कम है। **कांग्रेस का वोटशेयर और घटा,आप का बढ़ा :** कांग्रेस की न सिर्फ सीटें घटीं बल्कि दिख रही हैं बल्कि उसका वोटशेयर भी जबरदस्त तरीके से लुढ़का है। पिछली बार 31 सीटें जीतने वाली कांग्रेस इस बार दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाई। 2017 में दिल्ली की तीनों एमसीडी को मिलाकर कांग्रेस का औसतन वोटशेयर 21 प्रतिशत था जो इस बार घटकर 11.68 प्रतिशथ हो गया है। यानी वोट शेयर में करीब 10 प्रतिशत की कमी। इसका सीधा फायदा आम आदमी पार्टी को मिला है। वहीं बीजेपी अपना पिछला वोट बेस न सिर्फ बचाने में कामयाब दिख रही है बल्कि उसमें इजाफा भी दिखा। **कांग्रेस से खिसके वोट आप की झोली में गिरे :** आम आदमी पार्टी को पिछली बार 26 प्रतिशत वोट मिले थे जबकि इस बार उसका वोटशेयर 42 प्रतिशत है। यानी पिछली बार के मुकाबले 16 प्रतिशत ज्यादा। वोटशेयर के आंकड़ों के देखें तो संकेत मिलता है कि कांग्रेस से जो वोट छिटके हैं, उनमें ज्यादातर आम आदमी पार्टी के हिस्से आए हैं। यानी कांग्रेस को वोटशेयर में हुए नुकसान का सीधा फायदा आम आदमी पार्टी को मिला। **बीजेपी हारी जरूर लेकिन सपोर्ट बेस और मजबूत हुआ :** पिछली बार तीनों एमसीडी को मिलाकर 181 सीट जीतने वाली बीजेपी इस बार महज 104 सीटों पर सिमट गई। इस तरह एमसीडी में लगातार 15 सालों से चली आ रही उसकी सत्ता का अंत हो गया। वैसे बीजेपी हारी जरूर लेकिन वोटशेयर पर नजर डालेंगे तो अलग पहलू सामने आयेगा। पिछली बार के मुकाबले बीजेपी का वोटशेयर 3 प्रतिशत बढ़ा है। 2017 में एमसीडी तीन हिस्सों में बंटी थी। कुल वॉर्ड 272 थे। इनमें से बीजेपी ने 181, आम आदमी पार्टी ने 49 और कांग्रेस ने 31 सीटों पर जीत हासिल की थी। अगर वोटशेयर की बात करें तो बीजेपी को 36 प्रतिशत, आप को 26 प्रतिशत और कांग्रेस को 21 प्रतिशत वोट मिले थे। **सफाई का मुद्दा भाजपा का सिरदर्द बन गया :** दिल्ली एमसीडी चुनाव में इस बार आम आदमी पार्टी ने सफाई का मुद्दा मजबूती के साथ उठाया। पार्टी के नेताओं ने वॉर्ड-वॉर्ड जाकर यह बताया कि यदि निगम में उनको मौका मिलेगा तो इससे दिल्लीवालों को इस दिक्कत से निजात मिलेगी। एक ओर आप इस मुद्दे पर बीजेपी पर हमलावर थी तो वहीं बीजेपी इस मुद्दे पर बैकफुट पर थी। बीजेपी को इस मुद्दे पर बैकफुट की बजाय फ्रंटफुट पर खेलने की जरूरत थी लेकिन ऐसा हुआ नहीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता अभियान की देशव्यापी शुरूआत की। इसकी तारीफ देश-विदेश में हुई। निगम पर बीजेपी का कब्जा था इस दिशा में निगम की ओर से सही काम किया जाता तो आज उसे बचाव की मुद्रा में नहीं आना पड़ता।

■ **प्रदीप मालवीय**

**स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155,** प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज,** संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज*, प्रेस कार्यालय** : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नंबर :** 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

## न्यूज गैलरी

### गुप्तारघाट स्थित नरसिंह मंदिर का नये महंत बने विमलकृष्ण दास

**अयोध्या (एजेंसी)।** गुप्तारघाट स्थित नरसिंह मंदिर का नया महंत विमलकृष्ण दास महाराज को बनाया गया। शुक्रवार को मंदिर प्रांगण में एक महंताई समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में अयोध्यानगरी के विशिष्ट संत-महंत व धमार्चार्यों ने साधुशाही परंपरानुसार विमलकृष्ण दास को कंठी, चद्दर, तिलक देकर महंती की मान्यता दी। अपनी ताजपोशी से नवनियुक्त महंत बहुत ही अभिभूत दिखे। इस अवसर पर मणिरामदास छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास महाराज ने कहा कि गुप्तारघाट स्थित नरसिंह मंदिर का कार्यभार विमलकृष्ण दास को सौंपा गया है। वह हमारे छावनी की परंपरा के हैं। यहां की जो परंपरा गौ, संत, ब्राह्मण, दीन-हीन, अनाथ आदि सब प्रकार की सेवा करने की है। वह सेवा करने में विमलकृष्ण दास पूरी तरह तत्पर हैं। जो इन सेवाओं में लगे हुए भी हैं। उन्हें संतों-महंतों के बीच महंती दी गई है। अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरीशंकर दास महाराज ने कहा कि नरसिंह मंदिर की गद्दी रिक्त पड़ी थी, जिसकी पूर्ति की गई है। गद्दी पर महंत कमलनयन दास महाराज के कृपापात्र शिष्य विमलकृष्ण दास की ताजपोशी हुई है। जो साधु सेवा करने में पूरी तरह तत्पर हैं। उन्हें नरसिंह मंदिर का नया महंत घोषित किया गया है। समाज ने उनको कंठी, चद्दर व तिलक लगाकर महंत नियुक्त किया है। अब से नरसिंह मंदिर के महंत विमलकृष्ण दास होंगे। नये महंत विमलकृष्ण दास महाराज ने कहा कि वह आश्रम का सर्वांगीण विकास करेंगे। उन्हें आज जिस पद की बागडोर सौंपी गई है। उस पर वह अक्षरशः खरा उतरेंगे। सदैव महंत पद की प्रतिष्ठा बनाकर चलेंगे। उस पर कभी आंच नहीं आने देंगे। उनके द्वारा ऐसा कोई कार्य नही किया जायेगा, जिससे महंत पद की छवि धूमिल हो। अंत में नवनियुक्त महंत ने पधारे हुए संत-महंत एवं धमार्चार्यों को अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत-सम्मान किया। महंताई समारोह में दशरथ महल के विंदुगाद्याचार्य महंत देवेंद्र प्रसादाचार्य, रंगमहल पीठाधीश्वर महंत रामशरण दास, तपस्वी छावनी के ओमप्रकाश दास, महंत रामशरण दास रामायणी, जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह रोहित, भाजपा नेता शक्ति सिंह समेत अन्य संत-महंत व मंदिर से जुड़े शिष्य-परिकर मौजूद रहे।

### सारण में अपराधियों ने युवक को चाकू मारकर किया घायल

**छपरा (एजेंसी)।** बिहार के सारण जिले भगवान बाजार थाना क्षेत्र में अपराधियों ने शुक्रवार को एक युवक को चाकू मारकर घायल कर दिया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि मासूमगंज मुहल्ला निवासी विनय प्रताप का 20 वर्षीय पुत्र प्रताप प्रिंस राज बजरंग नगर से कोचिंग करने के बाद घर लौट रहा था। इस दौरान काशी बाजार चौक के समीप अपराधियों ने उसे चाकू मारकर घायल कर दिया। सूत्रों ने बताया कि घायल युवक को परिजनों ने सदर अस्पताल छपरा में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए पटना भेज दिया है। पुलिस घायल युवक के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर घटना में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है।

### सारण में युवक की गोली मारकर हत्या

**छपरा (एजेंसी)।** बिहार में सारण जिले के मांझी थाना क्षेत्र में शुकवार की सुबह अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि माड़ीपुर गांव के समीप अपराधियों ने एक युवक को गोली मारकर घायल कर दिया। घायल युवक को इलाज के लिये नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूत्रों ने बताया कि मृतक युवक की उम्र करीब 25 वर्ष है और उसकी तत्काल पहचान नहीं की जा सकी है।शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

### पश्चिम बंग सिक्योरिटी वर्कर्स यूनियन का विरोध-प्रदर्शन

**सिलीगुड़ी (एजेंसी)।** पश्चिम बंग सिक्योरिटी वर्कर्स यूनियन ने शुक्रवार को बकाया वेतन सहित कई मांगों को लेकर सिलीगुड़ी पॉलिटेक्निक कॉलेज के मुख्य गेट के सामने विरोध-प्रदर्शन किया। वहीं, अपनी मांगों के समर्थन में एक ज्ञापन भी सौंपा। यूनियन की तरफ से बताया गया कि पिछले 2 महीने से उनके सदस्यों को वेतन नहीं मिला है। सुरक्षा में तैनात यूनियन के सदस्य एक यूनिफॉर्म में काम कर रहे है। इन्ही सभी मांगों को लेकर यूनियन ने विरोध - प्रदर्शन करने के बाद सिलीगुड़ी पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य को एक ज्ञापन भी सौंपा। यूनियन के सदस्यों ने कहा जल्द से जल्द उनकी मांग नहीं माने जाने पर फिर आंदोलन करेंगे।

### बिहार इंटरमीडिएट व दसवीं परीक्षा की तारीखों का एलान, फरवरी 2023 में होगी परीक्षा

**पटना (एजेंसी)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (बीएसईबी) ने इंटरमीडिएट और दसवीं बोर्ड परीक्षा का शुक्रवार को डेट जारी कर दिया गया है। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने 2023 में आयोजित होने वाली परीक्षाओं की तारीखों का एलान करते हुए इसकी घोषणा कर दी है। बोर्ड के अध्यक्ष आनंद किशोर ने कैलेंडर जारी करते हुए कहा कि बिहार में आठ जनवरी से परीक्षाओं का कार्यक्रम शुरू हो जाएगा। अध्यक्ष आनंद किशोर ने कहा कि राज्य में सबसे पहले इंटर प्रैक्टिकल परीक्षा का एडमिट कार्ड 19 दिसम्बर व सैद्धान्तिक का 16 जनवरी को होगा जारी किया जाएगा। इस बीच 8 जनवरी को मैट्रिक परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी किया जाएगा। आनंद किशोर ने कहा कि बिहार में 10 वीं बोर्ड की परीक्षा अगले साल फरवरी में आयोजित की जायेगी। इसके साथ इसी माह बोर्ड के तरफ से इंटर की भी परीक्षा आयोजित की जाएगी। बोर्ड के तरफ से सब पहले इंटर की परीक्षा ली जाएगी। इसको लेकर जो तारीख तय की गई है वह है 1 से 11 फरवरी तक। इसके बाद 10वीं बोर्ड की परीक्षा 14 से 22 फरवरी तक होगी। वहीं, इससे पहले इंटर की प्रायोगिक परीक्षा 10 से 20 जनवरी के बीच ली जायेगी। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में अब हर साल राज्य शिक्षक पात्रता परीक्षा (एसटीईटी) का आयोजन होगा। इसको लेकर अगले साल यानी 2023 के फरवरी माह में फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरू होगी।

### मुख्यमंत्री ने 388 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास, कहा

# कानपुर के विकास के लिए काम कर रही डबल इंजन की सरकार

**कानपुर (एजेंसी)।** कानपुर औद्योगिक नगरी के रुप में विख्यात है और यहां से देश विदेश तक व्यापार होता है, लेकिन 70 से 80 के दशक में लोगों ने ध्यान नहीं दिया। इससे यहां का कारोबार कमजोर हुआ, अब केन्द्र और प्रदेश की डबल इंजन की सरकार होने से एक बार फिर कानपुर का कारोबार बढ़ रहा है। यही नहीं कानपुर सहित पूरे उत्तर प्रदेश के विकास के लिए डबल इंजन की सरकार प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। यह बातें शुक्रवार को कानपुर पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीएसएसडी कालेज में प्रबुद्ध वर्ग के सम्मेलन में कही।

**बंद हुआ सीसामऊ नाला :** मुख्यमंत्री ने कहा कि कानपुर ने अपने उद्योग के लिए पहचान बनाई। कुछ लोगों की नजरें कानपुर में रही और ये शहर दुर्व्यवस्था का शिकार हो गया। कानपुर की पहचान मोक्ष दायनी के रुप में बनी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खुद कानपुर आकार सीसामऊ नाला को बंद कराया। नाला को सेल्फी पॉइंट में बदल दिया गया। नमामि गंगे परिजोयजना का सबसे क्रिटिकल पॉइंट कानपुर था। यहां पर जो काम हुए या प्रयोग हुए उससे प्रयागराज में गंगा आचमन लायक हो गई है। यहां के विकास के लिए प्रधानमंत्री ने मेट्रो की सौगात दी, पहले फेस का उद्घाटन खुद प्रधानमंत्री ने किया और दूसरे व तीसरे फेस का लोकार्पण करने के लिए प्रधानमंत्री जल्द कानपुर आएंगे।

**कानपुर की बदल रही छवि :** योगी ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कानपुर की छवि बदलने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। नमामि गंगे, मेट्रो रेल, डिफेंस कॉरीडोर, स्मार्ट सिटी, डिफेंस कॉरिडोर आदि से कानपुर को बदला जा रहा है। इसके बाद प्रबुद्ध वर्ग से डॉक्टर, उद्यमी, शिक्षक समेत 51 लोगों को सम्मानित किया।

**योजनाओं का किया लोकार्पण :** कार्यक्रम में सीएम ने 387.59 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी। पालिका स्टेडियम में बने स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, कारगिल पार्क में बोटिंग समेत 174.12 करोड़ की डेढ़ सौ परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इसके अलावा 213.47 करोड़ की 122 परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया।

**12500 लाभार्थी हुए शामिल :** प्रबुद्धजन सम्मेलन में 11 विभागों के 12 हजार 500 लाभार्थी को भी बुलाया गया है। इसमें स्वनिधि और आवास योजना के 5500, उज्जवला योजना के 2000 और कन्या विवाह सहायता योजना और मातृ शिशु के 1500 लाभार्थी पहुंचे हैं।

### एक चौराहे पर शरारत की तो पुलिस करेगी अगले चौराहे पर ढेर : योगी

**अपराधियों** को सुधरने की चेतावनी देते हुये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि कोई अपराधी एक चौराहे पर शरारत करता है तो अगले चौराहे में पुलिस उसको ढेर कर चुकी होगी। कानपुर को विकास योजनाओं की सौगात देने आये श्री योगी ने प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित करते हुये कहा कि टेक्नोलॉजी का उपयोग करके आम नागरिक के जीवन को सहज और सरल बना सकते हैं। हमारे शहर सुरक्षित हों इसके लिए इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम को इससे जोड़ने की योजना है। 18 शहरों की ट्रैफिक व्यवस्था को आईसीसीसी से जोड़ा जा रहा है। उन्होने कहा कि चौराहों पर अपराधियों की गतिविधियों को सीसीटीवी कैमरा ट्रैक करेगा। यदि किसी अपराधी ने एक चौराहे पर कोई शरारत की तो दूसरे चौराहे पर पुलिस उसको ढेर कर चुकी होगी। कोई भी सुरक्षा में सेंध लगाने का प्रयास नहीं कर पाएगा।

# भाजपा ने भ्रम फैलाकर की लोकतंत्र की हत्या : जदयू

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में सत्तारूढ़ जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर कुढ़नी विधानसभा उप चुनाव के दौरान कई हथकंडे अपनाकर जनता को भटकाने का आरोप लगाया और कहा कि उसने भ्रम फैलाकर लोकतंत्र की हत्या की है। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने शुक्रवार को यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा, ह्कुढ़नी में हमलोग बहुत कम अंतर से हारे हैं। भाजपा के लोगों ने जो हथकंडे अपनाकर जनता को भटकाया वह जग जाहिर है। किस प्रकार भ्रम फैला कर लोकतंत्र की हत्या की गयी, वह सारी बातें आप बखूबी जानते हैं। भाजपा का असली चेहरा साम्प्रदायिकता और जातिवाद का है। कुढ़नी में उन्होंने करोड़ों रुपये पानी की तरह बहाए। लोकतंत्र में जनता मालिक होती है और कुढ़नी की जनता ने अभी जो फैसला सुनाया है वह शिरोधार्य है।

श्री कुशवाहा ने एक सवाल के जवाब में कहा कि किसी भी प्रकार का विश्लेषण करने के पक्ष में वह नहीं हैं। महागठबंधन के सभी लोग, घटक दल के सभी साथी एक साथ बैठकर समीक्षा करेंगे और आगे की रणनीति बनाएंगे। महागठबंधन के हमारे नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार को ऊंचाई पर लेकर गए हैं, विकास के जो नए आयाम खड़े किये हैं वह सर्वविदित है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास विकास के नाम पर मुख्यमंत्री श्री कुमार के सामने खड़ा होने लायक कोई चेहरा नहीं है। चुनाव के दौरान हर वर्ग के लोगों में महागठबंधन की स्वीकार्यता दिखाई पड़ी। जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि महागठबंधन में चट्टानी एकता के साथ हमारे तमाम साथी एक हैं, कोई खींचतान नहीं है। इस जीत से भाजपा के लोगों को ज्यादा खुश होने की जरूरत नहीं है। राजनीति में हार-जीत होती ही रहती है, यह लोकतंत्र का पहलू है लेकिन हमलोग हार से घबराने वाले नहीं हैं क्योंकि जो गिरता है वही संभलता है। आगे हमलोग और बेहतर कैसे करें, इस पर महागठबंधन के हम सभी साथी समीक्षा कर आगे की रणनीति बनाएंगे।

श्री कुशवाहा ने राष्ट्रीय परिषद की बैठक के संदर्भ में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि हमलोगों को काफी प्रसन्नता है कि बिहार को इसका सौभाग्य मिला। दस दिसंबर को कपूर्री सभागार में राष्ट्रीय परिषद की बैठक होने वाली है जबकि 11 दिसंबर को श्री कृष्ण मेमोरियल हाल में पार्टी का खुला अधिवेशन होगा, जिसमें दल के सभी नेता, सभी सांसद, विधायक, विधान पार्षद, पूर्व सांसद, विधायक, विधान पार्षद, पार्टी के पदाधिकारी एवं पार्टी के अन्य साथियों को बुलाया गया है। उल्लेखनीय है कि कुढ़नी विधानसभा उप चुनाव में हुए कांटे के मुकाबले में भाजपा के केदार प्रसाद गुप्ता ने जदयू के मनोज कुशवाहा को पराजित कर दिया है। भाजपा उम्मीदवार ने आज मतगणना की समाप्ति के बाद महागठबंधन के जदयू प्रत्याशी को 3649 वोट के अंतर से पराजित किया। श्री गुप्ता को 76722 और श्री कुशवाहा को 73073 वोट प्राप्त हुआ है। भाजपा ने यह सीट राजद से छीनी है।

### कुढनी में भाजपा की जीत के बाद इस्तीफा दें नीतीश कुमार

**भाजपा** ने शुक्रवार को कहा कि बिहार में भाजपा को धोखा देकर जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से हाथ मिलाने को जनता ने नकार दिया है। इसलिए गोपालगंज और कुढनी में हार के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इस्तीफा दे देना चाहिए। भाजपा के राज्यसभा सांसद एवं बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने गुरुवार को कुढ़नी विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी की जीत के बाद कहा कि तीन में दो उपचुनावों में भाजपा की जीत से साफ है कि अतिपिछड़ा वोट पूरी तरह भाजपा के साथ आ गया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के संसदीय चुनाव में जदयू के सिर्फ दो सीट जीतने पर श्री नीतीश कुमार ने हार की जिम्मेदारी लेकर मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया था, वैसे ही कुढनी में हार के बाद उन्हें इस्तीफा देना चाहिए। श्री मोदी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री कुमार ने कुढनी में कई सभाएं की थीं। करोड़ों रुपये पानी की तरह बहाये गए थे और राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के किडनी ट्रांसप्लांट के बहाने इमोशनल कार्ड भी खेला गया था। उन्होंने कहा कि कुढनी में विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) मुकेश सहनी के जरिये भाजपा के वोट में सेंधमारी की चाल भी बेकार गई। उन्होंने कुढनी की जीत के लिए क्षेत्र की जनता को धन्यवाद दिया, कार्यकर्ताओं के प्रति आभार प्रकट किया और विजयी प्रत्याशी केदार गुप्ता को बधाई दी। बिहार भाजपा के अध्यक्ष डॉ. संजय जायसवाल ने कहा कि इस जीत से साबित हो गया कि महागठबंधन की बात सिर्फ ढकोसला है। कुढ़नी की जीत ने यह भी साबित किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बिहार की जनता है। उन्होंने भाजपा के नेता और कार्यकर्ताओं को बधाई देते कहा कि आप सभी ने जितनी मेहनत की, जितना प्रयास किया उसी का नतीजा है ।

# बरेली में वाहन की चपेट में आने से दो युवकों की मौत

**बरेली (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में बरेली के फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात तेज रफ्तार वाहन ने मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को कुचल दिया। दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। आरोपी चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया है। पुलिस को इसकी सूचना दी गयी है। सूचना मिलने के बाद देर रात में फतेहगंज पश्चिमी पुलिस मौके पर पहुंची और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधीक्षक बरेली ग्रामीण राजकुमार अग्रवाल ने आज बताया कि भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव सुरलापुर निवासी प्रमोद (25 साल) पुत्र विशेष गंगवार फैक्ट्री में काम करता था। इसी गांव का रहने वाला बंटी (35 साल) पुत्र इंद्रसेन भी फैक्ट्री में काम करता था। कल देर रात दोनों युवक मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। पश्चिमी थाना क्षेत्र में टूयूलिया पुलिया के पास तेज रफ्तार वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी थी। सूचना पर डायल 112 और फतेहगंज पश्चिमी थाना पुलिस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दोनों युवकों की मोटरसाइकिल के आधार पर पुलिस ने पहचान कराई।

### सड़क हादसे में तीन भाइयों की मौत, योगी ने जताया दुख

**घाटमपुर** कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर फरार्टा भर रहे वाहनों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है, जिसके चलते आए दिन सड़क हादसे हुआ करते हैं। ऐसा ही एक मामला घाटमपुर कोतवाली के पतारा चौकी के अंतर्गत धरमपुर में देखने को मिला, जहां डंपर ने एक ही परिवार के तीन चिरागों को बुझा दिया। इसके चलते पूरे परिवार में मातम पसर गया। पुलिस ने मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपी डंपर चालक की तलाश में जुट गई। पतारा क्षेत्र के हिरनी गांव निवासी नरेन्द्र और सुनील सगे भाई थे और चचेरा भाई सुशील था। नरेंद्र अपने भाई सुनील व चाचा के लड़के सुशील के साथ लोडर से कानपुर सटरिंग लगाने गया था। तीनों कानपुर से अपने लोडर से वापस लौट रहे थे तभी धरमपुर बंबा के पास पहुंचते ही सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ट्रक ने लोडर में टक्कर मारते हुए रोड किनारे बने घर में जा घुसा।

### मवेशी और कोयला तस्करी मामलों के बीच लिंक ढूंढ रही केंद्रीय एजेंसियां

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में बहुचर्चित पशु तस्करी और शिक्षक भर्ती घोटालों की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उन सुरागों की जांच शुरू कर दी है, जो दोनों घोटालों के बीच स्पष्ट संबंध स्थापित कर सकते हैं। पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) ने पहले चरण में 183 और दूसरे चरण में 40 लोगों के साथ विभिन्न सरकारी स्कूलों में कक्षा 9 और 10 के लिए 223 अवैध रूप से भर्ती शिक्षकों के नाम प्रकाशित किए हैं। ईडी के सूत्रों ने कहा कि उनके अधिकारी उन दो सूचियों की सावधानीपूर्वक जांच कर रहे थे और उन उम्मीदवारों को ट्रैक करने की कोशिश कर रहे हैं जिनकी सिफारिश तृणमूल कांग्रेस के नेता और पार्टी के बीरभूम जिला अध्यक्ष अनुब्रत मंडल की ओर से हुई थी। मंडल पशु तस्करी मामले में पहले से ही न्यायिक हिरासत में हैं। नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर ईडी के एक अधिकारी ने बताया, हमारे अधिकारी दो संभावनाओं की जांच कर रहे हैं। पहला यह है कि क्या बीरभूम में मंडल और उनके सहयोगियों ने किसी को गैरकानूनी तरीके से शिक्षक के तौर पर नियुक्त करवाया। दूसरी संभावना यह है कि क्या ऐसे गलत अनुशंसित उम्मीदवारों के बैंक खातों का उपयोग किया गया था या नहीं। ईडी के एक अधिकारी ने कहा कि मवेशियों की तस्करी की कार्यवाही को चैनलाइज कर कर करोड़ों रुपये का हेरफेर हुआ है जिसमें कई लोगों के बैंक खाते का इस्तेमाल किया गया है।

# चुनाव परिणाम अप्रत्याशित, हार की समीक्षा होगी : विजय चौधरी

**पटना (एजेंसी)।** कुढ़नी विधानसभा उपचुनाव में जदयू की हार पर महागठबंधन के नेता भी सवाल उठाने लगे हैं। इस बीच जदयू की ओर से प्रतिक्रिया सामने आई है। बिहार सरकार के वित्त मंत्री और जदयू के वरिष्ठ नेता विजय चौधरी ने कहा है कि यह चुनाव परिणाम बिल्कुल अप्रत्याशित है। हार की समीक्षा होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि समीक्षा के बाद मुद्दों का हल निकलेगा। विजय कुमार चौधरी ने कहा कि प्रारंभिक तौर पर लगता है कि सरकार की उपलब्धियों से अलग इस उपचुनाव में स्थानीय मुद्दे हावी रहे। उन्होंने कहा कि चुनाव अभियान के क्रम में हर जगह नीतीश कुमार के नेतृत्व की सराहना ही मिलती थी। वहीं, हर वर्ग के लोगों में महागठबंधन की स्वीकार्यता भी दिखती थी। विजय चौधरी ने कहा कि कहीं-कहीं पंचायत स्तर के मुद्दों पर अवश्य थोड़ी नाराजगी दिखती थी, लेकिन लगता था कि लोग पूरे राज्य के हित को प्राथमिकता देंगे एवं मतदान जदयू के पक्ष में करेंगे। उन्होंने कहा कि महागठबंधन इस नतीजे की समीक्षा करेगा और मतदाताओं के इस

फैसले के कारणों का भी विश्लेषण करेगा। पूरे चुनाव अभियान में एक बात स्पष्ट थी कि लोगों को गठबंधन अथवा नेतृत्व से नाराजगी नहीं है। इस आलोक में महागठबंधन आगे की कार्य योजना बनाएगा। विजय चौधरी ने कहा कि जहां तक पूरे देश में हुए चुनाव के नतीजे का प्रश्न है तो भाजपा शासित प्रदेशों की संख्या एक घट गई है और यह भाजपा के लिए अच्छा संकेत नहीं है, क्योंकि हिमाचल प्रदेश में भी चुनाव प्रधानमंत्री के चेहरे पर ही लड़ा गया था।

# अणुव्रत मंडल को कोर्ट से नहीं मिली राहत

### फ्रीज दो बैंक अकाउंट को खोलने की मांग खारिज

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के बहुचर्चित मवेशी तस्करी मामले में गिरफ्तार बीरभूम जिले के बाहुबली नेता अणुव्रत मंडल को एक बार फिर कोर्ट से राहत नहीं मिली है। कोर्ट ने बोलबम राइस मिल के फ्रीज दो बैंक अकाउंट को खोलने और जब्त फोन को वापस करने की अणुव्रत मंडल की मांग को खारिज कर दिया।

शुक्रवार को तृणमूल नेता अणुव्रत मंडल को एक बार फिर आसनसोल की विशेष सीबीआई कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायाधीश ने उन्हें 22 दिसंबर तक के लिए जेल में ही रखने का आदेश दिया है। अणुव्रत मंडल के अधिवक्ता की ओर से उनकी जमानत की अर्जी भी नहीं लगाई गई थी। अणुव्रत ने बोलबम राइस मिल के जो दो बैंक अकाउंट फ्रीज किए गए हैं, उन्हें खोलने की मांग की गई थी और फॉरेंसिक जांच के लिए अणुव्रत मंडल के जब्त

मोबाइल फोन को लौटाने की अर्जी लगाई गई थी।

सीबीआई की ओर से अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि अणुव्रत मंडल का मोबाइल फोन बेहद खास है और इसके कई अन्य तथ्य हासिल किए जाने बाकी हैं। इधर सीबीआई की ओर से मंडल के खिलाफ जो दस्तावेज कोर्ट में पेश किए गए थे उसे देखकर न्यायाधीश ने आश्चर्य जाहिर किया। शुक्रवार को पीले रंग का पंजाबी पहनावा पहनकर अणुव्रत मंडल कोर्ट में आए थे। सीबीआई के दस्तावेज देख कर जज बेहद गंभीर नजर आए। जज ने अपना चश्मा कई बार उतारा और पहना है, जिसके बाद उन्होंने सीबीआई के अधिवक्ता और जांच अधिकारी को बुलाकर कहा कि अपने 20 साल के जज के अनुभव में मैंने आज तक ऐसा भ्रष्टाचार नहीं देखा था। यह चकित करने वाला है। हालांकि सीबीआई ने क्या कुछ दस्तावेज पेश किया है, उस बारे में खुलासा नहीं किया गया है।

# विकास के नाम पर हमारे नेता के सामने खड़ा होने लायक भाजपा में कोई चेहरा नहीं : उमेश कुशवाहा

**पटना (एजेंसी)।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने मीडिया से बात करते हुए

**पार्टी के राष्ट्रीय परिषद की बैठक आज, 11 को होगा खुला अधिवेशन**

शुक्रवार को यहां कहा कि कुढ़नी में हम लोग बहुत कम अंतर से हारे हैं।महा गठबंधन के हमारे नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार को ऊंचाई पर ले जाने का जो काम किया है, विकास के जो नए आयाम खड़े किये हैं वो जग जाहिर है। भाजपा के पास विकास के नाम पर हमारे नेता के सामने खड़ा होने लायक कोई चेहरा नहीं है। चुनाव के दौरान हर वर्ग के लोगों में महा गठबंधन की स्वीकार्यता दिखाई पड़ी।

प्रदेश अध्यक्ष कुशवाहा ने कहा कि भाजपा के लोगों ने जो हथकंडे अपनाये हैं और हमारी जनता को भटकाने का काम किया है वो जग जाहिर है। किस प्रकार भ्रम फैला कर लोकतंत्र की हत्या की गयी, वह सारी बातें आप मीडिया के लोग बखूबी जानते हैं। भाजपा का असली चेहरा साम्प्रदायिकता और जातिवाद का है। कुढ़नी में उन्होंने करोड़ों रुपये पानी की तरह बहाए। लोकतंत्र में जनता मालिक होती है और कुढ़नी की जनता ने अभी जो फैसला सुनाया है वह हमें स्वीकार है।

प्रदेश अध्यक्ष ने एक सवाल के जवाब में कहा कि किसी भी प्रकार का विश्लेषण करने के पक्ष में हम नहीं हैं। महा गठबंधन के हम सभी लोग, हमारे घटक दल के सभी साथी एक साथ बैठकर समीक्षा करेंगे और आगे की रणनीति बनाएंगे महागठबंधन के प्लेटफार्म पर बैठ जो तय करेंगे, उससे आप सबको अवगत कराएंगे।

जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हमारे नेता नीतीश कुमार के विजन का कई अन्य राज्य सरकारों के साथ ही केन्द्रीय सरकार ने भी अनुसरण करने का काम किया है। महा गठबंधन में चट्टानी एकता के साथ हमारे तमाम साथी एक हैं, कोई खींचतान नहीं है। आप मीडिया के लोग भरोसा रखिए और इस जीत से भाजपा के लोगों को ज्यादा खुश होने की जरूरत नहीं है। राजनीति में हार-जीत होती ही रहती है, यह लोकतंत्र का पहलू है पर हमलोग हार से घबराने वाले लोग नहीं हैं क्योंकि जो गिरता है वही संभलता है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा दस दिसम्बर को कपूर्री सभागार में राष्ट्रीय परिषद की बैठक होने वाली है। जबकि 11 दिसम्बर को श्री कृष्ण मेमोरियल हाल में पार्टी का खुला अधिवेशन होगा, जिसमें हमारे दल के सभी नेता, सभी सांसद, विधायक, विधान पार्षद, पूर्व सांसद, विधायक, विधान पार्षद, पार्टी के पदाधिकारी एवं पार्टी के अन्य साथियों को बुलाया गया है।

# सरकार के नाकामी से बिहार के पैसे से दूसरे राज्यों में लग रहा उद्योग : प्रशांत किशोर

**मोतिहारी (एजेंसी)।** जन सुराज पदयात्रा के 69वें दिन जिले के घोड़ासहन प्रखंड पहुंचे प्रशांत किशोर ने नीतीश कुमार पर जमकर हमला किया। घोड़ासहन के राजवाड़ा स्थित जेएलएनएम कॉलेज परिसर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार की नाकामी के वजह से बिहार बर्बाद हो रहा है। बिहार के पैसों से गुजरात, महाराष्ट्र जैसे राज्यों में उद्योग लगाया जा रहा है। जहां बिहार के लोग जाकर मजदूरी कर रहे हैं। मतलब बिहार को दुगनी मार झेलनी पड़ रही है। राज्यों में पूंजी उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी बैंकों की है। हम और आप बैंकों में पैसे जमा करते हैं और बैंक लोगों को लोन देती है, ताकि रोजगार के अवसर पैदा हो सके। देश के स्तर पर क्रेडिट डिपोजिट का आंकड़ा 70 प्रतिशत है और बिहार में यह आंकड़ा पिछले 10 सालों से 25-40 प्रतिशत रहा है। लालू जी के जमाने में यह आंकड़ा 20 प्रतिशत से भी नीचे था। नीतीश जी के 17 साल के कार्यकाल में यह औसत 35 प्रतिशत है जो पिछले साल 40 प्रतिशत था। इसका मतलब है कि बिहार में जो भी पैसा बैंकों में लोग जमा करा रहे हैं, उसका केवल 40% ही ऋण के तौर पर लोगों के लिए उपलब्ध है। जबकि विकसित राज्यों में 80 से 90 प्रतिशत तक बैंकों में जमा राशि ऋण के लिए उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि बिहार के नेता क्रेडिट-डिपोजिट पर बात ही नहीं करते। बिहार के नेताओं को इन सब के बातों की जानकारी भी नहीं है।

## न्यूज गैलरी

### डेब्यू में चमके अबरार

**मुल्तान (एजेंसी)।** बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली इंग्लैंड क्रिकेट टीम मुल्तान में पाकिस्तान से भिड़ रही है और वे निश्चित रूप से श्रृंखला पर कब्जा करने की कोशिश करेंगे। मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम और कप्तान बेन स्टोक्स के नेतृत्व में यह इंग्लैंड का पहला विदेशी दौरा है और उन्होंने काफी शालीनता से प्रदर्शन किया है। पिछले हफ्ते रावलपिंडी में उनकी प्रसिद्ध जीत के सौजन्य से इंग्लैंड श्रृंखला में 1-0 से आगे है। दूसरी ओर हारिस रऊफ की चोट से त्रस्त पाकिस्तान मैदान में उतर चुका है और वह खुद को और सीरीज को जिंदा रखने की जद्दोजहद कर रहा है। इस दौरान डेब्यू कर रहे अबरार अहमद ने सात विकेट लेकर बड़ा रिकॉर्ड बना दिया है। बेन स्टोक्स ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का विकल्प चुना। पहले मैच में वे बल्ले से बेहद हावी थे, लेकिन मुल्तान में आकर उनके लिए चीजें काफी बदल गई। इंग्लैंड हर तरह की परेशानी में है और उनका दृष्टिकोण यहां काम नहीं कर रहा है। पाकिस्तान टीम के लिए पदार्पण कर रहे अबरार अहमद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सात विकेट अपने नाम किए।

### टीम इंडिया के पूर्व स्पिनर राहुल शर्मा ने की शादी

**मुंबई (एजेंसी)।** टीम इंडिया के पूर्व स्पिनर राहुल शर्मा ने शादी कर ली है। राहुल ने सोशल मीडिया पर पत्नी के साथ शादी की कुछ खूबसूरत फोटोज शेयर की हैं जिसमें नवविवाहित जोड़ा चहकता दिख रहा है। राहुल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर से संन्यास लेने के बाद अब घरेलू ट्वेंटी-20 लीग में सक्रिय हैं। उन्हें लीजेंड क्रिकेट लीग के दौरान भी एक्शन में देखा गया था। राहुल ने दिसम्बर 2011 में वनडे डैब्यू किया था। विंडीज के खिलाफ खेले गए इस मुकाबले में राहुल ने तीन विकेट लिए थे। मैच की खास बात यह थी कि राहुल ने यह तीनों विकेट बल्लेबाजों को बोल्ड कर हासिल किए थे। यह मैच लोग वीरेंद्र सहवाग के दोहरे शतक के कारण भी याद करते हैं। इसी मैच में सहवाग ने विंडीज के खिलाफ रिकॉर्ड 219 रन बनाकर सचिन तेंदुलकर का 200 रनों का रिकॉर्ड तोड़ा था। जालन्धर में जन्मे राहुल शर्मा ने पंजाब के लिए 21 प्रथम श्रेणी मुकाबले खेले हैं जिसमें वह 39 विकेट निकालने में सफल रहे। उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 92 रन पर 6 विकेट हैं। राहुल ने 4 वनडे में छह तो 2 टी-20 में 3 विकेट हासिल किए हैं। 25 लिस्ट ए मुकाबलों में उनके नाम 40 विकेट दर्ज हैं। राहुल आईपीएल में पुणे वारियर्स की ओर से खेल चुके हैं।

### मैं अपनी पावर हिटिंग पर काम कर रहा हूं : वाशिंगटन सुंदर

**चटगांव (एजेंसी)।** कलात्मक बल्लेबाजी करनेवाले भारतीय हरफनमौला वाशिंगटन सुंदर अगले साल होनेवाले वनडे विश्व कप के लिए टीम की जरूरत के मुताबिक पावर हिटिंग (ताकत से शॉट लगाना) में सुधार करने पर काम कर रहे है। बल्लेबाजी में अपनी टाइमिंग और प्लेसमेंट के लिए जाने जानेवाले वाशिंगटन सुंदर ने कुछ तेजतर्रार पारियां खेली है। उन्होंने हाल ही में न्यूजीलैंड दौरे पर आक्रामक अर्धशतक लगाया था जबकि इंडियन प्रीमियर लीग में सनराइजर्स हैदराबाद के इस खिलाड़ी ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 14 गेंद में 40 रन की यादगार पारी खेली थी। बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे वनडे की पूर्व संध्या पर इस खिलाड़ी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से मुझे ऐसी (तेजी से बल्लेबाजी) ही भूमिका मिल रही है। इसमें विशेष तरह की बल्लेबाजी की जरूरत होती है और मैं उसी के मुताबिक काम कर रहा हूं।

# 172 रन बनाकर भी नौ विकेट से हारी टीम इंडिया, ऑस्ट्रेलियाई प्लेयर बनी स्टार

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में ऑस्ट्रेलियाई वुमन ने पहले टी-20 मुकाबले में भारतीय वुमैंस को नौ विकेट से हरा दिया। भारतीय टीम ने पहले खेलते हुए 172 रन बनाये थे जिसके जवाब में बेथ मूनी के 57 गेंदों में बनाए गए 89 रनों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने 19वें ओवर में जीत हासिल कर ली। ऑस्ट्रेलिया की ओर से कप्तान एलिसा हेली ने 23 गेंदों में 37 तो ताहिला मैकग्रा ने 29 गेंदों में 40 रनों का योगदान दिया। इससे पहले भारतीय महिलाओं ने बल्लेबाजों के मिले-जुले प्रदर्शन से पांच विकेट खोकर 172 रन बनाए थे। टीम को आखिरी ओवरों में ऋषा घोष के साथ दीप्ति शर्मा की जोरदार बल्लेबाजी का फायदा हुआ। दोनों ने आखिरी सात ओवरों में 85 रन बनाए और स्कोर 172 रन पर ला खड़ा किया। ऋषा ने 20 गेंदों में पांच चौके और दो छक्कों की मदद से 36 तो दीप्ति ने 15 गेंदों में आठ चौकों की मदद से 36 रन बनाए। टीम इंडिया की शुरूआत अच्छी रही थी। ओपनिंग बल्लेबाज शैफाली वर्मा ने आते ही ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मेघन स्कट और किम गेरथ पर बड़े शॉट लगाए। शैफाली की विकेट तीसरे ओवर में गिरी तक तक भारतीय टीम 28 रन बना चुकी थी। शैफाली ने 10 गेंदों में दो चौके और दो छक्कों की मदद से 21 रन बनाए थे। स्मृति 22 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 28 रन बनाने में सफल रही। जेमिमा रोड्रिग्ज आज खाता नहीं खोल पाईं और शून्य पर ही आऊट हो गईं। टीम इंडिया को कप्तान हरमनप्रीत कौर का साथ मिला जिन्होंने 21 रन बनाए। लेकिन जब टीम को रन बनाने की जरूरत थी तब हरमनप्रीत का विकेट गिर गया। देविका वैध्या 25 रन बनाकर नाबाद रही लेकिन ऋषा और दीप्ति ने बड़े शॉट लगाकर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से एलिस पेरी ने 10 रन देकर दो विकेट लिए जबकि किम गेरथ ने 27 रन देकर एक, एश ने 27 रन देकर एक तो सुदरलैंड ने 21 रन देकर एक विकेट लिया।

# चोटों से परेशान भारतीय टीम का लक्ष्य बांग्लादेश को 'क्लीन स्वीप' से रोकना

**चटगांव (एजेंसी)।** खिलाड़ियों की चोटों और फिटनेस समस्याओं से परेशान भारतीय टीम शनिवार को बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे और आखिरी वनडे में उतरेगी तो उसका लक्ष्य मेजबान टीम को 'क्लीन स्वीप' से रोकने का होगा। मेहदी हसन मिराज की दो शानदार पारियों के दम पर बांग्लादेश पहले दो मैच और श्रृंखला जीत चुका है लेकिन अब उसका इरादा भारत का सूपड़ा साफ करने का होगा और अगर ऐसा होता है तो बांग्लादेश क्रिकेट के लिए यह ऐतिहासिक होगा। इससे 14 दिसंबर से शुरू होने वाली टेस्ट श्रृंखला से पहले बांग्लादेश का आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। भारत के लिए इस श्रृंखला में 20 क्रिकेटर उपलब्ध थे, क्योंकि बांग्लादेश में पहले वनडे और न्यूजीलैंड में आखिरी मैच के बीच कम समय था, क्योंकि दोनों टीमों में कुछ खिलाड़ी समान थे। एक सप्ताह के भीतर हालांकि हालात बद से बदतर हो गए और आखिरी मैच के लिए सिर्फ 14 फिट खिलाड़ी उपलब्ध हैं। हालात यह है कि कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को तुरंत यहां बुलाना पड़ा, क्योंकि भारतीय गेंदबाजी आक्रमण अनुभवहीन लग रहा था। कुलदीप ने 72 वनडे में 118 विकेट लिए हैं और वह इस टीम के सबसे अनुभवी गेंदबाज हैं। नियमित कप्तान रोहित शर्मा के बायें हाथ के अंगूठे की हड्डी खिसक गयी है और उदीयमान तेज गेंदबाज कुलदीप सेन को पहला मैच खेलने के बाद चोट लग गई। तेज गेंदबाज दीपक चाहर एक बार फिर अनफिट हो गए हैं। अक्षर पटेल की पसली में चोट लग गई है और वह पहला मैच नहीं खेल सके जबकि ऋषभ पंत भी चोटिल हैं और उन्हें आराम देना पड़ा था। अब देखना यह है कि कार्यवाहक कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल पारी की शुरूआत करते हैं या ईशान किशन को अंतिम एकादश में सलामी बल्लेबाज के तौर पर शामिल किया जाता है। दूसरा विकल्प विराट कोहली और शिखर धवन से पारी की शुरूआत कराना और हरफनमौला राहुल त्रिपाठी को अंतिम एकादश में शामिल करना होगा। टीम प्रबंधन अगर सिर्फ बल्लेबाज को चुनता है तो रजत पाटीदार को पदार्पण का मौका मिल सकता है।

**दोनों टीमें इस प्रकार है : -**

**भारत :** केएल राहुल (कप्तान), शिखर धवन, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, ईशान किशन, मोहम्मद सिराज, रजत पाटीदार, राहुल त्रिपाठी, वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, उमरान मलिक, कुलदीप यादव।

**बांग्लादेश :** लिटन दास (कप्तान), अनामुल हक बिजय, शाकिब अल हसन, मुशफिकुर रहीम, अफीफ हुसैन, यासिर अली चौधरी, मेहदी हसन मिराज, मुस्ताफिजूर रहमान, तस्कीन अहमद, हसन महमूद, इबादत हुसैन चौधरी, नासुम अहमद, महमूदुल्लाह, नजमुल हुसैन शांतो, काजी नुरूल हसन सोहन, शरीफुल इस्लाम।

**समय : सुबह 11.30 बजे से।**

### कुलदीप यादव को मिला मौका, केएल करेंगे कप्तानी

**चटगांव (एजेंसी)।** भारत टीम बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे वनडे में साख बचाने के लिए खेलेगी, क्योंकि वह सीरीज पहले ही 2-0 से गंवा चुकी है। तीसरे और अंतिम वनडे के लिए स्पिनर कुलदीप यादव को भारत की टीम में शामिल किया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस बात की घोषणा की है। तीसरा वनडे 10 दिसम्बर को चटगांव के जहूर अहमद चौधरी स्टेडियम में खेला जाएगा। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा, 'भारत के कप्तान रोहित शर्मा को दूसरे वनडे में क्षेत्ररक्षण के दौरान दूसरे ओवर में अंगूठे में चोट लगी थी। बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने उनका आकलन किया और ढाका के एक स्थानीय अस्पताल में उनका स्कैन किया गया। वह विशेषज्ञ परामर्श के लिए वह मुंबई गए हैं और अंतिम वनडे में खेल नहीं पाएंगे। उनकी जगह केएल राहुल को कप्तानी सौंपी गई है। वहीं, आगामी टेस्ट श्रृंखला के लिए रोहित की उपलब्धता पर फैसला बाद में लिया जाएगा। मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने भी बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे वनडे मैच में रोहित के नहीं खेलने की पुष्टि की।

# भारत 'ए' ने बांग्लादेश 'ए' को पारी और 123 रन से हराया

**सिलहट (एजेंसी)।** बाएं हाथ के स्पिनर सौरभ कुमार के छह विकेट की मदद से भारत 'ए' ने दूसरे और आखिरी 'टेस्ट' में बांग्लादेश 'ए' को पारी और 123 रन से हरा दिया। इस प्रदर्शन के साथ ही सौरभ ने बांग्लादेश के खिलाफ 14 दिसंबर से शुरू हो रही श्रृंखला के लिए भारतीय टेस्ट टीम में रविंद्र जडेजा की जगह लेने का दावा भी पुख्ता कर लिया। पहली पारी में 310 रन से पिछड़ने वाली बांग्लादेश 'ए' टीम दूसरी पारी में 79.5 ओवर में 187 रन पर आउट हो गई। पहली पारी में बांग्लादेश के 252 रन के जवाब में भारत 'ए' ने 562 रन बनाए थे जिसमें अभिमन्यु ईश्वरन के 157 रन शामिल हैं। ड्रॉ रहे पहले 'टेस्ट' में पांच विकेट लेने वाले सौरभ ने 30 ओवर में 74 रन देकर छह विकेट चटकाए। बांग्लादेश ए को तीसरे सत्र में विकेट गंवाए बिना ड्रॉ की उम्मीद थी, क्योंकि पूर्व कप्तान मोमिनुल हक क्रीज पर थे। वह हालांकि छह रन बनाकर विकेटकीपर कोना भरत की कुशल स्टम्पिंग का शिकार हो गए। सलामी बल्लेबाज शादमान इस्लाम (नाबाद 93) अकेले किला लड़ाते रहे और शहादत हुसैन (29) के साथ 54 रन की साझेदारी भी की। सौरभ ने इस साझेदारी को तोड़ा और यश धुल ने कैच लपका। नवदीप सैनी ने 16 ओवर में 54 रन देकर दो विकेट लिए। वहीं, उमेश यादव ने 15.5 ओवर में 34 रन देकर दो विकेट चटकाए।

# मुल्तान टेस्ट के पहले दिन इंग्लैंड 281 पर ऑलआउट

**मुल्तान (एजेंसी)।** मुल्तान में पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट की पहली पारी में इंग्लैंड 281 रन पर ऑलआउट हो गया। टेस्ट करियर का पहला मैच खेल रहे लेग स्पिन गेंदबाज अबरार अहमद ने 7 विकेट लिए। जाहिद महमूद को 3 विकेट मिले। 3 टेस्ट मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग की। इंग्लैंड के लिए बेन डकेट ने 63 और ओली पोप ने 60 रन बनाए। बाकी बैटर कुछ खास नहीं कर सके। डकेट और पोप को छोड़कर कोई भी बैटर अर्धशतक नहीं बना सका। पहला दिन खत्म होने तक पाकिस्तान ने 2 विकेट पर 107 रन बना लिए हैं। कप्तान बाबर आजम फिफ्टी पूरी कर 61 और सऊद शकील 32 रन बनाकर नाबाद हैं। उनसे पहले ओपनर अब्दुल्लाह शफीक 14 और इमाम-उल-हक 0 रन बनाकर आउट हुए। इमाम को 40 साल के जेम्स एंडरसन और शफीक को जैक लीच ने पवेलियन भेजा। पहले टेस्ट में 6.5 से ज्यादा के रन रेट से बैटिंग करने वाली इंग्लिश टीम ने आज भी तेजी से रन बनाना शुरू किए। पहले सेशन के 31 ओवर में 5 विकेट पर 181 रन बनाने के बाद टीम ने 51.4 ओवर में 281 रन पर सभी विकेट गंवा दिए। उन्होंने 5.43 के रन रेट बैटिंग की। पोप और डकेट के अलावा मार्क वुड ने 36, विल जैक्स ने 31, कप्तान बेन स्टोक्स ने 30 और जैक क्रॉले ने 19 रन बनाए। जो रूट 8, हैरी ब्रूक 9, ओली रोबिनसन 5, जैक लीच शून्य और जेम्स एंडरसन 7 रन ही बना सके। सीरीज के पहले टेस्ट में मौका नहीं मिलने के बाद लेग स्पिनर अबरार अहमद ने पाकिस्तान के लिए डेब्यू किया।

- डेब्यू करनेवाले अबरार ने झटके सात विकेट, पाकिस्तान का स्कोर 107/2

# डे-नाइट टेस्ट : ऑस्ट्रेलिया ने 511 पर घोषित की पहली पारी

**एडिलेड (एजेंसी)।** एडिलेड में डे-नाइट टेस्ट के दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ने 511 रन पर अपनी पहली पारी डिक्लेयर की। पहले दिन शतक बनानेवाले मार्नस लाबुशेन 163 और ट्रेविस हेड 175 रन बनाकर आउट हुए। दिन का खेल खत्म होने तक वेस्टइंडीज ने 4 विकेट पर 102 रन बना लिए हैं। वेस्टइंडीज के तेगनारायण चंद्रपाल 47 और नाइट वॉचमैन एंडरसन फिलिप एक रन पर नाबाद हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए माइकल नेसर ने 2 विकेट लिए। कैमरून ग्रीन और नाथन लायन को एक-एक विकेट मिला। 2 टेस्ट की सीरीज में ऑस्ट्रेलिया 1-0 से आगे है। सात विकेट पर 511 रन बनाने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी डिक्लेयर कर दी। दूसरी पारी में वेस्टइंडीज की शुरूआत कुछ खास नहीं रही। पहले मैच में शतक जड़ने वाले कप्तान क्रैग ब्रैथवेट 19 रन बनाकर आउट हो गए। 50 रन तक टीम ने 3 विकेट गंवा दिए। शमार ब्रूक्स 8 और जर्मेन ब्लैकवुड 3 रन बनाकर पवेलियन लौट गए।

- लाबुशेन ने 163, हेड ने बनाये 175 रन, वेस्टइंडीज का स्कोर 102/4

ओपनर तेगनारायण चंद्रपाल ने विकेटकीपर डेवोन थोमस के साथ 40 रन की पार्टनरशिप कर टीम को संभाला। लेकिन, थोमस 19 रन बनाकर ग्रीन का शिकार हो गए। दूसरा दिन खत्म होने ही वाला था, इसलिए विंडीज ने एंडरसन फिलिप को नाइट वॉचमैन के रूप में बैटिंग करने भेज दिया। वह चंद्रपाल के साथ तीसरे दिन की बैटिंग शुरू करेंगे।

**डबल सेंचुरी नहीं जड़ सके दो बैटर :** ऑस्ट्रेलिया ने डे-नाइट टेस्ट के पहले दिन 3 विकेट पर 330 रन बनाए थे। उनके लिए लाबुशेन 120 और हेड 114 रन बनाकर नाबाद थे। दूसरे दिन लाबुशेन 305 बॉल में 163 और हेड 219 बॉल में 175 रन बनाकर आउट हुए। दोनों ने 407 बॉल में 297 रन की पार्टनरशिप की। टीम के लिए एलेक्स कैरी 41 और मिचेल स्टार्क 5 रन पर नाबाद रहे। बाकी बैटर्स में कैमरून ग्रीन ने 9 और माइकल नेसर ने 18 रन बनाए। पहले दिन ओपनर डेविड वॉर्नर 21, उस्मान ख्वाजा 62 और कप्तान स्टीव स्मिथ 0 रन बनाकर आउट हुए थे।

# महिला आईपीएल के ब्रॉडकास्ट राइट्स बेचेगा बीसीसीआई

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने महिला आईपीएल के मीडिया राइट्स बेचने के लिए टेंडर आमंत्रित किए हैं।

- 31 दिसम्बर तक कंपनियां खरीद सकेंगी टेंडर डॉक्यूमेंट, टीमों की नीलामी भी जल्द

2023 में पहली बार महिला आईपीएल का आयोजन किया जाएगा। बोर्ड पहले पांच सीजन यानी 2023 से 2027 तक के मीडिया राइट्स की नीलामी करेगा। **कंपनियों को खरीदना होगा टेंडर पेपर :** बोर्ड ने जो सूचना जारी की है उसके मुताबिक मीडिया राइट्स खरीदने की इच्छुक कंपनियों को टेंडर डॉक्यूमेंट्स खरीदने होंगे। इस डॉक्यूमेंट के लिए कंपनियों को 5 लाख रुपये की नॉन रिफंडेबल राशि देनी होगी। डॉक्यूमेंट खरीदने की आखिरी तारीख 31 दिसंबर, 2022 है। डॉक्यूमेंट खरीदने के बाद कंपनियों को पेमेंट डिटेल्स भेजना है। बोर्ड ने यह भी साफ किया है कि टेंडर डॉक्यूमेंट खरीदने का यह मतलब नहीं है कि सिर्फ इसके आधार पर बोली में भागीदारी की इजाजत मिल जाएगी। बोर्ड पहले सभी कंपनियों की योग्यता को परखेगा और इसके बाद ही बोली में हिस्सा लेने की इजाजत होगी। पांच टीमों की नीलामी भी होगी महिला आईपीएल की शुरूआत पांच टीमों से होगी। एक टीम का बेस प्राइस 400 करोड़ रुपए होगा। बोर्ड को उम्मीद है कि हर टीम के एवज में उसे 1000 से 1500 करोड़ रुपए के बीच राशि मिलेगी। टीमों की नीलामी की प्रक्रिया कब शुरू होगी यह भी साफ नहीं है। **कई पुरुष लीग से बड़ी होगी महिला आईपीएल :** महिला आईपीएल के ब्रॉडकास्ट राइट्स बेचने से बीसीसीआई को कितनी रकम मिल सकती है यह अनुमान अभी सामने नहीं आया है। हालांकि, माना जा रहा है कि यह लीग ब्रॉडकास्ट राइट्स के मामले में पाकिस्तान सुपर लीग, बिग बैश लीग जैसी बड़ी पुरुष टी-20 लीग को पीछे छोड़ सकती है। पाकिस्तान सुपर लीग के 2 सीजन (2022 और 2023) के लिए पीसीबी को करीब 159 करोड़ रुपए मिले हैं।

### मार्च से शुरू होगा महिला आईपीएल

**महिला** आईपीएल यानी विमेंस इंडियन प्रीमियर लीग मार्च 2023 में आयोजित होगी। 26 फरवरी को साउथ अफ्रीका में महिला टी-20 वर्ल्ड कप के ठीक बाद इस टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। विमेंस आईपीएल का पहला सीजन दो वेन्यू पर खेला जाएगा। 22 मैचों के इस मेगा इवेंट में हर टीम के पास 18 प्लेयर होंगे। वहीं, विदेशी खिलाड़ियों की संख्या 6 रखी गई है। पांच खिलाड़ी से ज्यादा विदेशी खिलाड़ी प्लेइंग इलेवन का हिस्सा नहीं होंगे। विमेंस आईपीएल कारवां फॉर्मेट में हो सकता है। कारवां फॉर्मेट यानी एक ही शहर में वहां होनेवाले सारे मैच खेले जाएंगे। फिर वहां से दूसरे शहर के लिए सारी टीमें रवाना होंगी। कोविड के दौरान 2021 में इसी तरह से आईपीएल हुआ था। जब आईपीएल टीमें यूएई गई थी। टूर्नामेंट के सारे मैचे दो वेन्यू पर होंगे। पहला हाफ एक जगह और दूसरा हाफ दूसरे वेन्यू पर खेला जाएगा।

## न्यूज गैलरी

### इंडियन ओवरसीज बैंक ने कर्ज पर ब्याज 0.35 फीसदी तक बढ़ाया, नई दरें लागू

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी के बाद सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) ने भी सीमांत लागत आधारित ब्याज दर (एमसीएलआर) में इजाफा किया है। आईओबी ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के नीतिगत दर रेपो रेट में वृद्धि के बाद एमसीएलआर में 0.35 फीसदी की बढ़ोतरी की है। नई दरें शुक्रवार से लागू हो गई। आईओबी ने गुरुवार को रेग्युलेटरी फाइलिंग में दी जानकारी में बताया कि एमसीएलआर दर को 0.15 से 0.35 फीसदी तक बढ़ाया गया है। इसके साथ ही बैंक ने रेपो लिंक्ड लेंडिंग रेट (आरएलएलआर) को भी बढ़ाकर 9.10 फीसदी कर दिया है। इस तरह बैंक के ये दोनों बदलाव 10 दिसंबर लागू हो जाएंगे। बैंक के इस बदलाव से टर्म लोन की ईएमआई दर और बढ़ने की संभावना है। इंडियन ओवरसीज बैंक के मुताबिक कर्ज की ब्याज दर (एमसीएलआर) में ये बढ़ोतरी अलग-अलग अवधि के के लिए की गई है। आईओबी ने बताया कि एक रात की अवधि के लिए एमसीएलआर बढ़ाकर 7.65 फीसदी, एक महीने के लिए 7.70 फीसदी, तीन महीने के लिए 8.00 फीसदी, छह महीने के लिए 8.15 फीसदी और एक साल के लिए 8.25 फीसदी कर दी गई है। इसी तरह दो साल की अवधि के लिए यह 8.35 फीसदी और तीन साल की अवधि के लिए 8.40 फीसदी होगी।

### ऑनलाइन गेमिंग उद्योग ने सकल राजस्व पर जीएसटी लगाने की मांग उठाई

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन गेमिंग उद्योग ने सकल राजस्व पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लगाने की मांग की है। उद्योग को जीएसटी की मौजूदा दर 18 फीसदी से बढ़ाकर 28 फीसदी करने पर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन यह कर सकल राजस्व पर लगाया जाना चाहिए। ऑनलाइन गेमिंग उद्योग की ओर से गुरुवार को जारी बयान में कहा गया कि सकल राजस्व के बजाय अगर प्रतिस्पर्द्धा प्रवेश राशि पर 28 फीसदी की दर से जीएसटी परिषद यदि कर लगाने का फैसला करती है, तो 2.2 अरब डॉलर के आकार वाले इस उद्योग पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। दरअसल, जीएसटी परिषद की 17 दिसंबर को होने वाली बैठक में ऑनलाइन गेमिंग गतिविधियों की कुल राशि पर 28 फीसदी की दर से कर लगाने पर विचार होने की संभावना है। जीएसटी परिषद की 48वीं बैठक 17 दिसंबर को होने वाली है।

### फेडरल रिजर्व की प्रथम उपाध्यक्ष बनीं भारतीय मूल की सुष्मिता शुक्ला

**न्यूयॉर्क।** भारतीय मूल की सुष्मिता शुक्ला को न्यूयॉर्क में फेडरल रिजर्व बैंक की प्रथम उपाध्यक्ष (फर्स्ट वाइस प्रेसिडेंट) एवं मुख्य परिचालन अधिकारी नियुक्त किया गया है। अब वह इस प्रतिष्ठित केंद्रीय बैंक की दूसरी सबसे बड़ी अधिकारी बन गई हैं। न्यूयॉर्क स्थित केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा कि शुक्ला की नियुक्ति को फेडरल रिजर्व सिस्टम के निदेशक मंडल ने मंजूरी दी है। शुक्ला (54) को न्यूयॉर्क के फेडरल रिजर्व बैंक के निदेशक मंडल ने प्रथम उपाध्यक्ष एवं मुख्य परिचालन अधिकारी नियुक्त किया है और यह नियुक्ति मार्च 2023 से प्रभाव में आएगी। शुक्ला ने एक बयान में कहा कि वह सम्मानित महसूस कर रही हैं। उन्होंने आगे कहा, ह्यह्यइस अहम संस्थान के समर्पित नेतृत्व को समर्थन देने और इसकी महत्वपूर्ण गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए मैं अपने पूरे अनुभव का उपयोग करूंगी।" केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी जॉन विलियम्स ने कहा कि शुक्ला ऊर्जा से भरी, प्रेरणादायी और बहुत ही प्रभावीशाली हैं जो बैंक में अपना लंबा अनुभव लेकर आ रही हैं। विलियम्स ने कहा कि शुक्ला को प्रौद्योगिकी और नवाचार विधियों का गहन ज्ञान है और वह विविध तथा समावेशी संस्कृति बनाने को लेकर बहुत उत्साही हैं।

# चीन के साथ 48 अरब डॉलर का व्यापार घाटा विरासत में मिला सरकार को : गोयल

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने आज कहा कि मोदी सरकार को चीन के साथ 48 अरब डॉलर का व्यापार घाटा विरासत में मिला था और अब सरकार देश में घरेलू उत्पादन बढाने तथा चीन पर निर्भरता कम करने के लिए अनेक कदम उठा रही है। श्री गोयल ने शुक्रवार को राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों के जवाब में कहा कि वर्ष 2003-04 में चीन के साथ व्यापार घाटा पांच अरब डॉलर था जो 2013-14 में बढकर 48 अरब डॉलर पहुंच गया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने सत्ता में आने के बाद व्यापार घाटे को कम करने और घरेलू उत्पादन को बढाकर चीनी समान पर निर्भरता कम करने के लिए अनेक कदम उठाये हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने

मेक इन इंडिया योजना शुरू कर स्वदेशीकरण को बढावा दिया है। इसके अलावा निजी उद्योग क्षेत्र के विशेषज्ञों तथा प्रमुख लोगों के साथ विचार विमर्श के बाद उत्पादन आधारित प्रोत्साहन की योजना शुरू की गयी है। उन्होंने कहा कि अभी केन्द्र और राज्य सरकार मिलकर देश में उत्पादन को बढाकर स्वदेशीकरण पर जोर दे रही हैं जिससे कि चीन के उत्पादों पर निर्भरता कम हो और व्यापार घाटा भी कम हो सके। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों का ही परिणाम है कि देश में पहले मोबाइल फोन बनाने वाली केवल दो कंपनी थी

> मार्क्सवादी जॉन ब्रिटास ने सवाल पूछा कि सरकार इतने प्रयास कर रही है लेकिन इसके बावजूद चीन के साथ व्यापार घाटा निरंतर बढ रहा है और यह जल्द ही 100 अरब डॉलर तक पहुंच जायेगा।

लेकिन अब इनकी संख्या इतनी ज्यादा हो गयी है कि भारत मोबाइल फोन निर्यात कर रहा है। इसके अलावा व्यापार सुगमता बढाने तथा प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना की मदद से भी देश में उत्पादन बढाने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। इस बीच मार्क्सवादी जॉन ब्रिटास ने सवाल पूछा कि सरकार इतने प्रयास कर रही है।

## रियलमी का 10प्रो सीरीज 5जी स्मार्टफोन जियो के 5जी नेटवर्क को करेगा सपोर्ट

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी रियलमी ने आज अपना नया 5जी स्मार्टफोन लॉन्च किया जो जियो के 5 जी नेटवर्क को सपोर्ट करेगा। फ्लैगशिप फोन किलर -10प्रो सीरीज के इस फोन की कीमत 17,999 रुपये से शुरू होगी। कंपनी ने कहा कि वह रिलायंस जियो के साथ मिलकर कई नए बंडल ऑफर ले कर आएगी। स्मार्टफोन की सेल 14 दिसंबर से शुरू होगी। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए रियलमी इंडिया के सीईओ माधव शेठ ने कहा रियलमी ने 5जी स्टैंडअलोन, एनआरसीए, वीओएनआर जैसी तकनीकों के लिए जियो के साथ हाथ मिलाया है। इसके साथ ही ग्राहकों को ट्रू 5जी एक्सपीरियंस देने के लिए जियो के साथ साझेदारी में रियलमी अपने चुनिंदा शोरूम में ट्रू 5जी एक्सपीरियंस जोन भी स्थापित करेगा। जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड के सीईओ किरण थॉमस ने इस साझेदारी पर कहा हम रियलमी के साथ एक और बेहतरीन साझेदारी करके बेहद उत्साहित हैं। रियलमी 10 प्रो प्लस जैसे शक्तिशाली 5जी स्मार्टफोन की वास्तविक ताकत को जियो जैसे ट्रू 5जी नेटवर्क द्वारा ही दिखाया जा सकता है। जियो ट्रू 5जी भारत के साथ दुनिया का सबसे उन्नत नेटवर्क है। रियलमी 10 प्रो प्लस 5जी, फ्लैगशिप-लेवल के 120 हर्टज कर्व्ड विजन डिस्प्ले से लैस है और अपने सेगमेंट का पहला स्मार्टफोन है।

## पेंट और डेकोर ब्रांड ने एपेक्स डस्टप्रूफ के लिये लॉन्च किया नया क्रिएटिव कैम्पेन

# यह प्रोडक्ट आपके घर की दीवारों पर धूल जमने से रोकने वाला सबसे उचित एक्सटीरियर इमल्शन है

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** किसी घर की बाहरी दीवारें अक्सर गर्मी, धूल और सख्त मौसम के थपेड़े झेलती हैं, ऐसे में दीवारों के पेंट फीके पड़ जाते हैं या उड़ जाते हैं और उनकी खूबसूरती खत्म हो जाती है। एशियन पेंट्स एपेक्स डस्टप्रूफ में किसी घर की बाहरी दीवारों की खूबसूरती को होने वाले नुकसान या क्षति से बचाने के लिये सारी चीजें हैं। पेंट और डेकोर के दिग्गज ब्रांड के इस नए कैम्पेन में समझदारी के साथ घर की इस मुश्किल को सुलझाया गया है। इस विज्ञापन में दिखाया गया है कि कैसे एशियन पेंट्स एपेक्स डस्टप्रूफ इमल्शन किसी भी धूलभरी आंधी से लड़ने और घर की दीवारों को मौसम की सख्त मार से बचाने के लिए एकदम उचित पेंट सॉल्यूशन है। इसे लगाने से घरों को खराब मौसम की स्थितियों से




सुरक्षा मिलेगी, और इसे सालों तक नया और बेदाग बनाए रखेगी। इस टीवी विज्ञापन में एक कपल की शादी की रस्म में उस समय अचानक ही धूलभरी आंधी आती दिखाई देती है जब दुल्हन की एंट्री होती है और फिर कैसे एपेक्स डस्टप्रूफ सबकुछ संभाल लेता है। यह बेहतरीन प्रोडक्ट दीवारों पर धूल को जमने नहीं देता और अपने डस्ट पिक-अप रेजिस्टेंस (डीपीयूआर) की मदद से पेंट को लंबे समय तक बनाए रखता है। एशियन पेंट्स ने हास्य के तड़के के साथ विज्ञापन में प्रोडक?ट की इसी खास बात पर रोशनी डाली है, जो इसे वास्तविक और प्रासंगिक बनाती है। यह वॉटर-बेस्ड एक्सटीरियर वॉल फिनिश 5 साल की परफॉर्मेंस गारंटी भी देता है। इस नए टीवी विज्ञापन के बारे में, अमित सिंगले, एमडी और सीईओ, एशियन पेंट्स लिमिटेड का कहना है, किसी की यही कोशिश रहती है कि उनके घरों की खूबसूरती सारी उम्र बनी रहे। हालांकि, धूल के जमने से घर की बाहरी दीवारें खराब होने लगती है, और उनके रंग फीके पड़ जाते हैं। एशियन पेंट्स एपेक्स डस्टप्रूफ की मदद से ग्राहक अपने घरों की बाहरी दीवारों की खूबसूरती को लंबे समय तक बरकरार रखते हुए, उन्हें धूल के प्रभाव से बचा सकते हैं। इस फिल्म के माध्यम से, एपेक्स डस्टप्रूफ से जुड़ी खासियत को बड़े ही मजाकिया अंदाज में पेश किया गया है।

## अमेजन फैशन पर वार्डरॉब रिफ्रेश सेल 9 से 14 तक

**नयी दिल्ली।** अमेजन फैशन ने अपने सबसे बड़े शॉपिंग इवेंट वार्डरॉब रिफ्रेश सेल के 11वें संस्करण को नौ दिसंबर से 14 दिसंबर तक चलाने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि पसंदीदा फैशन और ब्यूटी ब्रांड्स के विस्तृत चयन पर विशेष डील के साथ यह सेल शुरू की जा रही है। वर्ष 2022 समाप्त होने वाला है, तो ये समय है पुरानी यादों को ताजा करने और संडे ब्रंच, वेडिंग सीजन, हाउस पार्टी या न्यू ईयर ईव को अपने प्रियजन के साथ अपने सबसे फैशनेबल परिधान के साथ जश्न मनाने का। उसने कहा कि ग्राहक शुक्रवार 9 दिसंबर से शुरू होने वाले और 14 दिसंबर 2022 तक चलने वाले पांच दिवसीय शॉपिंग इवेंट के दौरान 50 प्रतिशत से लेकर 80 प्रतिशत तक की छूट हासिल कर सकते हैं।

## पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर, कच्चा तेल 77 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में गिरावट जारी है। कारोबार की शुरूआत में ब्रेंट क्रूड 77 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 72 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। इसके बावजूद सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक शुक्रवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर टिका रहा। मुंबई में पेट्रोल का भाव 106.31 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर है। इसी तरह, कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 92.76 रुपये प्रति लीटर और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। इसके अलावा देश में सबसे सस्ता पेट्रोल पोर्ट ब्लेयर में 84.10 रुपये प्रति लीटर और डीजल 79.74 रुपये प्रति लीटर है। वहीं, सबसे महंगा पेट्रोल राजस्थान के गंगानगर और हनुमानगढ़ में है। गंगाराम में पेट्रोल 113.48 रुपये प्रति लीटर और डीजल 98.24 रुपये प्रति लीटर पर है, जबकि हनुमानगढ़ में पेट्रोल 112.54 रुपये प्रति लीटर और डीजल 97.39 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पांचवें दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 76.73 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 72.02 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। हालांकि, 22 मई के बाद से क्रूड ऑयल सस्ता होने के बावजूद घरेलू बाजार में पेट्रोल-डीजल की कीमतें स्थिर बनी हुई है।

## गुजरात के चुनाव परिणामों से मिला शेयर बाजार को सहारा

# सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक 0.26 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए

- दिनभर की खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक 0.26 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। आज वीकली एक्सपायरी के दिन कारोबार में शॉर्ट कवरिंग नजर आई। निफ्टी के बैंक इंडेक्स ने आज रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचकर क्लोजिंग किया।

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कमजोर वैश्विक संकेतों के बावजूद घरेलू शेयर बाजार को आज गुजरात विधानसभा चुनाव के परिणामों से काफी सहारा मिला। शेयर बाजार ने आज के कारोबार की शुरूआत सपाट स्तर पर मामूली बढ़त के साथ की थी। शुरूआती कारोबार में मामूली कमजोरी भी आई, लेकिन गुजरात विधानसभा चुनाव के रुझान आने के साथ ही शेयर बाजार की स्थिति में भी सुधार होता गया। हालांकि, वैश्विक स्तर पर बने दबाव की वजह से बाजार में बिकवाली का दबाव भी लगातार बनता रहा, लेकिन

सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने दिनभर उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद मामूली मजबूती के साथ ही कारोबार का अंत किया। दिनभर की खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक 0.26 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। आज वीकली एक्सपायरी के दिन कारोबार में शॉर्ट कवरिंग नजर आई। निफ्टी के बैंक इंडेक्स ने आज रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचकर क्लोजिंग किया। वहीं मिडकैप और स्मॉलकैप के शेयरों में भी ओवरऑल खरीदारी का रुख बना रहा। पूरे दिन के कारोबार में बैंकिंग और मेटल सेक्टर के शेयरों में अच्छी खरीदारी होती नजर आई। इसी तरह ऑटोमोबाइल और इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर के शेयरों में भी हल्की बढ़त दर्ज की गई। दूसरी ओर रियल्टी, फार्मास्यूटिकल और आईटी सेक्टर के शेयरों पर ओवरऑल दबाव की स्थिति बनी रही। पूरे दिन हुई खरीद बिक्री के दौरान स्टॉक मार्केट में कुल 1,982 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई।

## प्राकृतिक गैस के दाम बढ़ने से वाणिज्यिक वाहनों में सीएनजी का इस्तेमाल घटा

**नई दिल्ली।** प्राकृतिक गैस की कीमतों में बढ़ोतरी ने चालू वित्त वर्ष में वाणिज्यिक वाहनों में सीएनजी के इस्तेमाल को घटाकर 9-10 प्रतिशत कर दिया है जबकि पहले यह अनुपात 16 प्रतिशत था। इक्रा रेटिंग्स की एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है। रेटिंग एजेंसी की शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर प्राकृतिक गैस की कीमतें बढ़ने से पिछले एक साल में सीएनजी के दाम 70 प्रतिशत तक बढ़ चुके हैं। इसकी वजह से डीजल और सीएनजी के बीच कीमतों का अंतर काफी कम हो गया है जिससे लोग सीएनजी वाहनों की तरफ बढ़ने से परहेज करने लगे हैं। इक्रा रेटिंग्स ने बयान में कहा कि सीएनजी वाहनों के इस्तेमाल से परिचालन लागत में होने वाली बचत इसके दाम बढ़ने से डीजल की तुलना में कुछ खास नहीं रह गई है।

## आरबीआई का रेपो रेट में 0.25 फीसदी का एक और इजाफा संभव : उदय कोटक

नई दिल्ली। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) नीतिगत दर रेपो रेट में 0.25 फीसदी का एक और इजाफा कर सकता है। आरबीआई के रेपो रेट में 0.35 फीसदी की बढ़ोतरी के एक दिन बाद कोटक महिंद्रा बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) उदय कोटक ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक कार्यक्रम में यह बात कही। उदय कोटक ने गुरुवार को यहां आयोजित उद्योग मंडल सीआईआई के वैश्विक आर्थिक नीति सम्मेलन 2022 को संबोधित करते हुए कहा कि आरबीआई नीतिगत दर 0.25 फीसदी का एक और इजाफा कर सकता है। फिलहाल आरबीआई ने रेपो रेट बढ़ाकर 6.25 फीसदी किया है, जो बढ़कर 6.50 फीसदी हो सकता है। कोटक ने कहा कि महंगाई दर को संतोषजनक स्तर की उच्च सीमा छह फीसदी से नीचे लाने के लिए ऐसा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बुधवार को आरबीआई ने संकेत दिया था कि वह चाहता है कि महंगाई दर ऊपरी संतोषजनक सीमा से नीचे हो और फिर चार फीसदी के लक्ष्य की ओर बढ़े। कोटक ने कहा कि मेरी समझ से नीतिगत दर में एक और वृद्धि हो सकती है, लेकिन उस समय यह सोचना होगा कि यह कहां रुकेगा। उन्होंने कहा कि आरबीआई गवर्नर के संकेत से लग रहा है, शायद यह दर बढ़कर 6.50 फीसदी तक होगी, लेकिन हमें आंकड़ों को बहुत करीब से देखना होगा। उल्लेखनीय है कि आरबीआई ने नीतिगत ब्याज दर रेपो रेट में 0.35 फीसदी का इजाफा किया है, जो बढ़कर 6.25 फीसदी हो गया है। रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष में मई से लेकर अब तक रेपो रेट में पाचवीं बार इजाफा किया है।

## पेज एक के शेष

### लोगों की समस्याओं...

है। इस व्यवस्था को पुनः स्थापित करनी है, जिससे आये दिन महिलाओं में खून की कमी, बच्चों में कुपोषण आदि समस्याओं का निदान हो सके। उन्हें पौष्टिक आहार घर में ही मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में लोगों को पशुधन योजना का लाभ दे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत लाभुकों को सब्सिडी पर पशु देने के साथ शेड निर्माण के लिए भी राशि दी जा रही है।

**विधि-व्यवस्था की समीक्षा :** विधि-व्यवस्था की समीक्षा के क्रम में सीएम ने निर्देशित किया कि मामलों का निष्पादन समय सीमा में किया जाये। इसके अलावे यह ध्यान रखें कि पुलिस थानों में भी आम लोगों की समस्याओं का समयबद्ध रूप से निष्पादन हो। उन्होंने कहा कि अवैध बालू एवं पत्थर के खनन के मामले पाये जाने पर सख्ती से कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री ने नगरीय क्षेत्र के थानों के काम-काज पर नाराजगी जतायी और आनेवाले 15 दिनों में सुधार लाने की हिदायत दी गयी एवं पुलिस अधीक्षक को इसका रिव्यू करने का निर्देश दिया।

**इनकी रही उपस्थिति :** इस अवसर पर मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता विभाग मिथिलेश कुमार ठाकुर, मंत्री कृषि विभाग बादल, विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया, पांकी विधायक कुशवाहा डॉ. शशिभूषण मेहता, छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, मनिका विधायक रामचन्द्र सिंह, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव प्रशांत कुमार, सचिव अमिताभ कौशल, डीजीपी, पलामू आयुक्त जटाशंकर चौधरी, पलामू डीआईजी राजकुमार लकड़ा, पलामू उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे, पलामू पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, गढ़वा उपायुक्त रमेश घोलप, गढ़वा पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा सहित पलामू एवं गढ़वा जिले के प्रशासनिक पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### मातृभूमि की रक्षा...

हो। पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश के कैडेट्स की संख्या भले ही सबसे ज्यादा है, लेकिन इसकी तुलना वहां की आबादी के हिसाब से करें तो सेना को जांबाज देने में इस बार भी उत्तराखंड ही प्रथम है। राजस्थान, महाराष्ट्र, पंजाब, बिहार जैसे बड़े राज्य भी उत्तराखंड से बहुत पीछे हैं।

**राज्यवार कैडेट्स की संख्या है :** - उत्तर प्रदेश-51, उत्तराखंड-29, बिहार-24, हरियाणा-30, महाराष्ट्र-21, पंजाब-21, राजस्थान-16, दिल्ली-13, हिमाचल प्रदेश-17, केरल-10, मध्य प्रदेश-15, तेलंगाना-02, जम्मू-कश्मीर-09, नेपाल (भारतीय मूल)-01, बंगाल-08, तमिलनाडु - 07, कर्नाटक-09, ओडिशा-01, आंध्र प्रदेश-04, त्रिपुरा-01, अरुणाचल प्रदेश-01, असम-04, छत्तीसगढ़-04, झारखंड-02, मणिपुर-02, नागालैंड- 01, मिजोरम- 03, लद्दाख- 01, गुजरात-05 और चंडीगढ़-02।

**अन्य देश के भी कैडेट्स प्रशिक्षण लेने आते हैं, इनकी संख्या है : -** भूटान- 13, मालदीव- 3, म्यांमार- 1, नेपाल- 2, श्रीलंका- 4, सूडान- 1, तजाकिस्तान- 2, तंजानिया- 1, तुर्कमेनिस्तान-1, वियतनाम-1 और उज्बेकिस्तान-1

### कंज्यूमर फोरम की...

है। लोगों की शिकायतों का निष्पादन ससमय हो, इसका व्यापक प्रचार होना चाहिए और नियमों के मुताबिक अनुपालन होना चाहिए। इस मौके पर आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर ने कहा कि आज अच्छे कार्य करनेवालों को पुरस्कृत भी किया गया। दंड देना पर्याप्त नहीं कार्यशैली में सुधार करना आयोग का लक्ष्य है। खाद्य सुरक्षा अधिनियम के जितने प्रावधान हैं जनता के अधिकार उन तक मिले इसकी निगरानी करना आयोग की जिम्मेदारी है।

### न्यायिक हिरासत में...

मुताबिक, राजेंद्र दूबे शुक्रवार को ईडी के रांची जोनल कार्यालय पहुंचे तो पूछताछ के दौरान शुरुआत में उन्होंने पंकज मिश्रा से किसी भी तरह के संपर्क होने की बात से इनकार किया। राजेंद्र दूबे ने बताया है कि वह गिरफ्तारी के बाद कभी पंकज मिश्रा से नहीं मिले न ही फोन पर बात की। ऐसे में ईडी के अधिकारियों ने उनके समक्ष कॉल डिटेल्स रखी, जिसके बाद पंकज मिश्रा से बातचीत की बात डीएसपी ने कबूल की। वहीं, ईडी अधिकारियों ने रिम्स के पेईंग वार्ड का सीसीटीवी फुटेज व तस्वीरें भी डीएसपी को दिखायी व पूछा कि वह रिम्स में पंकज मिश्रा से मिलने गये थे या नहीं। जिसके बाद डीएसपी पूछताछ में टूट गये। उन्होंने कबूल किया कि रिम्स में उन्होंने पंकज मिश्रा से मुलाकात की थी। यह मुलाकात 10 अक्टूबर को रिम्स में हुई थी।

**संपत्ति, बैंक खातों के डिटेल्स ईडी ने मांगे :** ईडी ने राजेंद्र दूबे से उनके व उनके आश्रितों की पूरी संपत्ति की जानकारी मांगी है, वहीं बैंक खातों के बारे में पूरी अपडेट मांगी गयी है। बैंक खातों की जानकारी व संपत्ति मिलने के बाद ईडी इस मामले में आगे की कार्रवाई करेगी। ईडी 12 दिसम्बर को साहिबगंज के बरहरवा के पूर्व डीएसपी प्रमोद मिश्रा से पूछताछ करेगी। प्रमोद मिश्रा ने पंकज मिश्रा और आलमगीर आलम को क्लीनचिट देने के मामले में पूछताछ के लिए समन किया गया है।

## एयर इंडिया अपने विमानों के बेड़े में बदलाव के लिए 40 करोड़ डॉलर करेगी निवेश

# बदलाव की यह प्रक्रिया साल 2024 के मध्य तक पूरी होने की उम्मीद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टाटा समूह की अगुवाई वाली निजी क्षेत्र की एयरलाइंस कंपनी एयर इंडिया 40 करोड़ डॉलर का निवेश करके अपने विमानन बेड़े में बदलाव लाएगी। कंपनी को बदलाव की यह प्रक्रिया साल 2024 के मध्य तक पूरी होने की उम्मीद है। कंपनी में इन दिनों कई बदलाव देखने को मिल रहे हैं। एयर इंडिया के विमान समय से उड़ान भरने के साथ ही क्रेबिन क्रू सदस्य कस्टमर फ्रेंडली होने लगे हैं। अब कंपनी की योजना अपने पुराने बेड़े को नया बनाने की है। एयर इंडिया ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा कि उसकी योजना 40 करोड़ डॉलर का निवेश करके अपने 27 बोइंग बी787-8 विमानों और 13 बी777 विमानों के

बेड़ों को नया जैसा बनाने की है। कंपनी को उम्मीद है कि बदलाव की यह प्रक्रिया साल 2024 के मध्य तक पूरी हो जाएगी। कंपनी के मुताबिक इस योजना के तहत केबिन के मौजूदा इंटीरियर को पूरी तरह से बदल दिया जाएगा, जबकि सभी श्रेणियों में नए किस्म की सीट और विमान के अंदर मनोरंजन की सबसे अच्छी व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा कंपनी अपने दोनों बेड़ों में महंगे एवं सुविधाजनक इकोनॉमी केबिन की शुरूआत के साथ बी777 में प्रथम श्रेणी का केबिन बहाल करेगी। टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी टैलेस प्राइवेट लिमिटेड ने 8 अक्टूबर, 2021 को कर्ज तले दबी एयर इंडिया का अधिग्रहण की बोली 18 हजार करोड़ रुपये में जीत ली थी। टाटा समूह को एयर इंडिया की कमान जनवरी, 2022 में मिल गई है। इसके बाद इसमें निरंतर बदलाव देखने को मिल रहे हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## न्यूज गैलरी

### सोनिया गांधी के जन्मदिन पर पीएम सहित कई नेताओं ने दीं शुभकामनाएं

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया 09 दिसम्बर को 76 वर्ष की हो गयीं हैं। इस अवसर पर पीएम मोदी ने शुभकामनाएं दीं। साथ ही कांग्रेस के दिग्गज नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सोनिया गांधी का जन्मदिन उत्साह पूर्वक मनाया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित कांग्रेस के कई दिग्गज नेताओं ने सोनिया गांधी को जन्मदिन की बधाई दी है। ऐसी सूचना है कि, सोनिया गांधी राजस्थान के सवाई माधोपुर के रणथंभौर के शेरगढ़ रिसॉर्ट में मनायेंगी। सोनिया गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के राजस्थान के कोटा में भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने की संभावना है। सोनिया गांधी को जन्मदिन की बधाई देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर कहा, सोनिया गांधी जी को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं। उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना करता हूं। वहीं, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी सोनिया गांधी को जन्मदिन की बधाई देते हुए ट्वीट कर कहा कि रायबरेली (उत्तर प्रदेश) से लोकसभा सांसद सोनिया गांधी जी को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करता हूं।

### बदल गया केसीआर की पार्टी टीआरएस का नाम

**हैदराबाद (एजेंसी)।** चुनाव आयोग (ईसीआई) ने गुरुवार को तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) का नाम बदलकर भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) करना औपचारिक रुप से स्वीकार कर लिया। आयोग सचिवालय के वरिष्ठ प्रधान सचिव केएन भर ने टीआरएस अध्यक्ष और मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव को लिखे पत्र में टीआरएस महासचिव जे संतोष कुमार के 05 अक्टूबर, 2022 के पत्र का जिक्र करते हुए कहा कि आयोग ने पार्टी का नाम तेलंगाना राष्ट्र समिति से बदलकर भारत राष्ट्र समिति करने के आग्रह को स्वीकार कर लिया है। केसीआर ने कहा कि इस संबंध में आवश्यक अधिसूचना यथासमय जारी की जाएगी। केसीआर ने पार्टी नेताओं को शुक्रवार को दोपहर एक बजकर 20 मिनट पर औपचारिक रुप से पार्टी का नाम बदलकर बीआरएस करने के लिए आयोजित समारोह के लिए व्यवस्थाएं करने का निर्देश दिया। इससे पहले टीआरएस ने चुनाव आयोग को तेलंगाना भवन में पांच अक्टूबर को आयोजित आम सभा की बैठक में राष्ट्रीय पार्टी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) शुरू करने के बारे में अवगत कराया था। इसके लिए बैठक में पार्टी संविधान में आवश्यक संशोधन भी किए गए। टीआरएस की स्थापना 27 अप्रैल, 2001 को के. चंदशेखर राव द्वारा की गई थी। अब पार्टी का नाम बदलकर भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) कर दिया गया है।

# न्यूक्लियर प्लांट के लिए बनेगा सिक्योरिटी सिस्टम

## राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री बोले- साइबर अटैक से बचने के लिए की जायेगी निगरानी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** साइबर अटैक से देश के न्यूक्लियर पावर प्लांट सिस्टम्स (परमाणु ऊर्जा) को बचाने के लिए सिक्योरिटी सिस्टम बनेंगे। इसकी जानकारी केंद्रय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने राज्यसभा में दी। सिंह ने कहा कि इसमें अथॉरिटी, एक्सेस कंट्रोल, स्ट्रिक्ट कंट्रोल और हर सिस्टम की निगरानी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि न्यूक्लियर पावर प्लांट सिस्टम इंटरनेट से अलग हैं और न ही इसकी पहुंच प्रशासनिक नेटवर्क तक है। हालांकि, अब न्यूक्लियर पावर प्लांट्स के लिए प्रशासनिक नेटवर्क को भी मजबूत किया जायेगा। इसके लिए कई योजना बनायी गयी हैं। इनमें इंटरनेट और प्रशासनिक इंट्रानेट कनेक्टिविटी को सख्त करना, रिमूवेबल मीडिया पर बैन लगाना, वेबसाइट्स और आईपी को ब्लॉक करना जैसी गतिविधियां शामिल हैं।

**कुडनकुलम न्यूक्लियर पावर प्लांट पर साइबर अटैक :** सिंह ने सितम्बर 2019 में कुडनकुलम न्यूक्लियर पावर प्लांट के साइबर अटैक का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि इसकी जांच कंप्यूटर एंड इन्फॉर्मेशन सिक्योरिटी एडवाइजरी ग्रुप और इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम जैसी नेशनल एजेंसियां ने की है।

**ये सिक्योरिटी सिस्टम्स होंगे लागू :** नेशनल एजेंसियां की सिफारिशों के आधार पर इंट्रानेट और इंटरनेट एक्सेस का फिजिकल सेपरेशन, इंटरनेट इस्तेमाल के लिए सिक्योर वर्चुअल ब्राउजिंग टर्मिनल, सिक्योर डेटा ट्रांसफर नियम, नए वेब एप्लिकेशन पोस्ट करने से पहले इंडिपेंडेंट सेक्योरिटी या एलएएन में परिवर्तन शामिल हैं। इंफ्रास्ट्रक्चरल आर्किटेक्चर, इंफोर्मेशन सेक्योरिटी पोस्चर की निगरानी के लिए एक टास्क फोर्स का गठन किया गया है।

### 2019 में न्यूक्लियर प्लांट पर हुआ था साइबर अटैक

**तमिलनाडु** के कुडनकुलम न्यूक्लियर प्लांट पर साइबर अटैक हुआ था। न्यूक्लियर पावर कॉपोर्रेशन ऑफ इंडिया ने एक दिन पहले ऐसी किसी घटना से इनकार किया था। हालांकि, एक दिन बाद ही उसने मान लिया कि प्लांट के कंट्रोल सिस्टम में लगे कम्प्यूटरों पर वायरस से हमला किया गया था। दावा किया गया था कि इससे सिस्टम पर कोई असर नहीं पड़ा और रिएक्टर पूरी तरह सेफ है। यह मामला चार सितत्बर 2019 को सामने आया था। इसके बाद कम्प्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम को इसकी जानकारी दी गयी थी। न्यूक्लियर पावर डिपार्टमेंट के स्पेशलिस्ट ने भी तत्काल इसकी जांच की थी। इसमें पाया गया था कि इंस्टिट्यूट के एक यूजर के सिस्टम में वायरस था और वह सिस्टम इंटरनेट नेटवर्क से जुड़ा था। अधिकारियों ने बताया था कि यह सिस्टम इंस्टिट्यूट के इंटरनल नेटवर्क से अलग था।

## भारत के टेस्ट में राफेल के आगे फेल रहा है अमेरिकी एफ-18

- भारतीय नौसेना ने अमेरिका के एफ-18 की जगह राफेल को चुना
- दोनों ही जेट्स पहले ही एडवांस्ड एयरक्राफ्ट कैरियर्स पर हैं तैनात

**पेरिस (एजेंसी)।** फ्रांस और भारत के रिश्ते एक डील के बाद नई दिशा की तरफ बढ़ते हुए नजर आ रहे हैं। पहले भारतीय वायुसेना ने अपनी नई स्क्वाड्रन के लिए राफेल को चुना था तो अब नौसेना ने भी राफेल को तरजीह दी है। नौसेना ने कई अरब डॉलर के साथ 26 राफेल एम की डील फ्रांस के साथ की है। दिलचस्प बात है कि इस डील के लिए उसने अमेरिकी जेट एफ/ए-18 सुपर हॉर्नेट को रिजेक्ट किया है। नौसेना की तरफ से इस साल की शुरूआत में दोनों जेट्स का ट्रायल किया गया था। इस ट्रायल की एक विस्तृत रिपोर्ट भारत के रक्षा मंत्रालय को सौंप दी गई है। दोनों फाइटर जेट्स को गोवा स्थित नौसेना के बेस आईएनएस हंसा पर टेस्ट किया गया था। जानिए कि आखिर राफेल एम में ऐसी क्या खास बात है जो अमेरिका का जेट भी उसके आगे फीका पड़ गया।

**फ्रांस के पास कितने :** सूत्रों की मानें तो दसॉल्ट एविएशन के राफेल एम ने इस रेस में बाजी मारी है। नौसेना का मानना है कि राफेल उसकी जरूरतों को कई ज्यादा बेहतरी से पूरा कर सकता है।

## भारत न केवल अमेरिका का एक सहयोगी, बल्कि एक बड़ी ताकत बनकर उभरेगा : व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** व्हाइट हाउस के शीर्ष अधिकारी कर्ट कैंपबेल ने कहा कि भारत न केवल अमेरिका का एक सहयोगी, बल्कि एक बड़ी ताकत बनकर उभरेगा। उन्होंने कहा कि पिछले 20 वर्षों में भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय संबंध जितनी तेजी से मजबूत एवं गहरे हुए हैं, वैसा किसी भी अन्य द्विपक्षीय संबंध के साथ नहीं हुआ। ऐस्पन सिक्योरिटी फोरम की यहां आयोजित एक बैठक में भारत के संदर्भ में किए एक सवाल के जवाब में व्हाइट

हाउस के एशिया मामलों के समन्वयक कैंपबेल ने कहा कि उनका मानना है कि 21वीं सदी में भारत के साथ द्विपक्षीय संबंध अमेरिका के लिए सबसे महत्वपूर्ण हैं। व्हाइट हाउस के शीर्ष अधिकारी ने कहा, यह एक तथ्य है कि मैंने पिछले 20 साल में अमेरिका और भारत जैसे कोई द्विपक्षीय संबंध नहीं देखे जो इतनी तेजी से गहरे एवं मजबूत हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका को अपनी क्षमता का और इस्तेमाल करने की जरूरत है और प्रौद्योगिकी व अन्य मुद्दों पर एक साथ काम करते हुए लोगों के बीच आपसी संपर्क कायम करने की आवश्यकता है। कैंपबेल ने कहा, भारत केवल अमेरिका का एक सहयोगी नहीं होगा।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राज प्रज्ञेश्वर महादेव मंदिर में किया रुद्राभिषेक

**देहरादून (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को उत्तराखंड प्रवास के दूसरे दिन प्रातः राजभवन स्थित राज प्रज्ञेश्वर महादेव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ रुद्राभिषेक किया। इसके बाद राष्ट्रपति ने राजभवन स्थित नक्षत्र वाटिका का उद्घाटन किया। इस दौरान राज्यपाल लेफ्टिनेंट जरनल गुरमीत सिंह (से.नि.) एवं प्रथम महिला गुरमीत कौर समेत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मौजूद रहे।

### भारत संग रिश्तों पर पाकिस्तान ने दिखाई आंख तो तालिबान ने निकाला तोड़

## चाबहार पोर्ट के इस्तेमाल को दी मंजूरी

**काबुल (एजेंसी)।** अफगानिस्तान और भारत के बीच रिश्तों पर लगातार आंखें दिखा रहे पाकिस्तान को तालिबानी सरकार बड़ा झटका देने जा रही है। तालिबान सरकार ने व्यापार के लिए ईरान में भारत के बनाए चाबहार पोर्ट के इस्तेमाल का समर्थन किया है। यही नहीं तालिबानी सरकार ने यह भी कहा है कि वह इस दिशा में सभी 'सुविधाएं' देने के लिए तैयार है।

- तालिबान ने व्यापार के लिए ईरान में भारत के बनाये चाबहार पोर्ट के इस्तेमाल का किया समर्थन

तालिबानी विदेश मंत्रालय ने चाबहार पोर्ट को उत्तर-दक्षिण अंतरराष्ट्रीय ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर में शामिल किए जाने का 'स्वागत' किया है। तालिबान का यह बयान राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के मध्य एशियाई देशों के साथ अहम बैठक से ठीक पहले आया है। उत्तर दक्षिण अंतर्राष्ट्रीय ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई को रूस की राजधानी मॉस्को से जोड़ता है और यह ईरान तथा अजरबैजान से होकर जाता है। वियॉन न्यूज के मुताबिक तालिबानी बयान में कहा गया है कि वह इस संबंध में सभी जरूरी सुरक्षा और सुविधाएं देने के लिए तैयार है। भारत ईरान के चाहबहार में बंदरगाह का पहला चरण विकसित कर रहा है ताकि उसके जरिए खासकर जमीन से चारों ओर से घिरे मध्य एशिया के देशों से संपर्क जोड़ा जा सके। भारत ने 8.5 करोड़ डॉलर का निवेश कर रहा है।

### पाकिस्तान ने भारत के गेहूं को भेजने पर किया था नाटक

**भारत** ने हाल ही में चाबहार पोर्ट के लिए 6 मोबाइल हार्बर क्रेन दिए हैं जिनकी क्षमता 140 टन से लेकर 100 टन तक है। इसके अलावा 2.5 करोड़ डॉलर के अन्य उपकरण भी दिए गए हैं। इस बंदरगाह का पहले भी इस्तेमाल अफगानिस्तान को मानवीय मदद भेजने के लिए किया जा चुका है। साल 2020 में भारत ने चाबहार पोर्ट के जरिए 75 हजार मिट्रिक टन गेहूं मानवीय मदद के रूप में अफगानिस्तान को भेजा था। इससे पहले पाकिस्तान ने अपनी जमीनी सीमा से भारत के अफगानिस्तान को गेहूं को भेजने पर बहुत नाटक किया था। हालांकि तालिबान के दबाव में आकर उसे यह मंजूरी देनी पड़ी थी। दिसंबर 2018 में भारतीय कंपनी इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड ने पूरे पोर्ट का कार्यभार संभाल लिया था। चाबहार पोर्ट 215 मालवाहक जहाजों और 40 लाख टन सामान को एक जगह से दूसरी जगह पर भेजा जा चुका है। तालिबान ने चाबहार पोर्ट पर यह बयान ऐसे समय पर दिया है जब चाहता है कि अफगानिस्तान के आधारभूत ढांचे के पुनर्निर्माण के लिए भारतीय निवेश फिर से शुरू हो सके।

## कर्नाटक के कॉलेज में चार छात्राओं ने बुर्का पहन किया डांस, सस्पेंड

**मंगलुरु (एजेंसी)।** एक अधिकारी ने कहा कि कर्नाटक के एक कॉलेज के चार छात्रों को उनके 'बुर्का' में नृत्य करने के लिए निलंबित कर दिया गया था। कॉलेज के एक कार्यक्रम में उनके प्रदर्शन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मंगलुरु कॉलेज प्रशासन ने कार्रवाई की। एक बॉलीवुड गाने पर डांस कर रहे चार छात्रों ने सिर से पांव तक लंबे, ढीले कपड़े पहने हुए थे, जिसके बाद हंगामा शुरू हो गया। सेंट जोसेफ इंजीनियरिंग कॉलेज, मंगलुरु ने अपने आधिकारिक हैंडल से ट्वीट किया - सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो क्लिप में मुस्लिम समुदाय के छात्रों द्वारा नृत्य का एक हिस्सा लिया गया है, जो अनौपचारिक भाग के दौरान मंच पर आ गए थे। यह स्वीकृत कार्यक्रम का हिस्सा नहीं था और इसमें शामिल छात्रों को लंबित जांच के लिए निलंबित कर दिया गया है। कॉलेज ऐसी किसी भी गतिविधि का समर्थन या समर्थन नहीं करता है जो समुदायों और सभी के बीच सद्भाव को नुकसान पहुंचा सकती है। प्रभारी प्राचार्य सुधीर एम ने भी इस पर मीडिया को बयान जारी किया।

## तुर्की में मिली दुनिया की सबसे पुरानी कथा नक्काशी

**अंकारा (एजेंसी)।** तुर्की में दुनिया की सबसे पुरानी कथा नक्काशी खोजी गई है। यह नक्काशी इमारत के पत्थरों को काटकर की गई है। पुरातत्वविदों के अनुसार, यह नक्काशी करीब 11 हजार साल पुरानी है। इसमें तेंदुए जैसे खतरनाक जानवरों और दो

- लगभग 11 हजार साल पुरानी है पत्थरों पर उकेरी गयी कथा नक्काश
- पशुओं के दांतों और सींगों को खासतौर पर दिखाया गया

पुरुषों को दिखाया गया है। इनमें से एक ने अपना लिंग पकड़ा हुआ है। यह खोज दक्षिण पूर्वी तुर्की के उरफा क्षेत्र में की गई है। पुरातत्वविदों ने नवपाषाण युग के एक इमारत के अंदर बने बेंचों पर इन विचित्र नक्काशियों की खोज की है। यह नक्काशी लगभग 2.5 से 3 फीट चौड़ा और 12 फीट (3.7 मीटर) लंबा है। इस रॉक कट में दो तेंदुए, एक बैल और दो आदमियों को दिखाया गया है।

**पशुओं के दांतों और सींगों को खासतौर पर दिखाया गया :** एंटीक्विटी मैगजीन में प्रकाशित शोध के अनुसार, पुरातत्वविदों ने कहा कि जिसने भी इन वन्यजीवों को तराशा, उनके खतरनाक और नुकीले हिस्सों पर ज्यादा जोर दिया है। इनमें तेंदुओं के दांत और बैलों के सींगों को प्रमुखता से दिखाया गया है। उनका दावा है कि ये सब वास्तव में उस कथा को बताने के लिए थी, जो समय के साथ खो गई है। पत्थर पर बनी इस आकृति की दूरी यूफ्रेट्स नदी के लगभग 35 मील (56 किलोमीटर) पूर्व और सीरियाई सीमा के 20 मील (32 किमी) उत्तर में एक नवपाषाण टीला स्थल, सायबर्क में मिली है। सायबर्क नौवीं सदी इसा पूर्व की बताई जाती है। उस समय शिकारी इंसानों ने खेती शुरू की और बस्तियों में रहने लगे थे।

### 2021 में शुरू हुआ था उत्खनन

**इस** साइट पर उत्खनन 2021 में शुरू हुआ और 36 फीट (11 मीटर) के व्यास वाले इलाके में सीमित हो गया। पुरातत्वविदों को इस इलाके में नवपाषाण युग की एक इमारत मिली थी। उस इमारत की पत्थर की बनी दीवारों और फर्श से जुड़ी बेंचों को चूना-पत्थर की आधारशिला पर उकेरा गया था। इस्तांबुल विश्वविद्यालय के एक पुरातत्वविद् और अध्ययन के एकमात्र लेखक आइलम ओजडोगन के अनुसार, कलाकृति नक्काशीदार बेंचों में से एक के सामने पाई गई थी। ओजडोगन के शोध के अनुसार, इस जगह पर दो

अलग-अलग नक्काशियां हैं जिन्हें एक साथ मिलाकर ही पढ़ा जाना है।